Page 11



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 10



औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन, एटीपी 100 चैलेंजर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

देश


हिमाचल के पानी पर हरियाणा का पहरा, अतिशी के आरोप पर बीजेपी का पलटवार

शुक्ल पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 09 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 179 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹71, 670 | ₹91,500 |

## आज का इतिहास

- **1949 : भारतीय पुलिस सेवा में सम्मिलित होने वाली प्रथम महिला अधिकारी डॉ॰ किरण बेदी का जन्म हुआ था।**
- **1964 : लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने।**

## न्यूज बाइट्स

### एमबीबीएस की टॉपर मीसा भारती राजनीति में भी बनी टॉपर

**पटना (नि. सं.)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की बड़ी पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने पाटलिपुत्र संसदीय सीट से जीत दर्ज कर न सिर्फ अपने पिता के सपनों को पूरा किया, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस जीत के साथ ही वह अब एमबीबीएस के बाद राजनीति की परीक्षा में भी टॉपर बन गयी हैं। वर्ष 2009 में पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर पहली बार चुनाव हुए। पाटलिपुत्र के पहले चुनावी अखाड़े में एक ओर जहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव थे, वहीं दूसरी ओर श्री यादव के पुराने साथी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता रंजन प्रसाद यादव। जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने लालू प्रसाद को पटखनी देकर सबको हैरान कर दिया। रंजन प्रसाद यादव ने लालू प्रसाद यादव को 23 हजार 541 वोट से हराया और उनके राजनीतिक कद पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया।वर्ष 2013 में चारा घोटाले मामले में सजा सुनाए जाने के बाद 2014 से लालू के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लग गया।

### विश्वस्तरीय ट्रेनिंग लेकर पास आउट हुए 118 ऑफिसर

**गया (नि. सं.)।** ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी से इस बार 118 अफसर पास आउट हुए। पास आउट होने वाले अफसरों ने शानदार परेड की प्रस्तुति दी। उनके सधे कदम बता रहे थे कि किसी भी परिस्थिति में दुश्मन उन्हें डिगा नहीं सकते। इस मौके पर 118 अफसरों के परेड की सलामी उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ली। उप सेना ने परेड का बारिकी से निरीक्षण भी किया। 3 वर्षों की ट्रेनिंग सफलता पूर्वक पास करने के बाद भारतीय सेना का हिस्सा बनने का शनिवार को उनका सपना पूरा हुआ।

### हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने ली शपथ

**पटना (नि. सं.)।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर पटना हाईकोर्ट आए न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शनिवार को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीशगण, सरकार के वरीय अधिकारी तथा नये जज के परिवार के सदस्यों के अलावा हाईकोर्ट के कई वकील उपस्थित थे। न्यायमूर्ति चंदेल न्यायिक सेवा से 27 जून 2017 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज बने थे। वह 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। पटना हाईकोर्ट में इनकी वरीयता न्यायमूर्ति मोहित कुमार शाह के बाद और न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी के पहले है।

सुरक्षा में पैरामिलिट्री की 5 कंपनियां तैनात, 500 सीसीटीवी से निगरानी

# आज नरेन्द्र मोदी लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ, तैयारियां पूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी आज की शाम 7.15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी के साथ एनडीए के 14 सहयोगी दलों के 18 सांसद भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इनमें 7 कैबिनेट और बाकी 11 स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकते हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है 3 दर्जन से अधिक सांसद मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। टीडीपी और जेडयू से 2-2 और शिवसेना से एक कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा एनसीपी, एलजेपी और जेडीएस के कोटे से कैबिनेट मंत्री शपथ ले सकते हैं। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया कि नीतीश कुमार को इंडिया ब्लॉक से पीएम बनाने का ऑफर मिला था। मगर उन्होंने ठुकरा दिया क्योंकि अब पीछे देखने का सवाल ही नहीं है। उधर अमित शाह और जेपी नड्डा मोदी आवास पहुंचे। यहां मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा हो सकती है। टीडीपी के एक सांसद ने बताया कि किस दल से कितने मंत्री बनाए जाएंगे, इसका फॉर्मूला पहले ही तय किया जा चुका है। इसको लेकर सार्वजनिक रूप से किसी तरह की चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। सभी इस बात पर सहमत हैं कि पीएम जिसे जो जिम्मेदारी देंगे, वे उसे निभाएंगे। जेडीयू सांसद लवली आनंद ने रेलवे मंत्रालय के सवाल पर कहा कि बिल्कुल (जदयू को) मिलना चाहिए। पहले भी ऐसा ही था। जदयू सांसदों ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की भी बात फिर दोहराई है।

इससे पहले नरेंद्र मोदी को 7 जून को लगातार तीसरी बार एनडीए का नेता चुना गया। पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए के सभी 293 लोकसभा सांसदों, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम की मौजूदगी में सुबह 11 बजे इस पर मुहर लगाई गई।

इसके बाद एनडीए ने दोपहर 3 बजे सरकार बनाने का दावा पेश किया। गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का पत्र सौंपा। फिर शाम 6 बजे मोदी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। बैठक के बाद मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर भेंट की। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, एनडीए ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जेडीयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।



### तीन घेरे में होगी सुरक्षा की व्यवस्था

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सुरक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि आयोजन राष्ट्रपति भवन के अंदर होना है, इसलिए परिसर के अंदर और बाहर तीन-स्तरीय सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि 'बाहरी घेरे' पर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहेंगे, उसके बाद अर्धसैनिक बल के जवान और 'भीतरी घेरे' में राष्ट्रपति भवन की आंतरिक सुरक्षा के जवान तैनात रहेंगे। वहीं विदेशी मेहमान जिन रास्तों से गुजरेंगे उन पर स्नाइपर और सशस्त्र पुलिसकर्मियों के तैनात किया जाएगा। इसके अलावा सभी इलाकों की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह के देखते हुए हुए कई रुटों में भी बदलाव किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण समारोह में सात पड़ोसी देशों को निमंत्रण

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के पड़ोस के सात देशों के नेताओं को निमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और सागर विज़न की दृष्टि से नेपाल, भूटान, बंगलादेश, श्रीलंका, मालदीव, सेशेल्स और मॉरीशस के नेताओं को रविवार शाम सात बजे राष्ट्रपति भवन में श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के निमंत्रण पत्र भेजा गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे, बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### दिल्ली में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम

दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां, एनएसजी कमांडो, ड्रोन और 'स्नाइपर' को तैनात किया जाएगा। 500 सीसीटीवी से निगरानी रखी जायेगी। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में नौ और 10 जून यानी दो दिन तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए दिल्ली के हवाई क्षेत्र में उड़ान निषेध लागू रहेगा।

# कांग्रेस संसदीय दल की नेता चुनी गईं सोनिया गांधी, प्रस्ताव पर लगी मुहर

- राजधानी दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद के सेंट्रल हॉल में शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल की नेता चुन लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा था, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इस बैठक में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी सांसद राहुल गांधी, प्रमोद तिवारी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इससे पहले शनिवार को ही राजधानी दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के भविष्य की रणनीति तय करने के लिए लोकसभा चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद के लिए सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। पार्टी सांसद गौरव गोगोई, तारिक अनवर, के सुधाकरन ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सोनिया गांधी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुना गया। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि सोनिया गांधी को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का अध्यक्ष चुना गया है।



### राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की मांग

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सीडब्ल्यूसी बैठक में यह संकेत भी मिला है कि राहुल वायनाड सीट छोड़कर रायबरेली सीट अपने पास रखेंगे। लोकसभा में पिछले 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली है। 2014 में कांग्रेस को 44 सीटें और 2019 में 52 सीटें मिली थीं। भाजपा के बाद सबसे ज्यादा सीटें कांग्रेस को मिली थीं। फिर भी कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी नहीं मिली थी। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए किसी भी पार्टी के पास लोकसभा की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटें होना चाहिए। यानी 543 सीटों में से कांग्रेस को इसके लिए 54 सांसदों की जरूरत होती है। कांग्रेस ने इस बार अपने दम पर 99 सीटें हासिल की हैं। 2014 में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी उस वक्त पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने नेता प्रतिपक्ष का दर्जा देने से इनकार कर दिया था। पिछली लोकसभा में कांग्रेस का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा, लेकिन तब भी 54 सीटें नहीं हुईं। अधीर रंजन चौधरी कांग्रेस के नेता बनाए गए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष तब भी कोई नहीं हो सका।

## गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, 13 से 15 जून के बीच होगी मानसून की एंट्री



**पटना (नि.सं.)।** राजधानी पटना समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में गर्म पछुआ हवा चल रही है। इस वजह से अगले तीन से चार दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 31 जिलों में हॉट डे रहने की संभावना जताई है। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिनों तक पटना सहित मध्य और दक्षिणी बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दूसरी तरफ बिहार में मानसून 13 से 15 जून के बीच दस्तक दे सकता है। 9 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

## आम, पपीता, नारियल और केले की खेती पर निःशुल्क पौधों के साथ मिलेगा अनुदान

निज संवाददाता | पटना

जिले में उद्यानिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि विभाग उद्यान निदेशालय इसे लेकर किसानों के लिए अच्छी योजनाएं लाया है। किसान आम, पपीता, नारियल, केला, आंवला, सेब बेर, नीबू, अमरूद की खेती करेंगे तो निःशुल्क पौधे के साथ 50 से 75 फीसदी तक अनुदान भी मिलेगा। योजनाओं के लाभ के लिए उद्यान निदेशालय की वेबसाइट पर आवेदन की प्रकिया शुरू है। किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लाभ मिलेगा। उद्यान पदाधिकारी किसानों के बीच कैंप लगाकर योजनाओं का लाभ देंगे।

20 हेक्टेयर में होगी आम की खेती : आम विकास योजना के तहत 20 हेक्टेयर में आम की खेती का लक्ष्य रखा गया है, इसमें प्रति हेक्टेयर लागत 60 हजार रुपए है। किसानों को इसमें 50 फीसदी अनुदान मिलेगा। मांग अनुरूप पौधे भी इसके साथ किसानों को मिलेंगे। पपीता विकास योजना के तहत पपीते की खेती का 8 हेक्टेयर लक्ष्य रखा गया है। किसानों को रेड लेडी प्रजाति की पपीते के पौधे मिलेंगे। यह पांच महीने में फल देना शुरू कर देता। एक पौधे में 20 से 25 किलो पपीता निकलता है। यह खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। स्थानीय बाजारों में इसकी मांग खूब हो रही है। इसमें 75 फीसदी अनुदान किसानों को मिलेगा। एक हेक्टेयर में किसान 2500 पौधे लगा सकते हैं। नारियल विकास योजना के तहत 800 पौधे वितरण किए जाएंगे। 85 रुपये प्रति पौधे लागत है, इसमें किसानों को 75 फीसदी अनुदानित दर पर पौधे मिलेंगे। प्रति हेक्टेयर 178 पौधे किसान लगा सकते हैं। केला जी-9 की खेती 40 हेक्टेयर में करने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें किसानों को 50 फीसदी अनुदान मिलेगा। बिहार की मिट्टी के लिए जी-9 प्रजाति के केला सबसे बेहतर माना जा रहा है।

सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षकों की काउंसिलिंग की तैयारी

## अगले माह 1,87,615 नियोजित शिक्षक बनेंगे राज्यकर्मी

- सॉफ्टवेयर से होगा सक्षमता परीक्षा में सफल शिक्षकों के विद्यालय आवंटन
- रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया से होगा चयनित जिले में आवंटन



निज संवाददाता | पटना

बिहार में सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले 1 लाख 87 हजार 615 नियोजित शिक्षकों के पदस्थापन हेतु शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग की तैयारी की जा रही है। काउंसिलिंग जून के अंत होगा। जुलाई में शिक्षकों के पदस्थापन के लिए चयनित जिले में विद्यालय आवंटन सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडमाइजेशन से होगा। विद्यालय आवंटन के पहले सभी संबंधित शिक्षकों की काउंसिलिंग राज्य मुख्यालय में होगी। फिलहाल, काउंसिलिंग में शिक्षकों के उन सभी प्रमाण-पत्रों एवं कागजात का सत्यापन होगा, जो सक्षमता परीक्षा के आनलाइन फार्म भरते समय दिए गए थे। काउंसिलिंग का शिड्यूल जल्द जारी होगा। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, सक्षमता परीक्षा में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के 5 हजार 313, नौवीं-दसवीं के 20 हजार 354, छठी-आठवीं के 22 हजार 941 और पहली से पांचवीं कक्षा के 1 लाख 39 हजार 10 शिक्षक सफल हुए हैं। ये सभी विशिष्ट अध्यापक बनने वाले हैं। इन शिक्षकों से सक्षमता परीक्षा का फार्म भरते वक्त ही तीन जिलों के विकल्प लिए गए थे। शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा में प्राप्त अंक एवं आरक्षण के आधार पर जिला आवंटित किया गया है।

आवंटित विद्यालय में योगदान की तिथि से संबंधित शिक्षकों का पदनाम बदल कर विशिष्ट अध्यापक का हो जाएगा। इसके साथ ही योगदान की तिथि से ही इन्हें राज्यकर्मी का दर्जा भी मिल जाएगा। सक्षमता परीक्षा में सफल शिक्षकों के विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया वही होगी, जो बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के आधार पर विद्यालय अध्यापक के पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के विद्यालय आवंटन के लिए अपनायी गई थी।

## बिहार में ही हो मखाना की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की व्यवस्था : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना



राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर अंतर्गत भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णियां में मखाना-जलकृषि के साथ जल जमाव पारिस्थितिकी तंत्र का उपयोग, चुनौतियां एवं रणनीतियां विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में राजभवन, पटना से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मखाना उत्पादन के क्षेत्र में किये जा रहे अनुसंधान का लाभ कृषकों को मिलना चाहिए ताकि उत्पादकता में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि विश्व में मखाना का 90ः उत्पादन बिहार में होता है। भारत ही नहीं, पूरे विश्व में बिहार के मखाना की मांग है। इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं जिससे कृषकों को अवगत कराया जाना चाहिए। उन्होंने बिहार के मखाना को जी॰आई॰ टैग मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इसके प्रचार-प्रसार के साथ इसके पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की व्यवस्था हेतु सटीक योजना होनी चाहिए। बिहार में मखाना के प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु भी सरकार को प्रयत्न करना चाहिए। इससे किसानों की आय बढ़ेगी तथा बिहार की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। राज्यपाल ने जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में मखाना की उत्पादकता को बढ़ाने हेतु जरूरी उपाय करने को कहा। इस अवसर पर राज्यपाल ने भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय, पूर्णियां में नवनिर्मित सभागार का वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये उद्घाटन किया।

## पुलिस ने किया नकली कीटनाशक व हार्पिक बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड

**पूर्णिया (नि.सं.)।** व्यवसायिक मंडी बिरौली बाजार में शुक्रवार को बायर कंपनी की नकली कीटनाशक दवा बनाने के साथ-साथ शौचालय सफाई के लिए नकली हार्पिक बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। मौके पर कंपनी के प्रतिनिधि कृषि पदाधिकारियों एवं पुलिस के साथ दुकान में छापामारी कर कीटनाशक दवा के साथ-साथ हार्पिक के डब्बे एवं केमिकल सहित पाउच को बरामद किया गया है। इसको लेकर बायर कंपनी के प्रतिनिधि रंजीत कुमार सिंह ने थाना में मामला दर्ज कराया है।

## नक्सल प्रभावित जंगल में मिनीगन फैक्ट्री का खुलासा, दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर के टेटियाबंबर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित डंगरा पहाड़ी जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। जहां से निर्मित देशी कट्टा, मैगजीन, बैरल, जिंदा कारतूस, खोखा सहित अर्धनिर्मित पिस्टल व हथियार बनाने का उपकरण पुलिस ने बरामद किया। जबकि दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया और दो तस्कर पहाड़ और जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार तस्करों के खिलाफ टेटियाबंबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि सूचना मिली थी कि टेटियाबंबर थाना क्षेत्र के डंगरा के समीप पहाड़ी जंगल में बड़े पैमाने पर हथियार का निर्माण किया जा रहा है। खड़गपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसने शुक्रवार की देर शाम जंगल में छापेमारी की। पुलिस ने इस दौरान तीन मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। 3 देशी कट्टा, 3 बेस मशीन, 13 बैरल, 1 जिंदा कारतूस, 1 मिस फायर कारतूस, 3 खोखा, 1 ड्रील मशीन, एक मैगजीन, 3 हथियार का बॉडी सहित भारी मात्रा में हथियार बनाने का उपकरण बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर से दो कारोबारी को गिरफ्तार किया। जिसमें मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीताकुंड रामदिरी निवासी पवन मंडल एवं सीताकुंड कल्याणचक निवासी दामोदर यादव का पुत्र संटु कुमार यादव को गिरफ्तार किया। जबकि जंगल और पहाड़ का फायदा उठाकर दो तस्कर फरार हो गया।

पिछले साल 21 लाख जॉब कार्ड हुए थे डिलीट

## बिहार में दो महीने के अंदर 2.5 लाख मनरेगा जॉब कार्ड हुए डिलीट



निज संवाददाता | पटना

नये वित्तीय वर्ष का अभी दो माह ही बीता है। लेकिन, इस दौरान बिहार में दो लाख 57 हजार 250 जॉब कार्ड डिलीट किये गये हैं। विभाग की ओर से इसके पीछे की वजह भी बतायी गयी है। विभाग का कहना है कि बहुत सारे लोग काम नहीं करना चाहते थे और जॉब कार्ड बनवा लिये थे। आधार कार्ड नहीं देने वालों का भी जॉब कार्ड डिलीट हुआ है। कई जगहों पर एक ही व्यक्ति के दो-दो जॉब कार्ड बन गये थे। बड़ी संख्या में जॉब कार्डधारी पलायन कर गये। ऐसे लाभुकों का भी जॉब कार्ड डिलीट किया गया है। विभाग की ओर से यह भी बताया गया जिनका निधन हो गया है, उनका भी जॉब कार्ड डिलीट किया गया है। मनरेगा के स्टेट कार्यक्रम पदाधिकारी (एसपीओ) अनीश रंजन ने बताया कि जरूरी अहर्ता पूरी करने और कागजात देने के बाद डिलीट जॉब कार्ड पर फिर से विचार होता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21 लाख 13 हजार 194 जॉब कार्ड डिलीट किये गये थे। तब इस पर कई सवाल उठे थे। तकनीकी कारणों से जरूरतमंद ग्रामीणों का भी जॉब कार्ड डिलीट कर देने का आरोप लगा था। इस वजह से उनको काफी परेशानी हुई। एक बार जॉब कार्ड डिलीट हो जाने के बाद दोबारा इसे बनवाना सामान्य ग्रामीणों के लिए आसान नहीं होता।

### औरंगाबाद, पूर्णिया, अरवल व समस्तीपुर में सबसे अधिक जॉब कार्ड किए गए डिलीट

पूर्णिया 31551, पटना 28377, औरंगाबाद 28209, अररिया 24741, समस्तीपुर 24388, गया 23966, रोहतास 21260, नालंदा 13195, बेगूसराय 10524, जमुई 10475, पश्चिम चंपारण 6147, शिवहर 5557, मधेपुरा 5079, वैशाली 4966, खगड़िया 4129, सीवान 3503, सीतामढ़ी 2897, दरभंगा 2815, मधुबनी 2563, कटिहार 2128, नवादा 2010, शेखपुरा 1887, सुपौल 1320, मुजफ्फरपुर 771, किशनगंज 657, गोपालगंज 555, भागलपुर 468, बांका 418, भोजपुर 415, बक्सर 398, पूर्वी चंपारण 310, लखीसराय 206, सारण 183, भभुआ 167, मुंगेर 117, जहानाबाद 94, सहरसा 79, अरवल 49

## बिहार में जमीन का रिकॉर्ड दुरुस्त कराना हुआ आसान, सरकार ने शुरू की नई व्यवस्था

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने एक नई व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत अब आप डिजिटलीकरण के दौरान जमीन के दस्तावेजों में हुई गलतियों को सुधारने के लिए घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए हाल ही में परिमार्जन प्लस पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल पर सुधार करने के अलावा मिसिंग एंट्री को दर्ज करने का विकल्प भी दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा लॉन्च किया गया परिमार्जन प्लस पोर्टल जमाबंदी में कमियों- त्रुटियों को सुधारने और मिसिंग इंट्री करने की सुविधा देता है। इस पोर्टल की मदद से रैयत (भूमि मालिक) अपनी जमाबंदी में ऑनलाइन सुधार करवा सकते हैं। इस पोर्टल की मदद से जमीन मालिक (रैयत) अपने नाम, पिता के नाम, जाति के साथ पता में गलती का सुधार करवा सकते हैं। साथ ही यदि जमाबंदी रिकार्ड में दर्ज खाता, खेसरा, रकबा और चौहद्दी में त्रुटि है तो उसे भी इस पोर्टल के माध्यम से ठीक कराया जा सकता है। इसके अलावा लगान संबंधी विवरणी में भी सुधार करवा सकते हैं।

इस पोर्टल के जरिए आवेदन करने के लिए सबसे पहले बिहार भूमि पोर्टल biharbhumi।bihar।gov।in पर रजिस्टर करें और लॉगइन करें। इसके बाद वेबसाइट पर दिए गए परिमार्जन मेन्यू पर क्लिक करें। फिर डिजिटाइज्ड जमाबंदी पर क्लिक करें और पुरानी जमाबंदी में करेक्शन का विकल्प चुनें। इसके बाद रैयत को अपने नाम, पिता का नाम, पता, खाता, खेसरा, चौहद्दी और लगान में सुधार से संबंधित विकल्प मिलेंगे। जीतने बदलाव करना चाहते हैं, उसे सेलेक्ट करना होगा। जिसके बाद वर्तमान डिटेल स्क्रीन पर दिखने लगेगी। पूरी तरह से भरा विवरणी अंचल अधिकारी को भेजना होगा।

जमाबंदी में सुधार के लिए आपको निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र, ऑनलाइन म्यूटेशन के लिए प्रस्तुत किए गए दस्तावेज, म्यूटेशन याचिका में पारित आदेश की कॉपी, सुधार पत्र की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी, भू-राजस्व रसीद की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी, पुनरीक्षण/कैडस्ट्रल सर्वेक्षण खतियान की स्व-सत्यापित फोटो कॉपी, निर्धारित प्रपत्र में स्व-घोषणा, सुधार पत्र की फोटो कॉपी की जरूरत पड़ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मानपुर।** मुफस्सिल पुलिस ने देर रात सिद्दार्थपुरी कॉलोनी रोड नम्बर एक में छापेमारी मारपीट मामले में फरार आरोपी को धर-दबोचा है। युवक की पहचान सौरव कुमार के रूप में हुई। बताया जाता है की नामजद आरोपी अपने परिवार के साथ 11 दिसंबर 2023 को घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। पीएसआइ संदीप चौहान ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी हुई।

### ट्रैक्टर पलटा, किसान गंभीर रूप से घायल

**नीमचक बथानी।** खिजरसराय बेला रोड से कैथ बिगहा बेलदारी रोड में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर पलट जाने से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान की पहचान कैथ बिगहा गांव के संतोष कुमार उर्फ गुड्डु के रूप में हुई है। दुर्घटना उस समय हुई जब किसान खेत की जुताई कर शाम को खुद ट्रैक्टर चलाकर अपने घर आ रहा था। इसी दौरान सड़क के किनारे रहे गड्ढे के कारण ट्रैक्टर पईन में पलट गया और किसान ट्रैक्टर की नीचे दब गया। ग्रामीणों के प्रयास से उसे तत्काल निकाला गया और इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसे खतरे से बाहर बताया गया। इस किसान का कई स्थान पर हाथ टूट गया है। घायल किसान खिजरसराय पैक्स अध्यक्ष श्रवण कुमार का भाई है।

### बोतल बीयर के साथ बाइक जब्त

**मैगरा।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत बोधि बीघा थाने की पुलिस ने 45 बोतल बियर के साथ एक बाइक को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड से बिहार में बीयर की खेप लाई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने गोटी बांध के समीप चेकनाका लगा दिया। पुलिस को देखकर धंधेबाज बाइक छोड़कर भाग गया। बाइक की तलाशी में 45 बोतल बीयर बरामद किया गया है।

### घर से चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचा, की धुनाई

**फतेहपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरी तपसा गांव में गुरुवार की रात घर से चोरी कर भाग रहे एक चोर को ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर डुमरी गांव का तुलसी यादव है। घटना में शामिल अन्य चोर मौके से बचकर भाग निकला जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। डुमरी तपसा गांव निवासी दीनदयाल यादव के पुत्र पृथ्वी कुमार ने बताया कि वह व सभी घर वाले खाना खाकर सो गए थे। इसी समय करीब 1:30 बजे रात में बक्सा टूटने की आवाज हुई जिसे सुन वह जग गया। जगने पर उसने देखा कि उसके घर में कोई आदमी घुसा हुआ है। तब वह जोर से चोर-चोर का हल्ला करने लगा। हल्ला सुनकर गांव वाले जूट गए और वे भी चोर-चोर का हल्ला करते हुए भाग रहे एक चोर तुलसी यादव को खदेड़ कर पकड़ लिए। इसके बाद 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया। उसने बताया कि जब बाहर से लौटकर घर आये तो कमरा में रखा बक्सा का ताला टूटा पाया। उसे जांच करने पर उसमें रखे दस हजार रुपये नगद और पायल चोरी पाया। उसने बताया कि चोरी करने में अन्य चोर भी शामिल थे जो भागने में सफल रहे। उनकी पहचान नहीं हो सकी।

### वज़ीरगंज के युवक की मोहनपुर में कर दी हत्या

**वजीरगंज।** वजीरगंज के तरवां पंचायत अन्तर्गत काजी बिगहा निवासी स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र गुड्डू की हत्या मोहनपुर थाना क्षेत्र के धनीचक गांव में कर दी गई। वह कई साल से धनीचक गांव स्थित अपनी मौसी के घर में रहता था। जबकि उसकी मौसी पूरे परिवार के साथ गया शहर में रहती थी। गांव में मकान का देखरेख गुड्डू करता था। उसकी हत्या करके उसी के मकान के एक कमरे में शव को बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को बदबू बाहर निकलने लगी तो पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। फिर पुलिस ने उस युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रोफेसर ने शराब के नशे में वाहनों में मारी ठोकर

**गया।** शराब के नशे में धुत गया कॉलेज के दो प्रोफेसर ने पुलिस लाइन रोड में जमकर उत्पात मचाया। नशे में धुत्त प्रोफेसर साहब ने तेज रफ्तार में कार चलाकर तीन-चार वाहनों में ठोकर मार दिया। इससे उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर जांच के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई है। दोनों प्रोफेसर गया कॉलेज गया के मैनेजमेंट विभाग के बताए जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गया कॉलेज गया के मैनेजमेंट विभाग के दो प्रोफेसर लाल रंग की कार से पुलिस लाइन रोड में तेज गति से जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर तीन-चार वाहनों से टकराया। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दोनों को कार से उतारा तो वे लोग नशे में थे।




### बिहारशरीफ में बाजार जा रहे युवक को घेरकर पीटा, बिहार थाना क्षेत्र में बुलेट और 1 लाख रुपए छीनने का आरोप



**नालंदा।** बिहारशरीफ में बदमाशों ने बाजार जा रहे युवक के साथ शुक्रवार को मारपीट और छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। मामला बिहार थाना क्षेत्र के नकटपुरा गांव का है। मारपीट की घटना बिहार थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी दिनेश पासवान के बेटे रवि कुमार के साथ हुई है। घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि वह घर निर्माण को लेकर सरिया, सीमेंट, गिट्टी लाने बिहारशरीफ जा रहा था। इसी बीच नकटपुरा गांव के पास मालाजी यादव समेत अन्य 3 लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल रुकवा ली। मारपीट करते हुए पॉकेट में रखे 1 लाख रुपए और बुलेट मोटरसाइकिल को छीन कर फरार हो गया। इसके बाद उसने घटना की जानकारी अपने परिजन और पुलिस को दी। बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की एक युवक के साथ नकटपुरा गांव के पास मारपीट की घटना हुई है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के क्रम में यह बात सामने आई की रवि कुमार के साथ मालाजी यादव और लोगों द्वारा मारपीट की गई। उसका बुलेट मोटरसाइकिल और कुछ रुपए ले लिया गया है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बुलेट मोटरसाइकिल को मालाजी यादव के घर के पास के मकई खेत से बरामद किया गया। रवि कुमार द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। इसमें उसने बताया कि वह अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से बिहारशरीफ गिट्टी, सीमेंट, सरिया खरीदने जा रहा था। तभी रास्ते में मालाजी यादव उर्फ मल्लू समेत 3 अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। जेब में रखा एक लाख रुपए निकाल लिए और उसके मोटरसाइकिल को लेकर भाग गया। पीड़ित द्वारा आवेदन प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अनुसंधान में जुट गई है।

# विश्वस्तरीय ट्रेनिंग लेकर पास आउट हुए 118 ऑफिसर

## 3 साल की ट्रेनिंग के बाद भारतीय सेना का बने हिस्सा, सबसे अधिक यूपी के 23 अधिकारी

निज संवाददाता। गया

ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी से इस बार 118 अफसर पास आउट हुए। पास आउट होने वाले अफसरों ने शानदार परेड की प्रस्तुति दी। उनके सधे कदम बता रहे थे कि किसी भी परिस्थित में दुश्मन उन्हें डिगा नहीं सकते। इस मौके पर 118 अफसरों के परेड की सलामी उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ली। उप सेना ने परेड का बारिकी से निरीक्षण भी किया। 3 वर्षों की ट्रेनिंग सफलता पूर्वक पास करने के बाद भारतीय सेना का हिस्सा बनने का शनिवार को उनका सपना पूरा हुआ। पास आउट होने वालों में इस बार सबसे अधिक उत्तर प्रदेश 23, राजस्थान 10, उत्तराखंड के 8, बिहार के 3 अफसर शामिल हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों के अफसर पास आउट हुए हैं।



**पासिंग आउट परेड के बाद पिपिंग सेरेमनी हुईः** वहीं, उनके अभिभावक इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हो रहे थे। पासिंग आउट परेड के बाद पिपिंग सेरेमनी हुई। इस दौरान अफसरों ने अंतिम पग रखे। अंतिम पग का मतलब अब तक वे ट्रेनिंग ले रहे थे और वे अपने उस्ताद को सैल्यूट कर रहे थे, लेकिन अब उनके उस्ताद उन्हें सैल्यूट करेंगे। पिपिंग सेरेमनी अभिभावकों के लिए भावुक क्षण रहा।

**पटना के खान सर ने दिया संदेशः** इस अवसर पर पटना के खान सर भी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि सेना में नए जवान जा रहे है, नए ऑफिसर जा रहे। सेना में यंग ब्लड की जरूरत है। बढ़ियां लगता है यंग जेनरेशन जाती है। जो तैयारी कर रहे उन्हें डेडिकेशन की जरूरत है।

**युद्ध की चुनौतियां का बेहतर प्रशिक्षण दिया गयाः** उप सेना प्रमुख लेफ्टीनेनेट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पास आउट होने वाले जूनियर अफसरों को विश्व स्तरीय युद्ध कौशल की ट्रेनिंग दी गई है। उन्हें युद्ध की चुनौतियां का भी बेहतर प्रशिक्षण दिया गया है। टेक्नोलॉजी आधारित युद्ध के लिए पास आउट होने वाले अफसर निपुण हैं। आशा है सभी अफसर भारतीय सेना के लिए अपने-अपने क्षेत्र में हाई लीडरशिप क्वालिटी के साथ हर मोर्चे पर काबिल साबित होंगे।

# लोकसभा चुनाव संपन्न करने वाले पुलिस अधिकारी हुए सम्मानित

निज संवाददाता। गया



♦ गया में दिया गया प्रशस्ति पत्र, लू लगने से हुई दो पुलिसकर्मियों की मौत की घटना को याद किया

लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से शांतिपूर्ण संपन्न करने वाले जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों और थाना अध्यक्षों को एसएसपी आशीष भारती ने देर शाम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर न केवल फील्ड में काम करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बल्कि बैक आफिस में काम करने वाले पुलिस अधिकारी जो चुनाव ड्यूटी में लगाए थे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। खास बात यह भी है कि चुनाव को संपन्न कराने में केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारियों की भी अहम भूमिका रही थी। ऐसे में सुरक्षा बल के अधिकारियों को भी इस मौके पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इस मौके पर जिले के नक्सल क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बल ही विशेष रूप से लगाए गए थे। उनकी भूमिका नक्सल वाले इलाके में अहम थी। केंद्रीय सुरक्षा बल की 70 कम्पनियां चुनावी ड्यूटी में लगाए गए थे। SSP आशीष भारती ने कहा कि लोकसभा चुनाव बेहद शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिले के किसी भी कोने में किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई और न ही वोटिंग को लेकर कोई विवाद या झगड़ा हुआ यह जिला पुलिस के लिए बड़ी बात है। वहीं, CRPF के कमांडेंट मयंक कुमार ने कहा कि बेहतर ढंग से चुनाव संपन्न होने के पीछे बेहतर कोऑर्डिनेशन है। उन्होंने कहा कि चाहे जिला पुलिस हो या फिर केंद्रीय सुरक्षा बल दोनों ने अपनी ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया है। यही वजह रही की चुनाव बेहतर ढंग से संपन्न हो सका। इस मौके पर चुनाव के दौरान लू लगने से हुई दो पुलिस कर्मियों की मौत की घटना को भी याद किया गया। साथ ही मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# करंट लगने से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, बाजार से घर लौट रहे थे

## रास्ते में गिरे बिजली के तार से हुआ संपर्क

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार को करंट से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत सतौआ गांव स्थित खंधा का है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी स्वर्गीय जगदीश जमादार के (60) वर्षीय पुत्र श्री जमादार के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि श्रीजमादार गिरीयक बाजार से घर आ रहे थे। रास्ते में बिजली का तार गिरा था। जिससे संपर्क में आने से बुजुर्ग झुलस गए

**मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस को जानकारी दीः** कुछ समय बाद वहां से राहगीर गुजरे तो उनकी नजर बेहोश व्यक्ति पर पड़ी। मौके पर भीड़ लगने के बाद पुलिस को जानकारी दी गई। गिरियक थाना अध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने बताया कि करंट से मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पर मामले की जांच में जुट गई है।



# बालू-मिट्टी अवैध उत्खनन करने वाले 5 माफिया गिरफ्तार, साथियों को बचाने के लिए पुलिस पर फायरिंग


निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के बिहार थाना की पुलिस ने अवैध बालू-मिट्टी के अवैध उत्खनन के विरुद्ध छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार की है। साथी ही उत्खनन में लगे जेसीबी, ट्रैक्टर और बाइक को भी जब्त किया गया है। छापेमारी में बालू माफियाओं ने पुलिस बल पर हमला कर ट्रैक्टर और पकड़े गए व्यक्तियों को छुड़ाने का प्रयास किया गया। साथ ही पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की और फायरिंग भी की गई। बिहार थाना में आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कांड दर्ज किया गया है। कुल 51 व्यक्ति और अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

**11 ट्रैक्टर ट्रॉली और 3 बाइक जब्तः** बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि रात में गोइठवा नदी से अवैध रूप से बालू-मिट्टी उत्खनन की सूचना प्राप्त हो रही थी। इसी सूचना पर खनन विभाग के पदाधिकारी, जिला क्यूआरटी और जिला बल के साथ घेराबंदी कर विशेष छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में मिट्टी लदे ट्रैक्टर सहित कुल 11 ट्रैक्टर ट्रॉली और 3 बाइक जब्त की गई। जबकि अवैध खनन में लगे जेसीबी को भी जब्त किया गया है। मौके से कुल 5 माफियाओं को पकड़ा गया।

**इनकी हुई गिरफ्तारीः** गिरफ्तार अभियुक्तों में हरनौत थाना क्षेत्र के सतीस्थान निवासी रामजी यादव का पुत्र सूरज कुमार, नवादा जिला के काशीचक थाना क्षेत्र के भउआर गांव निवासी प्रह्लाद प्रसाद का पुत्र सुधांशु कुमार, बिहार थाना क्षेत्र के नकटपुरा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद का पुत्र विकास कुमार, काशोचक गांव निवासी बिनेसर यादव का पुत्र विलास यादव और मुरौराडीह निवासी किशोर यादव का पुत्र गणेश कुमार है। छापेमारी टीम में बिहार थाना के पदाधिकारी, नालंदा जिला क्यूआरटी टीम और खनन विभाग के अधिकारी समेत अन्य सशस्त्र जिला पुलिस बल शामिल रहा।

### जेसीबी, ट्रैक्टर और बाइक जब्त




# विवाहिता की मौत के मामले में आठ आरोपित, 5 लाख के लिए ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत धरम सिंह बीघा गांव में वट सावित्री पूजा के दिन एक विवाहिता की सन्दिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतका सुजीत कुमार की (22) वर्षीया पत्नी गीता कुमारी है। इस मामले में गीता कुमारी के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर रहुई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि जहानाबाद के काको थाना क्षेत्र के भेलू विगहा निवासी श्याम देव यादव ने दामाद समेत कुल आठ लोगों को आरोपित कर मामला दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि 5 लाख के खातिर उनकी बेटी के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गई है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपियों के विरुद्ध छापेमारी में जुट गई है। फिलहाल घर के सभी सदस्य फरार है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**एक साल पहले शादी हुई थीः** 1 साल पूर्व ही गीता कुमारी की शादी सुजीत कुमार के साथ हुई थी। वट सावित्री पूजा के दिन उसने व्रत भी रखा था। मायके वालों का आरोप था कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में और रुपए की मांग कर रहे थे। नहीं देने पर अक्सर उनकी बेटी के साथ मारपीट और प्रताड़ित किया जाता था। उनकी बेटी के साथ मारपीट करने के बाद घर में रखें जेवरात भी ससुराल वाले लेकर फरार हो गए। मृतका के शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान थे। श्यामदेव यादव ने बताया कि शादी के वक्त भी हैसियत के हिसाब से सारा सामान दिया था।

### गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारी



# गया में डॉक्टर के घर चोरी, 8 घंटे बाद अरेस्ट

निज संवाददाता। गया

♦ 6 बजे सुबह ही चुरा ले गए थे सामान

गया के रामपुर थाने की पुलिस ने शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर पूर्णेदु शेखर के घर अहले सुबह चोरी करने वाले 2 चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के रुपए, लैपटॉप, जेवर बरामद किए हैं। पकड़े गए 2 चोर में से एक के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में पूर्व से 4 केस दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए चोर से पूछताछ करने में जुटी है। SSP आशीष भारती ने बताया कि एपी कालोनी स्थित डॉ.पूर्णेदु शेखर के घर में सुबह के समय करीब 6 बजे 2 चोर घुस कर 50 हजार रुपए से भरा बैग, लैपटॉप, मोबाइल और लाखों रुपए के सामान चुरा ले गए थे। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। डॉक्टर ने चोरी की वारदात की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीसीटीवी की पड़ताल करने के बाद एक चोर रवि डोम की शिनाख्त की गई। इस पर उसके घर पर रामपुर पुलिस इंस्पेक्टर ने छापेमारी की तो उसके घर से चोरी के सामान बरामद हुए। इस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद रवि डोम की शिनाख्त पर रेलवे स्टेशन बाटा मोड़ के दुलहिन गंज से राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। राजेश के घर से भी चोरी के सामान बरामद किए गए। इंस्पेक्टर रवि ने बताया कि रवि डोम के खिलाफ चोरी के कई केस दर्ज हैं। उससे पूछताछ की जा रही है। रवि डोम ने शहर में हो रही चोरी की वारदात के बाबत कुछ ठोस जानकारी भी दी है।

# सड़क हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन के विजवनपर गांव के समीप की है। मृतक की पहचान बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर मोहल्ला निवासी ललन यादव के (18) वर्षीय पुत्र पिंकू कुमार के रूप में हुई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। युवक के परिजन ने बताया कि पिंकू कुमार मामा के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए दीपनगर थाना क्षेत्र के महानंदपुर गांव गया हुआ था। जहां से वह शुक्रवार की दोपहर को अपने बुलेट बाइक से मवेशी को चारा देने के लिए घर आ रहे थे। इस दौरान बिजवान पर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी से टक्कर हो गई। जिसके कारण पिंकू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गयाः** इलाज के लिए डायल-112 की पुलिस की मदद से बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां जाने के दौरान रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। ट्रैफिक थाना अध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त करते हुए थाना लाया गया है। घटना के बाद स्कूटी सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# खरीफ महाअभियान कार्यशाला का शुभारंभ, 12 हजार 330 हेक्टेयर में खरिफ फसल का लक्ष्य

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत प्रखंड परिसर के सभागार भवन में शुक्रवार को खरीफ महाअभियान 2024 के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम सह उत्पादन वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सहायक निदेशक उद्यान राकेश कुमार,बीडीओ उज्जवल कांत, BAO ब्रजकिशोर चरण, केवीके से मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ.उमेश नारायण उमेश और प्लांट पैथोलॉजी के साइंटिस्ट डॉ.आरती कुमारी, समाजसेवी चंद्रोदय कुमार, आत्मा के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया हरिनारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने उपस्थित किसानों को खरीफ फसल में होने वाले मोटे अनाज की उपज बढ़ाने के लिए सरकारी स्तर पर मिलने वाले अनुदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मक्का, ज्वार, अरहर की खेती फायदेमंद है।



**12 हजार 330 हेक्टेयर में खरीफ फसल का लक्ष्यः** BAO ने कहा कि प्रखंड में कुल 12 हजार 323 हेक्टेयर में खरीफ फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें धान 11,750 हेक्टेयर ,अरहर 137 हेक्टेयर, सूर्यमुखी 0.25 हेक्टेयर, तील 01 हेक्टेयर, सोयाबीन 5 हेक्टेयर, मुंगफली 18.5 हेक्टेयर, ज्वार 6 हेक्टेयर, कुरथी 2 हेक्टेयर, मक्का 320.5 हेक्टेयर, गन्ना 7.5 हेक्टेयर, उड़द दाल 7 हेक्टेयर, अन्य दाल 11 हेक्टेयर, ढैंचा 47.25 हेक्टेयर और अन्य फसलें 10 हेक्टेयर में लगाने का टारगेट रखा गया है। लोगों से जैविक खाद के प्रयोग के साथ हरा खाद के प्रयोग करने की बात कही। इसमें वक्ताओं ने कृषि यंत्र, कृषि संबंधित योजनाएं आदि के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर प्रखंड के उप प्रमुख प्रमोद राम, तेलमर पंचायत के मुखिया विद्यानंद बिंद, पंचायत समिति रौशन कुमार, कृषि समन्वयक, कृषि सलाहकार के साथ सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**छिबरामऊ।** बाइक व साइकिल की भिड़ंत में साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना विशुनगढ़ के कमलपुर नगरिया गांव निवासी जदुनाथ सिंह (65) किसान हैं। शुक्रवार को वह साइकिल से खेतों की तरफ जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रहे बाइक सवार नंदपुर गांव निवासी दिलीप ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बाइक सवार के हेलमेट न लगाने से सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। पुलिस कर्मियों ने दोनों घायलों को नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने जदुनाथ सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल दिलीप को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि जदुनाथ की पत्नी सावित्री देवी की वर्ष 2003 में बीमारी से मौत हो चुकी है। कोई संतान न होने पर वह अपने भाइयों के पास रहकर जीवन यापन कर रहे थे।

## मिट्टी का टीला ढहने से युवती की मौत

**तिर्वा , एजेंसी।** मिट्टी का टीला अचानक ढह जाने से युवती दब गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के भुलभुलियापुर गांव निवासी सिपाही लाल की तीन बेटियां काजल, नीलम और माधुरी व एक बेटा नीलेश है। बेटी काजल (18) घर में सबसे बड़ी थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को घर में मिट्टी की जरूरत थी। काजल एक किलोमीटर दूर टीले से मिट्टी लाने की बात कहकर जा रही थी। मां सुनीता देवी ने मना भी किया, लेकिन काजल मिट्टी लेने चली गई। टीले से काजल मिट्टी खोद रही थी तभी अचानक टीला ढह गया और मिट्टी के ढेर में वह दब गई। आसपास के लोगों ने मिट्टी हटाकर उसे बाहर निकाला। परिजन काजल को मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि मामले की कोई जानकारी नहीं है।

## 10 दिन से नया ट्रांसफार्मर चालू नहीं, लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**खड़िनी।** लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

खड़िनी कस्बे में 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। गर्मी में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण लो वोल्टेज निकाल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर बिजली विभाग ने 100 केवीए का एक और ट्रांसफार्मर सरैया मोड़ के पास रखवा दिया। 10 दिन बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर को चालू नहीं किया। लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोगों का कहना है कि 50 से 60 वोल्टेज आ रहे हैं। ट्रांसफार्मर चालू न होने पर कस्बे के अशोक चतुर्वेदी, मनीष शाक्य, सोनू सिंह, आशीष सिंह, आशीष चतुर्वेदी, रवि चौहान, बड़े सविता, बबलू कुमार, देवेंद्र पाल आदि ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जल्द ही ट्रांसफार्मर चालू करने की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ सौरिख संतराम वर्मा ने बताया कि जेई सुनील वर्मा से जानकारी कर जल्द ही ट्रांसफार्मर को चालू कराया जाएगा।

## 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लोनी।** सेवाधाम मार्ग प्रेमनगर कॉलोनी में विक्रम मावी हत्याकांड में फरार चल रहे 20वें 50 हजार के इनामी बदमाश राहुल भाटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विक्रम मावी हत्याकांड में अभी दो बदमाश और फरार चल रहे हैं। दोनों पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस तलाश कर रही है। अंकुर विहार एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि विक्रम मावी हत्याकांड में फरार चल रहे 20वें बदमाश राहुल भाटी निवासी राधा विहार कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है। राहुल भाटी पर 50 हजार रुपये का इनामी था। इस हत्या कांड में अभी दो और बदमाश फरार चल रहे हैं। राहुल ने पूछताछ में बताया कि विक्रम मावी ने पवन भाटी के माता-पिता व पत्नी के साथ मारपीट की थी। जिस कारण से पवन भाटी अपने मामा विक्रम मावी ने हत्या करने की योजना बनाई थी। एसीपी ने बताया इस मामले में विक्रम के बेटे सागर ने तहरीर दी थी। विक्रम मावी के भतीजे पवन भाटी समेत 22 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

## आधा शहर और 60 गांवों में छह घंटे गुल रही बत्ती

**कन्नौज।** भीषण गर्मी में कन्नौज शहर के आधे हिस्से और 60 गांव की बिजली छह घंटे से ज्यादा गुल रही। बिजली न आने से लोग बेहाल रहे। शहर के करीब मानपुर उपकेंद्र से तिर्वा रोड के साथ ही 60 गांव जुड़े हुए हैं। उपकेंद्र के एचटी लाइन का इंसुलेटर सुबह करीब 11:50 बजे फुंक गया। जिससे आधे शहर सहित 60 गांवों की बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होते ही भीषण गर्मी से लोग परेशान हो उठे। बिजली न आने से इन्वर्टर भी ठप हो गए।

# इटावा देश में सात लोकसभा सदस्य वाला इकलौता जिला, दो राज्यसभा सदस्य भी



**इटावा , एजेंसी।** इस बार संसद में इटावा की धाक है। जिले के रहने वाले नौ सांसद लोकसभा और राज्यसभा में अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पहली बार लोकसभा से सात लोग पहुंचे हैं। राज्यसभा में जिले के दो सदस्य पहले से हैं। देश में 28 राज्य और आठ केंद्र शासित प्रदेश हैं। इनमें कुल 797 जिले हैं।

मुलायम सिंह यादव और उनके परिवार की वजह से इटावा की इन सभी जिलों में पहले से ही अलग धाक रही है। लेकिन इस बार संसद में इटावा सबसे मजबूत है। जहां एक ओर सपा ने लोकसभा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करके 37 जीती हैं। वहीं इनमें से सात सांसद इटावा से ही हैं।

अकेले सैफई से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के परिवार से ही वह स्वयं कन्नौज से, उनकी पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी से, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से, चचेरे भाई अक्षय यादव फिरोजाबाद से, चचेरे भाई आदित्य यादव बदायूं से सांसद बने हैं।

वहीं, इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे के साथ ही एटा के सांसद देवेश शाक्य भी इटावा के निवासी हैं। वहीं राज्यसभा में प्रो. रामगोपाल यादव और भाजपा से गीता शाक्य राज्यसभा सदस्य हैं। गीता शाक्य का पैतृक गांव भरथना क्षेत्र का सिन्हुआ है। वह वर्तमान बिधूना में बनवाए नए आवास में रहती हैं।

**अखिलेश यादवः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। मुलायम सिंह परिवार के सबसे बड़े बेटे हैं। 2012 से 2017 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। 2022 में विधानसभा करहल से विधायक बने थे। साथ ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए वह कन्नौज से चुनाव लड़े और यहां से भी लगभग 1.70 लाख वोटों से बड़ी जीत दर्ज की है।

**डिंपल यादवः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधु और अखिलेश यादव की पत्नी हैं। 2012 में वह कन्नौज में हुए उपचुनाव में निर्विरोध सांसद बन चुकी हैं। 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद मैनपुरी में हुई रिक्त सीट से उपचुनाव में सपा की तरफ से उन्होंने चुनाव लड़ा था। उस समय उन्होंने लगभग 2.88 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सपा ने उन्हें ही चुनाव लड़ाया था। इस बार उन्होंने 2.21 लाख वोटों से जीत दर्ज की है।

**धर्मेंद्र यादवः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से तीन साल छोटे भाई अभयराम यादव के बेटे हैं। अभयराम यादव राजनीति से दूर हैं और वह गांव में खेती-बाड़ी का काम देखते हैं। मुलायम सिंह यादव ने 2004 में अपने पैतृक सीट मैनपुरी देकर पहली बार धर्मेंद्र यादव को सांसद बनाया था। इसके बाद वह एक मैनपुरी और एक बार बदायूं के सांसद रहे। 2019 में उन्हें भी बदायूं से हार का सामना करना पड़ा था। 2022 में उन्हें आजमगढ़ से टिकट दिया गया था। यहां से उन्होंने 1.61 लाख वोटों से जीत दर्ज की है।

**अक्षय यादवः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के चचेरे भाई और सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल के बेटे हैं। अक्षय 2014 से 2019 तक फिरोजाबाद से सांसद रह चुके हैं। 2019 में भी सपा ने फिरोजाबाद से ही उन्हें प्रत्याशी बनाया था, लेकिन उस समय परिवार में फूटन की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी सपा ने उन्हें फिरोजाबाद से ही टिकट दिया था। उन्होंने 89312 वोटों से जीत दर्ज की है।

**आदित्य यादवः** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे हैं। सपा ने इस बार बदायूं में कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखकर शिवपाल सिंह यादव को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा था। शिवपाल सिंह यादव के मैदान में आने के बाद बदायूं के लोगों की नाराजगी दूर हो गई थी। कुछ दिन बाद पार्टी की ओर से शिवपाल के स्थान पर उनके स्थान पर आदित्य यादव को टिकट दिया था। आदित्य ने यहां से तमाम खींचतान के बीच लगभग 35 हजार वोटों से जीत दर्ज की है।

**जितेंद्र दोहरेः** महेवा ब्लाक के सुनवर्षा गांव के मूल रूप से निवासी हैं। लगभग 20 साल से वह शहर में ही घर बनाकर रह रहे हैं। वह बसपा की पृष्ठभूमि से हैं। 2005 से लेकर 2020 तक बसपा में जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव समेत तमाम पदों पर रहे हैं। 2020 में वह सपा में शामिल हुए। इसके बाद 2018 में हुए चुनावों में उनकी पत्नी ने सपा के टिकट से महेवा ब्लॉक प्रमुख के रूप में जीत दर्ज की थी। 2024 में सपा ने उन्हें सांसद का टिकट दिया था। उन्होंने लगभग 58 हजार वोटों से जीत दर्ज की है।

**देवेश शाक्यः** बसपा सरकार में 2002 में बिधूना से विधायक और बाढ़ सहायता मंत्रालय में स्वतंत्र प्रभार मंत्री रहे विनय शाक्य के भाई हैं। देवेश शाक्य भी मूल रूप से शुरुआत में बसपा में रहे हैं। वह लंबे समय से शहर के शांति कॉलोनी में रह रहे हैं। 2017 में दोनों भाई भाजपा में आ गए थे। 2022 में बदलाव करके स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ दोनों भाई सपा में आ गए थे। तब से वह यहीं हैं। देवेश शाक्य दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। 2012 में विधायक का चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं मिली थी। इस बार सपा ने उन्हें एटा से प्रत्याशी बनाया था। और उन्होंने लगभग तीस हजार वोटों से जीत दर्ज की है।

**प्रो. रामगोपाल यादवः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के चचेरे भाई और प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव हैं। वह सपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। मुलायम सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सपा में राजनीति की शुरुआत की है। वर्तमान में सपा की ओर से राज्यसभा के सदस्य हैं।

**गीता शाक्यः** औरैया के बिधूना के हमीरपुर गांव में जन्मीं गीता शाक्य का भरथना क्षेत्र के सिन्हुआ गांव में शादी हुई थी। शिक्षिका गीता शाक्य सन 2000 में राजनीति में सक्रिय हुईं और पहली बार प्रधान बनीं। एक बार बिधूना से विधायकी का चुनाव हारने के बाद वह भाजपा में चली गई थीं। इसके बाद वह दो साल तक जिला औरैया की भाजपा जिलाध्यक्ष रहीं। इस समय प्रदेश की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद हैं।

## डी-टू गैंग के सरगना अतीक पहलवान की आगरा जेल में मौत

**कानपुर , एजेंसी।** डी-टू गैंग के सरगना अतीक पहलवान की आगरा सेंट्रल जेल में मौत हो गई। उसकी मौत की पुष्टि आगरा के जगदीशपुरा थाना प्रभारी आनंदवीर सिंह ने की। शनिवार को अतीक के शव का पोस्टमार्टम होगा। अनवरगंज के कुली बाजार के रहने वाले अतीक को साल 2007 में पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

तब उस पर दो लाख का इनाम घोषित था। उसके डी-टू गैंग की कभी शहर में तूती बोलती थी।

### भाड़े पर हत्या और वसूली किया करता था

अतीक ने इस गैंग की नींव अपने पांच भाइयों रफीक, शफीक, बिल्लू, बाले और अफजाल के साथ मिलकर रखी थी जो भाड़े पर हत्याएं, वसूली, जमीनों को खाली कराता था। धीरे-धीरे गैंग का सदस्य और दायरा भी बढ़ता गया। 1998 में जनपदीय स्तर पर अतीक का डी-टू गैंग रजिस्टर्ड हुआ, जो जिले का दूसरा गैंग था। साल 2010 में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक बृज लाल इस गैंग को अंतर राज्यीय गैग-273 का दर्जा दे दिया। इस गैंग के शातिरों का नाम एसटीएफ सिपाही धर्मेंद्र सिंह, अधिवक्ता खुर्शीद आलम समेत कई लोगों की हत्या में आया था। कहा जाता है कि अतीक के संबंध शातिर एजाज लक्कड़वाला से भी थे।

**दाऊद इब्राहिम से भी थे संबंधः** डी-टू गैंग ने साल 1985 से 2005 के बीच कितनी हत्याएं की, इसका सही आंकड़ा किसी के पास नहीं है। हालांकि पुलिस की एक पुरानी रिपोर्ट में दावा किया गया था अतीक और उसके गैंग का संबंध आतंकी दाऊद इब्राहिम से थे। रफीक और बिल्लू को मुठभेड़ में मार गिराया था।

**रफीक और बिल्लू को मुठभेड़ में मार गिराया थाः** दाऊद इस गैंग की मदद से शहर में अपना बेस तैयार कर यूपी में अपराध का साम्राज्य खड़ा करना चाहता था। हालांकि तत्कालीन सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत शुक्ला और तेजेंद्र सिंह की टीम ने टीम अतीक के भाई रफीक और बिल्लू को मुठभेड़ में मार गिराया, जिसके बाद इस गैंग की कमर टूट गई थी।

## मौसम विभाग ने कहा भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार, आने वाले दिनों में पांच डिग्री तक बढ़ेगा पारा



**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर फिर शुरू हो गया है। आंधी-बारिश में पांच डिग्री तक गिरा दिन का पारा शुक्रवार को 4 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं रात के पारे ने भी तेजी दिखाई है और ज्यादातर हिस्सों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान में भी 4 डिग्री तक की वृद्धि दर्ज हुई है। बाराबंकी में दिन का तापमान बृहस्पतिवार को 38 डिग्री था, जो शुक्रवार को बढ़कर 42 डिग्री हो गया। मौसम विभाग ने चेताया है कि भीषण गर्मी के लिए तैयार हो जाएं। एक सप्ताह तक गर्मी, लू के हालात प्रदेश में बने रहेंगे। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। प्रदेश के कई हिस्सों में लू का प्रकोप भी बना रह सकता है।

### जानिए कैसा रहेगा मौसम आरेंज व येलो अलर्ट

मौसम 13 जून तक शुष्क रहने के आसार है। प्रदेश में इन दिनों में लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी ललितपुर और आसपास के इलाकों के लिए लू का आरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, कन्नौज, रायबरेली, हाथरस, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# यूपी में कम हुए भाजपा के वोट



**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश के हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य लेकर लोकसभा चुनाव मैदान में उतरी भाजपा को इस बार हर क्षेत्र में बड़ा झटका लगा है। भाजपा के लिहाज से छह प्रांत में बंटे यूपी के हर क्षेत्र में 4 से लेकर 8 सीटों तक का उसे नुकसान उठाना पड़ा है। वह भी तब जब चुनावी जंग में कूदने से पहले जातीय संतुलन साधने के नाम पर क्षेत्रीय और जिला संगठनों में व्यापक बदलाव किए गए थे। पर, इस बार के चुनाव में न तो ये बदलाव काम आए और न ही क्षेत्रीय व जिलाध्यक्ष बनाए गए चेहरों की जाति का असर ही दिखा।

लोकसभा चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि 2019 की तुलना में इस बार सभी छह प्रांतों में भाजपा की सीटें घटी हैं। जीती हुई सीटों के लिहाज से सबसे अधिक 8 सीटों का नुकसान काशी प्रांत में हुआ है। जबकि दूसरे नंबर पर संयुक्त रूप से अवध और कानपुर क्षेत्र रहे। इन दोनों क्षेत्रों में भाजपा को इस बार 6-6 सीटों का नुकसान हुआ है। जबकि गोरक्ष क्षेत्र में 4 और ब्रज क्षेत्र में 5 सीटें गंवानी पड़ी है। इस प्रकार 2019 की तुलना में एनडीए को कुल 30 सीटों का नुकसान पहुंचा है।

यह परिणाम इसलिए भी सबको चौंका रहा है, क्योंकि पिछली बार से अधिक दिनों तक चुनावी तैयारियां हुईं। जनता से संपर्क को लेकर तमाम तरह के अभियान चलाए गए। जमीनी स्तर पर काम करने वाली बूथ कमेटी, प्रमुख जैसे संगठन और कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करने के बहुत दावे किए गए। राज्य और केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण की तमाम योजनाओं को लागू कर एक बड़ा लाभार्थी वर्ग तैयार किया। क्षेत्र और जिला संगठनों में व्यापक बदलाव किए गए।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जनता में किस बात को लेकर इतनी नाराजगी घर कर गई कि जो गैर यादव पिछड़ी और गैर जाटव दलित जातियां पिछले एक दशक से भाजपा के साथ खड़ी थीं, वे इस चुनाव में विपक्ष के पाले में आ गईं। जिस भाजपा ने 2019 में इन जातियों की ही बदौलत 62 सीटों पर अपना भगवा परचम फहराया था, उसे इस बार विपक्ष ने इन जातियों के ही सहारे 33 सीटों पर लाकर पटक दिया। सहयोगी दलों को मिला दिया जाए तो भी आंकड़ा 36 तक ही पहुंचा।

## मध्यावधि चुनाव की संभावना को यूपी के मंत्री राजभर ने किया खारिज, कांग्रेस नेता भूपेश बघेल को दिया जवाब

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी सरकार के मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने लोकसभा के मध्यावधि चुनाव की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम ही बोलना है। ये लोग पहले कह रहे थे कि भाजपा की सरकार नहीं बनेगी... पर बन गई। अब कह रहे हैं कि पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी...।




उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों का तो काम ही यही सब करना है। उन्होंने दावा किया है कि एनडीए सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दावा किया था कि एनडीए सरकार केंद्र में अपना कार्यकाल पूरा नहीं पाएगी और मध्यावधि चुनाव होंगे।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आगरा में बनाए गए 15 केंद्र, 7457 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से 9 जून को प्रस्तावित यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आगरा में 15 केंद्रों पर होगी। परीक्षा में 7457 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस वर्ष आगरा और मथुरा जिले में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।



फिरोजाबाद, एटा और मैनपुरी जिलों के छात्र-छात्राओं के परीक्षा केंद्र भी इन्हीं दो जिलों में बनाए गए हैं। आंबेडकर विवि से संबद्ध आगरा और मथुरा के केंद्रों पर कुल 9423 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के जेपी सभागार में संपन्न हुई।

विवि के नोडल अधिकारी कुलसचिव राजीव कुमार ने बताया कि 9 जून को परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। बायोमेट्रिक हाजिरी दर्ज की जाएगी।

जिले में 15 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा में हर केंद्र पर दो पर्यवेक्षक और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। कुल आठ केंद्र प्रतिनिधि भी होंगे जो परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं को देखेंगे। संयोजक प्रो. शरद चंद्र उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। गत वर्ष बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आगरा, मथुरा के अलावा आसपास के अन्य जनपदों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस बार अभ्यर्थियों की संख्या कम होने के कारण अंबेडकर विवि नोडल केंद्र के लिए सिर्फ आगरा एवं मथुरा जिले के महाविद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। आगरा में 7457 और मथुरा में 1966 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

बैठक में डिप्टी कोऑर्डिनेटर प्रो. विजय श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट आनंद कुमार, डिप्टी नोडल ऑफिसर यशपाल चौधरी, बुंदेलखंड विवि के प्रतिनिधि प्रो. संजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रो. नीरज यादव आदि मौजूद रहे।

# लिंग परिवर्तन कराकर शालिनी बनी शानू शुक्ला

### साधारण लड़की होकर जीना था लड़कों की तरह जीवन

**इटावा , एजेंसी।** इटावा जिले की शालिनी शुक्ला अब शानू शुक्ला (परिवर्तित नाम) बन गया है। शालिनी ने अपना लिंग परिवर्तन करवा लिया है। ग्राम सुल्तानपुर निवासी 28 वर्षीय शालिनी पूरी तरह से साधारण लड़की ही थी, लेकिन उसे लड़कों की तरह जीवन जीना था।

उसके लिए उन्होंने अपने परिवार से सहमति और सहयोग के बाद लिंग परिवर्तन करवा लिया। जिले में यह पहला मामला है। जल्द ही वह डीएम को नए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन करेंगे। जिसके बाद वह कानूनी रूप से शानू बन जाएंगे।

**कई हार्मोंस थेरेपी भी दी गईः** शालिनी ने जेंडर डिस्फोरिया के तहत लिंग परिवर्तन करवाया है। यहां तक कि उसके प्राइवेट पार्ट को भी विकसित किया गया। छाती की सर्जरी भी इस लिंग परिवर्तन का एक अहम हिस्से को पूरा किया गया। इसके लिए उसे एक वर्ष से अधिक समय के बाद कई हार्मोंस थेरेपी भी दी गई।

**2021 में शुरू कर दी थी प्रक्रियाः** जिले के रहने वाले शानू एक वर्ष पूर्व शालिनी हुआ करते थे, लेकिन उनको बचपन से लड़कों की तरह जीवन जीना और उनके साथ खेलना पसंद था। जिस वजह से शालिनी ने अपने परिवार को इस बारे में बताया समझाया। परिजनों के सहयोग से वर्ष 2021 से उन्होंने लिंग परिवर्तन के लिए डॉक्टरों के निर्देशन में ये प्रक्रिया शुरू करवा दी।

**कुछ इस प्रकार शालिनी बनी शानू शुक्लाः** शानू शुक्ला ने बताया कि जब उन्हें जेंडर चेंज सर्जरी के बारे में पता चला, तो उन्होंने लिंग परिवर्तन करने का निर्णय लिया व परिवार की सहमति और सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि अभी तक छह से सात लाख खर्च हो चुका है। आगे भी करीब इतना पैसा खर्च होगा। जिसके लिए जल्द से जल्द अपने प्रमाण पत्र जिलाधिकारी के यहां आवेदन करके बदलवाना है।



**जेंडर डायस्फोरिया के ये हैं लक्षणः** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के जनरल सर्जरी विभाग के प्रो डॉ. सोमेंद्र पाल ने बताया कि जेंडर डायस्फोरिया के लक्षण के कारण अक्सर लड़की लड़के की तरह लड़का लड़की की तरह जीना चाहते हैं, लेकिन समाज के डर से वह इन बदलावों को बताने से डरते हैं।

**एक चुनौती पूर्ण काम है जेंडर चेंज सर्जरीः** वहीं, जब वह अपने जीवन को सामान्य बनाना चाहते हैं। तब वह जेंडर चेंज के लिए सर्जरी का फैसला लेते हैं। उन्होंने बताया जेंडर चेंज सर्जरी एक चुनौती पूर्ण काम है, इसमें काफी खर्च आता है। इस सर्जरी को करने से पहले मानसिक रूप से तैयार रहना पड़ता है उसके बाद हार्मोन थेरेपी की जाती है।

**सर्जरी के लिए कम से कम 21 साल से अधिक की उम्र होनी चाहिएः** फिर महिला से पुरुष बनने से पहले ब्रेस्ट हटाया जाता है और पुरुष का प्राइवेट पार्ट डेवलप किया जाता है। जेंडर चेंज सर्जरी प्रक्रिया में मनोरोग विशेषज्ञ,सर्जन, गाइनेकोलॉजिस्ट और न्यूरोसर्जन भी मौजूद रहते हैं और इस सर्जरी के लिए कम से कम 21 साल से अधिक की उम्र होनी चाहिए।

## कानपुर की 22 ट्रेनें अब मेमू बनकर चलेंगी, एक जुलाई से बदलेगी व्यवस्था, किराया भी जल्द होगा कम

**कानपुर , एजेंसी।** लखनऊ, फर्रुखाबाद, बांदा, महोबा, इटावा, झांसी समेत अन्य रूटों पर स्पेशल या इंटरसिटी बनकर कानपुर सेंट्रल से चल रहीं 22 ट्रेनें एक जुलाई से मेमू बनकर संचालित होंगी। यह निर्णय उत्तर मध्य रेलवे की ओर से लिया गया है। ट्रेनों के आगे का जीरो नंबर भी हट जाएगा। किराया भी कम होने की उम्मीद है। रेलवे की ओर से कोरोना संक्रमण के दौरान पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल ट्रेनों के रूप में संचालित किया था। इसकी वजह से इटावा, लखनऊ और अन्य रूटों पर किराये में वृद्धि हो गई थी। अब ट्रेनों के मेमू बनकर चलने से यात्री किराया कम हो सकता है। इन ट्रेनों को बनाया जाएगा मेमू: वीरांगना लक्ष्मीबाई- झांसी वाया कानपुर स्पेशल ट्रेन, लखनऊ से झांसी स्पेशल ट्रेन 01824, प्रयागराज संगम कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन 04101, कानपुर अनवरगंज प्रयागराज संगम स्पेशल ट्रेन 04102, रायबरेली-कानपुर स्पेशल ट्रेन 04153, कानपुर-रायबरेली स्पेशल ट्रेन 04154, कानपुर फर्रुखाबाद स्पेशल ट्रेन 04133, फर्रुखाबाद-कानपुर स्पेशल ट्रेन 04134, कानपुर अनवरगंज फर्रुखाबाद स्पेशल ट्रेन 04135, फर्रुखाबाद-कानपुर अनवरगंज स्पेशल ट्रेन 04136, खजुराहो-कानपुर स्पेशल ट्रेन 04143, कानपुर खजुराहो स्पेशल ट्रेन 04144, मानिकपुर - कानपुर स्पेशल ट्रेन 01801 , कानपुर मानिकपुर स्पेशल ट्रेन, कानपुर-इटावा स्पेशल ट्रेन 04159, इटावा कानपुर स्पेशल ट्रेन 04160, इटावा टूंडला स्पेशल ट्रेन 04161, टूंडला इटावा स्पेशल ट्रेन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-कानपुर स्पेशल ट्रेन, कानपुर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल ट्रेन, कानपुर फफूंद स्पेशल ट्रेन, फफूंद कानपुर स्पेशल ट्रेन मेमू बनकर चलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के विवाद में मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

**आरा।** 19 मई को चौरी थाना क्षेत्र के पुरहरा गांव में बच्चों के विवाद में मारपीट हुई थी। इस घटना में चौरी थाना क्षेत्र के पुरहरा गांव निवासी भगत शरण घायल हो गया था। घटना के बाद घायल के परिवार के लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां पर स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार को इलाज के क्रम में पटना में मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के। लोगों ने शव को आरा सदर अस्पताल लाकर पोस्ट मार्टम कराया और घटना की सूचना पुलिस को दिया। चौंरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया की 19 मई को थाना क्षेत्र के पुरहरा गांव में बच्चों के खेलने के क्रम में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें भगवत शरण घायल हो गया था। घायल के आवेदन के आधार पर 5 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज किया गया था। जिसमें एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने घटना की जांच कर चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### तीन माह होने को है पर नही मिला वेतन

**बक्सर।** जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में कार्यरत आयुष्मान डॉक्टरों को पिछले दो माह से वेतन नही मिल सका है। वही तीसरा महीना भी शुरू हो गया है। ऐसी परिस्थिति में वेतन के अभाव में कार्यरत डॉक्टरों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।बता दें कि महज डुमराँव जैसे पीएचसी में चार डॉक्टर कार्यरत हैं। जिन्हें के समक्ष आर्थिक परेशानी उत्पन्न हो गई है।

### बीईयू के वीसी ने न्यू कैम्पस का किया निरीक्षण



**बक्सर।** बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी (बीईयू) के कुलपति प्रो सुरेश कांत वर्मा ने महदह स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बक्सर का औचक निरीक्षण किया। कुलपति की निरीक्षण का उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की स्थिति का आकलन करना, शैक्षणिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना और किसी भी तत्काल चिंता का समाधान करना था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं व प्रशासनिक कार्यालयों की समीक्षा की। संकाय सदस्यों और छात्रों से उनकी जरूरतों और चुनौतियों को समझने के लिए बातचीत की। कुलपति ने उच्च शैक्षणिक मानकों को बनाए रखने और अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने के महत्व पर जोर दिया। कुलपति ने संस्थान में चल रे 5 वें सेमेस्टर और दूसरे सेमेस्टर की विशेष परीक्षा का निरीक्षण किया। बता दें कि राजकीय अभियन्‍त्रण महावि्‍यालय बक्सर के नवनि्‍मित परिसर में आयो जित ये प्रथम परीक्षा थी, जो काफी व्यव्‍थित और सफलता्‍र्वक तरीके से हुई। जिसे देखकर कुलपति काफी प्रभावित हुए और उन्होने बहुत प्रशंसा की। निरीक्षण के बाद कुलपति ने प्राचार्य डॉ राम नरेश राय के साथ कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया।संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ मिलकर कई पौधे लगाए और सभी को प्रकृति के संरक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति ने अकादमिक उत्कृष्टता और पर्यावरण प्रबंधन दोनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से अपनी पढ़ाई में सक्रिय रूप से शामिल होने और स्थायी भविष्य में योगदान देने वाली पहल में भाग लेने का आग्रह किया। प्राचार्य डॉ राम नरेश राय ने कहा कि यह दौरा एक इंटरैक्टिव सत्र के साथ संपन्न हुआ, जहां कुलपति सर ने छात्रों और शिक्षकों के प्रश्नों का सामाधान किया, और उन्हें मुद्दों को हल करने और राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने में विश्वविद्यालय के सहयोग का भी आश्वासन दिया।

### 20 तक होगा चुनाव प्रचार में प्रयोग वाहनों का भुगतान



**बक्सर।** बक्सर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त गए निजी वाहनों का भुगतान 20 जून तक कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि जो भी वाहन निर्वाचन कार्य के लिए जब्त किए गए थे, अब उनका भुगतान किया जा रहा है। जिसको लेकर वाहन मालिकों में संतोष दिखा। आम तौर पर चुनाव के दौरान प्रशासन द्वारा हायर किया जाने वाले निजी वाहनों का उपयोग तो भरपूर होता है। लेकिन विभागीय उदासीनता के वजह से वाहनों के किराए भुगतान समय से नहीं हो पाता है। जिससे वाहन मालिकों को विभाग के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते है। वहीं डीएम अंशुल अग्रवाल से जब यह पूछा गया की को बहुत सारे वाहन मालिकों को शिकायत मिल रही है की उन्हें अभी पिछले चुनाव में उनके वाहन का उपयोग किया गया लेकिन पैसे के लिए उन्हें कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे है। अभी तक भुगतान लंबित है। जिसपर डीएम ने कहा की यदि इस तरह का कोई मामला है तो संबंधित व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं। जांचोपरांत उनका भी लंबित भुगतान कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने चुनाव की समाप्ति के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह बता रहे थे कि चुनाव में प्रशासन ने किस तरह से अपनी भूमिका निभाई और किस तरह से प्रशासन को पत्रकारों एवं आम लोगों का भी सहयोग मिला।

### डीएम ने की आम जनता से मुलाकात



**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल ने बक्सर स्थित कार्यालय कक्ष में आम जनता से मुलाकात किया। मुलाकात के क्रम में कुल 21 आवेदनों पर सुनवाई की गई एवं संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। बता दें कि डीएम अंशुल अग्रवाल लोगों से उनके क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत हुए। इस दौरान डीएम से मिलकर लोग काफी संतुष्ट दिखाई दिए। बता दें कि प्रत्येक बुधवार व शुक्रवार को डीएम आम जनता से मुलाकात करते हैं। हालांकि लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम व्यस्त रहे। चुनाव के बाद डीएम के द्वारा यह पहली मुलाकात थी।

# मंदिर में चढ़ने वाले फूल-माला से बनेगी अगरबत्ती

## आरा-बक्सर की 25 महिलाओं को मिलेगी ट्रेनिंग, वेस्ट सामग्रियां इकट्ठा करने के लिए 32 मंदिर चयनित

निज संवाददाता। आरा

आरा और बक्सर की महिलाओं को बेहतर रोजगार का अवसर मिलेगा। हिमालय पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण की ओर से अगले माह जुलाई से ट्रेनिंग दी जाएगी। इस संस्था ने आरा और बक्सर की 25 महिलाओं को रोजगार देने का निर्णय लिया है। जिसके लिए आरा को अपना सेंटर चुना है। आरा से ही दोनों जिलों की मॉनिटरिंग होगी। ग्रामीण परिवेश में रहने वाली महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए संस्था ने मुहिम चलाई है। इसके तहत वेस्ट मटेरियल ( मंदिर में चढ़ने वाले फूल-माला) से धूपबत्ती बनाने का काम सिखाया जाएगा।

**हसनपुरा में सेंटर का उद्घाटन होगा:** हिमालय पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण से आई हेस्कों की प्रिंसिपल साइंटिस्ट किरण नेगी के मुताबिक आरा शहर के हसनपुरा में एक सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा। जहां पर महिलाएं वेस्ट मटेरियल से धूपबत्ती बनाएगी। इसके साथ ही नैवेद्यम लड्डु और कैरी बैग बनाया जाएगा। वहीं, धूपबत्ती को बनाने के लिए मंदिरों में चढ़ने वाले फूल, बेलपत्र और अन्य पूजा सामग्री का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए संस्था की ओर से आरा और बक्सर के 32 मंदिरों का चयन किया है। जो सबसे ज्यादा वेस्ट फूल और बेल पत्र होगा उससे जैविक खाद बनेगा। इसके लिए कंपनी दो लोगों को रखेगी। ये लोग मंदिरों से वेस्ट होने वाले फूल-पत्र और अन्य सामान लेकर आएंगे।

**गंगा को भी दूषित होने से बचा सकते:** बताया कि गंगा को गंदा होने से भी बचा सकते हैं। मंदिरों में चढ़ने वाले फूल-बेल पत्र इत्यादि चीजों को हम नदी, तालाब या नगर निगम के कूड़े में फेंक देते हैं। मटेरियल को नदी किनारे या गंगा किनारे डंप करते हैं। इससे गंगा दूषित हो रही है। हमारी टीम इन मंदिरों से वेस्ट मटेरियल को इकट्ठा कर लेगी। उसके बाद मशीन से उसमें से काम के लायक निकलने वाले फूल और पत्र को सुखाएगी। फिर उससे धूपबत्ती बनाई जाएगी। धूपबत्ती बनाने के लिए संस्था की ओर से मशीन और कंटेनर दिया जाएगा। साथ ही मार्केटिंग का काम भी संस्था के कर्मी ही देखेंगे।



**बाजार से कम होगी कीमत:** किरण नेगी ने बताया कि संस्था गांव-गांव जाकर महिलाओं का प्रशिक्षित कर उनको चयनित करेगी। चयनित महिलाओं को संस्था की ओर से 15 दिनों की मुफ्त ट्रेनिंग दी जाएगी। उसके बाद उन 25 महिलाओं में से एक महिला को देहरादून में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। अन्य महिलाओं को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में संस्था के सेंटर में ट्रेनिंग दी जाएगी। फिर उनको काम करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। महिलाओं को उनके योग्यता और काम के अनुसार सैलरी दी जाएगी। साथ ही जो भी धूपबत्ती, कैरी बैग और नैवेद्यम लड्डू बनाए जाएंगे वो अन्य मार्केट के मुताबिक सस्ते दामों में यहां उपलब्ध होंगे।

# "आरा हमारे दिल में है और सदैव रहेगा", चुनाव हारने के बाद आरके सिंह का भावुक पोस्ट

## 1.2k लोगों ने दी प्रतिक्रिया, कार्यकाल को सराहा

निज संवाददाता। आरा

आरा लोकसभा चुनाव में हार के बाद आरके सिंह ने आरावासियों के लिए एक भावुक मैसेज जारी किया है। आरके सिंह का यह मैसेज उनके फेरीफाइड फेसबुक अकाउंट से जारी हुआ है। उन्होंने लिखा है आरा हमारे दिल में है और सदैव रहेगा। मैसेज पोस्ट होने के बाद से कई लोगों ने अपनी संवेदना आरके सिंह को लेकर जताई है। कई लोगों ने उनके काम को सराहा है। कई लोगों को विश्वास नहीं हो रहा आखिर आरके सिंह हार कैसे गए। वहीं, आरके सिंह के जारी संदेश के बाद कई भावुक कमेंट भी उनके पोस्ट पर किए गए है। पोस्ट पर 1.2k लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। 3.1k लोगों ने लाइक किया है।



**कार्यकर्ता का जताया आभार:** दरअसल आरके सिंह ने अपने फेरिफायड फेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि "हम आरा की जनता और हमारे चुनाव में अपना योगदान देने वाले सभी जमीनी कार्यकर्ता बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इतनी भीषण गर्मी और विषम परिस्थितियों में भी जनता ने आगे बढ़कर हमें आशीर्वाद दिया है। उसके लिए हम आरा की जनता को धन्यवाद करते हैं। आरा हमारे दिल में है और सदैव रहेगा। हमें आरा से कोई अलग नहीं कर सकता। हार या जीत हमारे संबंधों को प्रभावित नहीं करता है, आरावासियों ने हमें दो बार विकास का मौका दिया और हमने आरा के विकास में पूर्ण रूप से प्रयास किया, योजनाओं को जमीन पर उतारी। आरा की जनता ने हमेशा हमें आशीर्वाद और स्नेह दिया है। जिसके लिए हम सदैव उनके आभारी रहेगें।"

**पोस्ट पर यूजरों ने किया रिप्लाई:** वहीं इस संदेश के पोस्ट होने के बाद 1.2k लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वहीं इस पोस्ट को अबतक 3.1k लोगों ने लाइक किया है। एक यूजर ने लिखा कि 'आप All Time Best... न भूतो न भविष्यति सांसद हैं, आपका कार्यकाल और विकास अभूतपूर्व रहा। आप की हार, हार नहीं बल्कि सीख है.. आपको अपने ही लोगों और आसपास रहने वाले खास चेहरों ने अंधेरे में रखा, जमीनी हकीकत से कोसों दूर आप अपने ही दल में भीतरघात और अति आत्मविश्वास का शिकार हुए, नतीजा सामने है। उम्मीद करता हूं आप जबरदस्त वापसी करेंगे, शुभकामना'। वहीं एक और यूजर ने लिखा कि 'क्षेत्र में विकास की गंगोत्री बहाने में श्रीमान आपने कोई कसर नहीं छोड़ी, हम ही अभागा ठहरे, आपका न्यायोचित ऋण चुकाने में शायद चूक गए'।

# विशेष छापेमारी अभियान में 74 की गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 74 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास, दहेज अधिनियम, एससी-एसटी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, वारंट और शराब मामले पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। करीब 5 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया है।

**हत्या के प्रयास मामले में एक की गिरफ्तारी:** करीब 125 लीटर देसी शराब और साढ़े चार लीटर अंग्रेजी बरामद की गई है। करीब 15 सौ लीटर शराब नष्ट किया गया है। 6 वारंटों का निष्पादन किया गया है। 1910 वाहनों की जांच की गई। चार लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। उदवंतनगर थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में एक को पकड़ा है। नवादा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक को गिरफ्तार किया है।



- छेड़खानी सहित अन्य मामलों कार्रवाई, 1910 वाहनों की जांच में चार लाख रुपए जुर्माना वसूला

बड़हरा पुलिस ने छह ट्रकों को जब्त किया है। संदेश थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और पॉक्सो एक्ट में एक आरोपित को पकड़ा है। कारनामेपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। संदेश पुलिस ने छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के दूसरे मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पीरो थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में एक आरोपित को पकड़ा।

# 26 जून से होगी पीएचडी पैट की परीक्षा, लोकसभा चुनाव को लेकर हो रही थी देरी

## तीन हजार परीक्षार्थी चार केंद्रों पर देंगे एग्जाम

निज संवाददाता। आरा

वीर कुंवर सिंह के परीक्षा विभाग ने लोकसभा चुनाव के खत्म होते ही परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) 2022 की परीक्षा की तिथि घोषणा कर दी है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा 26 जून से ली जाएगी। परीक्षा तिथि की घोषणा के बाद विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। नए रेगुलेशन के तहत चौथी बार परीक्षा हो रही है। परीक्षा चार केंद्रों पर ली जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से केंद्रों का निर्धारण किया जा रहा है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी पीएचडी प्रवेश परीक्षा आरा में ही ली जाएगी। करीब तीन हजार परीक्षार्थी 4 केंद्रों पर देंगे एग्जाम। लोकसभा चुनाव के कारण परीक्षा का आयोजन नहीं हो पा रहा था। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2021–24 की परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन पीजी सेमेस्टर वन के सत्र 2024-26 में नामांकन प्रक्रिया शुरू करेगा। जुलाई माह से पीजी सेमेस्टर वन के सत्र 2024–26 की कक्षाएं भी शुरू हो जाएगी।



### परिवहन विभाग का गजब करनामा

# एक ही रजिस्ट्रेशन पर दौड़ रहीं दो -दो बाइकें



निज संवाददाता। बक्सर

परिवहन विभाग के भी अजब-गजब कारनामें देखने को मिलते रहते है। एक ही रजिस्ट्रेशन पर दो-दो बाइक दौड़ रही है। एक बाइक बक्सर जिला में तो दूसरी बाइक पटना में दौड़ रही है। घटना का खुलासा तब हुआ जब पटना में दौड़ रही बाइक का चालान कटा और उसका मैसेज बक्सर जिला में रहने वाले युवक के पास आया। युवक घटना को लेकर परिवहन विभाग और पुलिस के पास दौड़ लगा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के लीलाधरपुर गांव के सुरेश सिंह का पुत्र संजीत कुमार सिंह ने आरा से हीरो की बाइक खरीदी थी। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 03 ए के 1882 मिला था। युवक के मोबाइल पर 29 अप्रैल को हेलमेट का चालान कटने का मैसेज प्राप्त हुआ जबकि उनकी बाइक गांव पर थी। चालान पटना के खगौल में ऑनलाईन कटा था। चालान का मैसेज मिलते ही युवक आरा डीटीओ कार्यालय पहुंचा और अपनी आपबीती सुनाई। आरा डीटीओ कार्यालय के कर्मियों ने नजदीकी थाना में सनहा दर्ज कराने का सलाह देकर युवक को टरका दिए। इसके बाद से युवक थाना का दौड़ लगाताा रहा। युवक की परेशानी से पुलिस ने भी किए हाथ खड़े एक ही रजिस्ट्रेशन पर दो- दो बाइक दौड़ने से परेशान युवक की समस्या से पुलिस ने हाथ खड़े कर लिए। पीड़ित युवक ब्रह्मपुर थाना से लेकर जिला के वरीय पुलिस पदाधिकारियों तक गुहार लगाई। पुलिस पदाधिकारियों ने परिवहन विभाग का हवाला देकर युवक को चलता करते रहे। युवक का कहना है कि अगर दूसरे बाइक वाले ने किसी तरह का अपराध कर दिया तो वह फंस सकता है। युवक के परेशानी से न तो पुलिस को कोई लेना-देना है न ही आरा परिवहन विभाग को। दोनों एक दूसरे का मामला बता युवक को टरका दे रहें है।

# वैज्ञानिक तरीके की बागवानी से 60 से 80% लाभ

निज संवाददाता। आरा

आरा भोजपुर जिले में आमतौर पर लगभग सभी प्रकार की फसलें होती है। बागवानी में भी सब्जियों में करेला, नेनुआ, झिंगिनी, परवल, गोभी, मिर्च, ,टमाटर व बैगन की प्रचुरता है। इसी प्रकार प्रमुख फलदार बृक्षों में जिले में आम 3588 हैक्टेयर, अमरूद 1592 हैक्टेयर एवं केला 275 हैक्टेयर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार अगर इसे वैज्ञानिक पद्धति से इसका प्रबंधन किया जाय, तो वर्तमान लाभ के स्तर में न्यूनतम 60 से 80 प्रतिशत अधिक लाभ की सम्भावनाएं होगी। वैज्ञानिक पद्धति से अभी 15 से 20 प्रतिशत बागवानी इन फसलों की, की गई है। जो नए बाग़ लगाए जा रहे है अगर इसका सही तरह से प्रबंधन हो तो उनका विकास बहुत अच्छा होगा, पेड़ों के सूखने की संभावना न्यूनतम होगी एवं आगत फलन की सम्भावनाएं भी प्रबल होगी। जिले के वैसे प्रक्षेत्र जहां पर की पानी की कमी है वहां पर आधुनिक तकनीक को अपनाकर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से खेती की जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को प्रशिक्षित भी कर रहा है। जिले में अमरुद की किस्म सरदार, इलाहाबाद, सफेद, ललित, मृदुला, केजी ग्वाभा, लखनऊ 49 की एवं केला की किस्म रोबस्ट चिनिया, कैवेंडिस व बसराही की आधुनिक तरीके से बागवानी कर फल उत्पादन में बढ़ावा दे रहे है। आम की किस्म मुंबई, जरदालू, गुलाब खास, लंगड़ा, दशहरी, चौसा, हिमसागर, कृष्ण भोग, गोपाल भोग एवं सुकूल आम की खेती कर रहे है। घरों के अंदर में आम लगाना है तो इसके लिए मल्लिका और आम्रपाली के अलावा मोहम्मद बहार, मेनका, सुभाष आदि किस्म के आम लगाए जा रहे है।



> खेत के तैयारी के समय में ही एक एकड़ खेत में कम से कम एक क्विंटल बुझा हुआ चुना, दो टेलर सड़ी हुई गोबर की खाद साथ में 8 किलोग्राम कर टाप हाइड्रा क्लोराइड दानेदार दवा का प्रयोग करने से जमीन में उपस्थित विविध प्रकार के कीड़ों की समस्या दूर हो जाती है। कई प्रकार की बीमारियों से पौधे को बचने के लिए ट्राइकोडर्मा 2 किलोग्राम प्रति एकड़, दो टोकरी गोबर में मिलाकर खेत की तैयारी के समय में खेतों में डालने से रोगों का फैलाव व फफूंदी का नियंत्रण होगा।
>
> **-डॉ पीके द्विवेदी,** कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख

# आशा नवदंपतियों को देंगी नई पहल किट

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। ताकि, परिवार नियोजन के संबंध में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें नियोजन के साधनों के इस्तेमाल के प्रति प्रेरित किया जा सके। इस क्रम में गत दिनों जिले के नवदंपतियों के बीच नई पहल किट का वितरण किया जा रहा है। नव दंपतियों को परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक किया जा सके। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन के तहत परिवार नियोजन की सामग्री से युक्त इस किट में स्त्री-पुरुष के लिए प्रसाधन सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन की सामग्रियों को शामिल किया गया है। सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इस योजना के तहत एक पहल है। विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत यह पहल की है। इस किट में स्त्री, पुरुष के लिए प्रसाधन की सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन की सामग्री भी रखी गई है। कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकर्ताएं अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर नवविवाहित जोड़ों का पता लगायेंगी और उन्हें किट उपलब्ध करायेंगी। साथ ही, वो उन नव दंपतियों को परिवार नियोजन के संबंध में पूरी जानकारी भी देंगी। नई पहल कीट में अस्थाई साधनों के साथ दिया जायेगा पत्र डीसीएम हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग और जीविका के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कुल 2135 किट का वितरण किया जायेगा। परिवार कल्याण विभाग की ओर से दी जाने वाले किट में एक बधाई पत्र, जूट का बैग, विवाह पंजीकरण फॉर्म, एक पंपलेट, कंडोम किट, गर्भ निरोधक गोलियां, तौलिया, परफ्यूम, आईना, कंघी, रुमाल, जानकारी कार्ड, आशा कार्यकर्ता व एएनएम के मोबाइल नंबर, गर्भ जांच कीट एवं इमरजेंसी कंट्रासेप्टिव पिल्स रखा गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेनिंग में शामिल होने मुंगेर जाएंगे सरकारी शिक्षक

**भागलपुर**। सरकारी स्कूलों के 210 शिक्षक प्रशिक्षण लेने के लिए मुंगेर के पूरबसराय डायट जाएंगे। डीईओ राजकुमार शर्मा ने कहा कि वहां 10 से 15 जून तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी शिक्षकों को नौ जून को प्रशिक्षण केंद्र पहुंचने को कहा गया है। झाझा| दिघरा गांव में जमीन को लेकर एक महिला के साथ उसके गोतिया के तीन- चार लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम देकर घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान उमेश यादव की पत्नी चिंता देवी के रूप में हुई है। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां चिकित्सक ने घायल महिला का इलाज किया। बताया कि शुक्रवार की सुबह कूड़ा फेंकने के दौरान विवाद हुआ।

### वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतने से खेल प्रेमियों में हर्ष

**मुंगेर**। जिले के खेल प्रेमियों एवं शूटिंग प्रेमियों में भारत के वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतने से खुशी व्याप्त है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि जर्मनी में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में आखिरकार भारत का खाता खुल ही गया। म्यूनिख शूटिंग वर्ल्ड कप में भारत के सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। 22 साल के सरबजोत ने आठ खिलाड़ियों वाले फाइनल में 242.7 का स्कोर किया और पहले नंबर पर रहे। सरबजोत ने 588 का टॉप स्कोर कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। यह उनका वर्ल्ड कप में दूसरा व्यक्तिगत गोल्ड है। खेल प्रेमी अनिल कुमार यादव, प्रभुदयाल सागर, दीनदयाल सागर, शशि मोहन सिंह, रजी अहमद, फरमूद आलम आदि ने भारत का नाम रौशन करते हुए गोल्ड जीतने पर शुभकामनाएं दी।

### 15 जून तक विस्तारित की गई स्नातक पार्ट-2 में नामांकन की तिथि

**मुंगेर**। मुंगेर विव में स्नातक पार्ट-1, सत्र 2022-25 नियमित एवं सत्र 2021-24 बैकलॉग के सभी उत्तीर्ण एवं प्रोन्नत छात्र-छात्राओं के लिए पार्ट-2 में नामांकन की तिथि को 15 जून तक विस्तारित किया गया है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि स्नातक पार्ट-1, सत्र 2022-25 के नियमित एवं सत्र 2021-24 बैकलॉग के उत्तीर्ण एवं प्रोन्नत छात्र स्नातक पार्ट-2 सत्र 2022-25 में अब 15 जून तक नामांकन ले सकते है। नामांकन लेने की तिथि को विस्तारित किया गया है। महाविद्यालय से दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत भुगतान कर अपना नामांकन रसीद निकाल अपना नामांकन सुनिश्चित करा लें। नामांकन के समय छात्र भौतिक सत्यापन के लिए प्रथम खंड प्रवेश पत्र की छायाप्रति, अंक प्रमाण या टीआर या वेब कॉपी की छाया प्रति संलग्न करेंगे। उन्होंने बताया कि एससी, एसटी एवं सभी सामान्य छात्राओं को जीरो पेमेंट का स्लीप निकालना अनिवार्य है। अन्यथा उनका नामांकन रद्द समझा जाएगा। वैसे पार्ट-1 एवं पार्ट-2 का परीक्षा प्रपत्र भी भरा जा रहा है।

### 10 से 15 तक करें स्क्रूटनी करने के लिए आवेदन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में डिग्री पार्ट-3, सत्र 2021-24 के विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय का रिजल्ट प्रकाशित किया जा चुका है। प्रकाशित रिजल्ट में अगर कोई छात्र एवं छात्रा स्क्रूटनी के लिए इच्छुक हैं, तो वे विवि के पोर्टल के माध्यम से 10 से 15 जून तक ऑनलाइन स्क्रूटनी फॉर्म भर सकते हैं। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि अधिकतम तीन पेपर के लिए 200 रूपए प्रति पेपर की दर से स्क्रूटनी के लिए आवेदन किया जा सकता है। भुगतान से पूर्व कॉलेज द्वारा अग्रसारित आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र एवं परीक्षाफल की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।

### घरेलू विवाद में मारपीट में एक लड़की जख्मी

**टेटिया बंबर**। गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्की गांव में घरेलू विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में एक पक्ष की प्रीति कुमारी जख्मी हो गई। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर में कराया गया। तत्पश्चात मामले को लेकर जख्मी प्रीति कुमारी के पिता गोलू कुमार ने गंगटा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें छोटू शर्मा एवं प्रकाश शर्मा को नामजद किया गया है। वहीं आवेदन की पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### 12 जून तक पीजी सेम-4 का भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-4, सत्र 2022-24(परीक्षा- 2024) एवं बैकलॉग सत्र 2021-23 के विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि 08 जून यानी शनिवार से 12 जून तक पीजी सेमेस्टर-4 का परीक्षा फॉर्म भरा जा सकेगा। उसके बाद 13 और 14 जून को विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरा जा सकेगा। वैसे विद्यार्थी जो पीजी सेमेस्टर-1, पीजी सेमेस्टर-2 पास हों तथा पीजी सेमेस्टर-3 में पास या प्रोन्नत हों, वे परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा शुल्क 500 रुपए निर्धारित है। साथ ही विलंब शुल्क 100 रुपए निर्धारित है। छात्र-छात्राएं अपने दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराते हुए ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा प्रपत्र शुल्क का भुगतान कर सकेंगे।

### वार्ड-2 की पार्षद ने लगाया लापरवाही का आरोप

**मुंगेर**। नगर निगम वार्ड-2 के पार्षद मीना देवी ने नगर आयुक्त को आवेदन दिया था कि उनके वार्ड में पिछले कई महीनों से जमादार और ट्रॉली चालक कार्य को लेकर लगातार लापरवाही बरत रही है। बार-बार कहने के बाद भी किसी प्रकार की कोई सुधार नहीं हो पा रही है। पार्षद की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त निखिल धनराज ने वार्ड-2 के जमादार सुनील राउत को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है और पार्षद को आश्वासन दिया है कि एक-दो दिन में नया जमादार वार्ड में डिपूट कर दिया जाएगा। इसके अलावा ट्रॉली चालक के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कही है। इसके अलावा पार्षद ने मेयर कुमकुम देवी के खिलाफ वार्ड के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके वार्ड में अबतक 10 पोल लाइट नहीं लगाया गया है। इतना ही नहीं जो पुराने लाइट वार्ड में खराब पड़े हैं, उसे भी ठीक नहीं कराया जा रहा है, जबकि अन्य वार्डों में पोल लाइट लगाने का कार्य किया जा चुका है और कई वार्डों में नई एलईडी लाइटें भी लगायी जा चुकी है। इतना ही नहीं पोल लाइट में कंपनी के द्वारा टाइमर लगाने की बात कही गई थी, तीन महीने बीत जाने के बाद अबतक पोल लाइट में कंपनी के द्वारा टाइमर नहीं लगाया गया है। गौरतलब है कि नगर निगम प्रशासन के 3000 एलइडी बल्ब लगाने की योजना में 40 वाट के 2400 एलईडी बल्ब और 100 वाट के करीब 600 एलईडी बल्ब लगाया गया है। इसके अलावा 600 बिजली के पोल भी लगायी जा रही है।

### सरस्वती अर्जुन एकलव्य कॉलेज को मिला स्थायी संबंधन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत सरस्वती अर्जुन एकलव्य कॉलेज, जमुई को शैक्षणिक सत्र 2023-26 के लिए कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्थायी संबंधन प्रदान किया गया है। जिसके आधार पर शुक्रवार को रजिस्ट्रार कार्यालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-26 के लिए कला संकाय के ऑनर्स में हिन्दी, उर्दु, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास आदि विषयों में संबंधन मिला है। वहीं विज्ञान संकाय में पास एवं ऑनर्स विषयों में भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, जंतु विज्ञान एवं गणित में तथा वाणिज्य संकाय में पास एवं ऑनर्स विषय में सभी अनिवार्य विषयों में संबंधन प्रदान किया गया है। इसे अधिसूचित कर दिया गया।

# हड़ताल पर ई-रिक्शा चालक, कोडिंग व्यवस्था के खिलाफ है नाराजगी

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को ई-रिक्शा चालकों ने जिला प्रशासन की नई व्यवस्था का विरोध करते हुए हड़ताल कर दिया। इससे आम राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तिलकामांझी से सेंट्रल जेल रोड, जीरोमाइल और शहरी इलाके के रूठो पर अन्य रिक्शा चालकों के साथ हड़ताल पर गए रिक्शा चालकों ने धक्का-मुक्की भी किया, और जिला प्रशासन की नई व्यवस्था के खिलाफ एक साथ मिलकर लड़ाई लड़ने की बात कही। बता दें कि पिछले कई दिनों से ई-रिक्शा चालक यातायात व्यवस्था के नए नियमों का विरोध कर रहे हैं। चालकों का कहना है कि रूट के आधार पर कोडिंग किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से इस कोडिंग व्यवस्था से हम लोगों की कमाई पर असर पड़ रहा है, जिसको लेकर हम लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। जिला प्रशासन इस व्यवस्था को हटा दें जिससे कि हम लोग घर का भरण पोषण सही तरीके से कर पाए।

**ई-रिक्शा चालकों से बात कर रहे हैं यातायात प्रभारीः** ई-रिक्शा चालकों ने आगे बताया कि कोडिंग के नाम पर तथाकथित ई रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष विशाल कुमार और ट्रैफिक पुलिस के मिलीभगत से 2000 से 5000 तक लिए जा रहे हैं। रूट के आधार पर रुपए तय की जाती है। यदि कोडिंग का व्यवस्था शहर में रही तो हम सैकड़ों ई-रिक्शा चालक भूखे मर जाएंगे। इधर, हड़ताल की सूचना पर यातायात प्रभारी पहुंचे और ई रिक्शा चालक से बातचीत कर रहे हैं।

**हवाई अड्डा के समीप चक्का जामः** सैकड़ो ई-रिक्शा चालकों ने हवाई अड्डा के समीप ई- रिक्शा लगाकर जिला प्रशासन के नई व्यवस्था कोडिंग का विरोध किया है। जिला प्रशासन की ओर से निर्धारित किया गया है कि जिन ई रिक्शा में पुलिस कोड नहीं रहेगा उन पर जुर्माना और यातायात नियमों का उल्लंघन मानकर उसपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इधर, ई रिक्शा चालक संघ के नाम पर चालकों से अवैध तरीके से रुपए लिए जा रहे हैं फिलहाल यातायात थाना प्रभारी आक्रोशित ई रिक्शा चालकों से बात कर रहे हैं।

**आक्रोशितों को समझाने में जुटी पुलिस**



## नगर निगम, जमालपुर नगर परिषद और 148 राजस्व गांव एरिया प्लान में शामिल

निज संवाददाता | मुंगेर

नगर विकास विभाग की पहल पर अगले 20 साल में मुंगेर शहर का नियोजित विकास किस प्रकार हो, इसको लेकर मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। मुंगेर शहर का मास्टर प्लान अगले 20 साल नियोजित विकास को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। मुंगेर के असिस्टेंट टाउन प्लानर दिलशाद असरफ ने बताया कि मास्टर प्लान का जिम्मा दिल्ली की एक्सल जियोमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया है। कन्सल्टेंसी एजेंसी ने शहर के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार कर चुका है। इसके अलावा नगर विकास व आवास विभाग से स्वीकृत भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है, इसके लिए कन्सल्टेंसी एजेंसी आयोजन क्षेत्र में कुछ सर्वे का काम कर रही है। सर्वे के रूप में क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक सर्वे कार्य, ट्रैफिक वॉल्यूम काउंट सर्वे कार्य के अलावा लैंड यूज सर्वे का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी शहर का मास्टर प्लान का उद्देश्य यह होता है कि आगे आने वाले 20 साल जो मुंगेर शहर आयोजन क्षेत्र का विस्तार होगा, उसके अनुसार योजनाबद्ध तरीके से शहर का विकास की जाय। नगर आयुक्त निखिल धनराज ने बताया कि नगर विकास विभाग ने अगले 20 साल के नियोजित विकास के लिए नये सिरे से सीमांकन किया गया है। उन्हींने बताया कि मुंगेर शहर के एरिया प्लान में 162 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल को शामिल किया गया है, जिसमें शहरी क्षेत्र के 28 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल और ग्रामीण क्षेत्र में 134 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल शामिल है। मास्टर प्लान में 148 रेवेन्यू विलेज शामिल करने के अलावा मुंगेर नगर निगम क्षेत्र और जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र को शामिल किया गया है।




## समय पर वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाईकर्मी करेंगे हड़ताल

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार को नगर निगम कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर निगम सफाई कर्मचारी द्वारा लाजपत पार्क मैदान में बैठक का आयोजन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी और नगर निगम से हुए सेवानिवृति कर्मचारियों को आर्थिक लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर निगम के सफाई कर्मी संघ के अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि आए दिन घूसखोरी नगर निगम सफाई कर्मचारी के साथ सौतेले व्यवहार के साथ सफाई एजेंसी द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जा जाता है। इसको लेकर हम लोगों ने निर्णय लिया है कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं होता है तो हम लोग सामूहिक हड़ताल करेंगे। मामले को लेकर सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष लड्डू हरि ने कहा कि नगर निगम द्वारा आए दिन भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निगम के सफाई कर्मचारी के साथ सौतेला व्यवहार करते हैं। सफाई कर्मी को समय पर वेतन भुगतान नहीं करते हैं। सेवानिवृत्त कर्मी को आर्थिक लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि सभी सफाई कर्मियों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं होता है, तो हमलोग सामूहिक रूप से हड़ताल करेंगे। इससे नगर निगम का सफाई कार्य टप हो जाएगा।



♦ भागलपुर में निगम के रवैया से सफाई कर्मी परेशान, बोले-आर्थिक लाभ नहीं दिया जा रहा

## भाभी के प्यार में डबल मर्डर, भाई-भतीजे को मारी गोली, 12 साल के बच्चे को प्राइवेट पार्ट में लगी थी बुलेट

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार को हुए डबल मर्डर में नया मोड़ सामने आया है। बताया जा रहा कि आरोपी विकास का भाभी से अफेयर चल रहा था, लेकिन भाई बाधा बन रहा था। इससे विकास ने चचेरे भाई राजीव मंडल (35) और भतीजे पीयूष कुमार(12) की गोली मारकर हत्या कर दी। पीयूष को प्राइवेट पार्ट और राजीव के पेट में गोली लगी थी। बच्चे की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि राजीव की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर गंगानिया में गुरुवार शाम की है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी विकास का अपने चचेरे भाई की पत्नी रूपमणि से पिछले 1 साल से अफेयर चल रहा था। इसमें राजीव बाधा बन रहा था। जिसके बाद मौका देखकर विकास ने राजीव के घर पर फायरिंग कर दी। वारदात के समय राजीव की भांजी भी मौजूद थी, जिसने ये सब देख लिया। घटना के बाद आरोपी विकास फरार है। पुलिस ने विकास के दो बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



**कैसे बढ़ा विवादः** दरअसल, घटना से पहले राजीव की बहन बबीता भी घर में मौजूद थी। बबीता की नाबालिग बेटी यानी राजीव की भांजी चापाकल के पास स्नान कर रही थी। इसी दौरान विकास ने विवाद करने को लेकर उसपर मिट्टी फेंक दी। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। इस विवाद के बाद विकास ने राजीव के घर पर चढ़कर 6 राउंड फायरिंग की। टारगेट पर राजीव के साथ-साथ भांजी थी, लेकिन फायरिंग के दौरान भांजी वहां से हट गई और गोली वहां खड़े पीयूष को लग गई। राजीव को इलाज के लिए मायागंज ले जाया गया, जहां से उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

♦ अफेयर में पति बन रहा था बाधा

**आरोपी के बेटों से की जा रही पूछताछः** घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी विकास मंडल के दो बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक विकास मंडल दहशत फैलाने के लिए हथियार हमेशा पास रखता है। इसके साथ ही शराब के नशे में धुत्त रहता है। दो माह पहले ही जेल से निकला है।

# थानेदार के स्कार्पियो ने युवक को रौंदा, मौत के बाद हंगामा

## NH-80 जाम कर लोगों ने मांगा 7 लाख मुआवजा, प्राइवेट फोर-व्हीलर से जा रहे थे थानाध्यक्ष

निज संवाददाता | भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार सुबह 9 बजे थानेदार की प्राइवेट गाड़ी ने एक युवक को रौंद दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया। जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने आश्वासन दिया कि शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर 7 लाख रुपए परिजनों को दिया जाएगा। जब परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा लिया तो पुलिस डेढ़ लाख मुआवजा के तौर पर देने की बात कहने लगी। इसके बाद परिजनों ने शाम 4 बजे से NH-80 को जाम कर दिया। वहां बैठकर लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जाम अभी तक जारी है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

**गाड़ी में मौजूद थे थानेदारः** मरने वाले की पहचान बालेश्वर कुमार के बेटे अमित कुमार(22) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक अमित कुमार पैदल घोंघा NH- 80 पर जा रहा था। तभी घोंघा थाने के प्राइवेट वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। बता दें कि गाड़ी में थानेदार और ड्राइवर सवार थे। घटना की जानकारी के बाद आसपास के दर्जनों लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने दहाड़ मार कर रोना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी के बाद थाने के अन्य पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर किसी तरह पोस्टमॉर्टम के लिए भागलपुर लाया गया।



**मजदूरी कर घर चलाता था लड़काः** पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों ने मृतक का शव घोंघा लेकर पहुंचे और NH-80 पर रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पिछले 4 घंटे से भागलपुर-कहलगांव मुख्य मार्ग को जाम कर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा कर रहे हैं। परिजनों की मांग है कि उन्हें 7 लाख मुआवजा पुलिस द्वारा दिया जाए। वह मजदूरी कर घर का भरण पोषण करता था।

**पुलिस ने घटनास्थल से सीसीटीवी हटा लियाः** मृतक के बड़े भाई अजय कुमार ने बताया कि NH-80 होकर वह पैदल कहीं जा रहा था। तभी घोंघा थाना में पदस्थापित थानेदार अजीत कुमार के प्राइवेट वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। वारदात सीसीटीवी में कैद है। घटना के बाद परिजन शव को पोस्टमॉर्टम कराने के लिए भागलपुर पहुंचे तो उधर, पुलिस ने मौजूद सीसीटीवी को खुलवाकर रखवा दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने पोस्टमॉर्टम से पहले आश्वासन दिया कि 7 लाख देंगे। लेकिन पोस्टमॉर्टम होने के बाद पुलिस अब डेढ़ लाख रुपए दे रही है। इसको लेकर परिजनों में काफी गुस्सा है। NH-80 को जाम कर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। मामले को लेकर घोंघा थानेदार अजीत कुमार से बातचीत करने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इस मामले में सिटी एसपी राज से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### किशोरी की कुएं में डूबने से मौत

**मुंगेर**। मुंगेर के धरहरा प्रखंड अंतर्गत बंगलवा पंचायत के लड़ाइयां टांड थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथवन गांव में शुक्रवार को एक 10 वर्षीय किशोरी की गहरे कुएं में डूबने से मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय थाना ने शव को मुंगेर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कैथवन गांव के रहने वाले किसान सह पशुपालक राजेंद्र यादव ने बताया कि मेरी सबसे बड़ी पुत्री 10 वर्षीय ऋतु कुमारी आज दोपहर बाद घर में पीने का पानी लाने के लिए गांव में ही स्थित कुएं पर गई थी।

काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटी तो हम लोगों ने खोजबीन शुरू कर दी। दादा गेंधारी यादव ने कहा कि हमने भी खोजबीन शुरू की। जैसे ही कुएं के पास गया तो कुएं में देखा मेरी पोती का शव उपला रहा था। हम लोग रस्सी के सहारे कुएं में से शव को निकालने की कोशिश करने लगे और इसकी सूचना लड़ाइयां टांड थाना को भी दे दी। कुछ देर के बाद थाना अध्यक्ष सोनू कुमार भी दलबल के साथ पहुंचे।

## चैम्बर के पदाधिकारी पर सदस्यता शुल्क की प्राप्त राशि में हेराफेरी करने का लगाया गया था आरोप

निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर बीते 26 मई को चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष संजय कुमार बबलू द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि चैम्बर को हर साल 10 लाख रुपये की आमदनी होती है। चैम्बर के पदाधिकारी द्वारा इस राशि में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की जाती है। यह बात बिल्कुल निराधार और सफेद झूठ है। यह बातें शुक्रवार को चैम्बर के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि जिन्होंने यह झूठा आरोप लगाया है, वे स्वयं इस चैम्बर के कार्यकारी सदस्य हैं। जबकि हकीकत यही है कि हर तीन महीने में चैम्बर की बैठक होती है और उसमें चैम्बर के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जाता है। जिन्होंने आरोप लगाया है, वे स्वयं उस बैठक में मौजूद रहते हैं। लेकिन आज तक उन्होंने बैठक में इस तरह का आरोप नहीं लगाया है। लेकिन चुनावी फायदे के लिए उन्होंने चैम्बर चुनाव के दौरान यह झूठा आरोप लगाकर व्यवसायियों को गुमराह करने की असफल कोशिश की है। उन्होंने चैम्बर की छवि को धूमिल करने के लिए यह झूठ फैलाया है। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग लगातार चैम्बर को तोड़ने तथा बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएंगे। प्रेस वार्ता में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव व अन्य। निर्वाचन पदाधिकारी के चयन पर दी गई सफाई कार्यकारी अध्यक्ष ने चैम्बर चुनाव के लिए निर्वाचन पदाधिकारी के चयन को लेकर उठाए जा रहे सवाल पर भी अपनी सफाई दी।




## गोराडीह में 3.5 या 4 किमी लंबा नया एयरपोर्ट बनेगा

निज संवाददाता | भागलपुर

लोकसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही अटके प्रोजेक्ट में गति आ गई है। भागलपुर में हवाई सेवा शुरू करने की दिशा में एक बार फिर से पहल तेज हो गई है। गोराडीह में गोशाला की जमीन पर हवाई अड्डा बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सिविल विमानन निदेशालय को प्रस्ताव भेजा गया है। डीएम नवल किशोर चौधरी ने बताया कि दो तरह का प्रस्ताव भेजा गया है। एक में चार हजार मीटर लंबा और दूसरे में साढ़े तीन हजार मीटर लंबा हवाई अड्डा निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इसकी मंजूरी मिलने के साथ ही इस दिशा में काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए गोशाला की जमीन ली जाएगी। साथ ही, वहां की रैयती जमीन का भी अर्जन किया जाएगा। लेकिन निदेशालय से मंजूरी मिलने के बाद ही इस दिशा में पहल हो सकेगी। बता दें कि इसके लिए निदेशालय की और से नया हवाई अड्डा बनाने के लिए जमीन का प्रस्ताव मांगा गया था। इसके बाद जमीन चिह्नित करने के लिए डीएम की ओर से टीम भी गठित की गई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण इस दिशा में पहल नहीं हो पा रही थी। चुनाव खत्म होने के साथ ही अब प्रस्ताव भेज दिया गया है। सिविल विमानन निदेशालय पटना के निदेशक संचालन निशीथ वर्मा ने हवाई अड्डा के विकास के लिए भूमि चिह्नित करने के लिए कहा था, ताकि नए हवाई अड्डा के निर्माण के लिए विचार किया जा सके। इस संबंध में निदेशालय ने 5 फरवरी 2024 को डीएम को पत्र भेजा था। इसमें भागलपुर में हवाई अड्डा के विकास के लिए 475 एकड़ भूमि चिह्नित करने का अनुरोध किया था। भूमि उपलब्धता रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के बाद ही भागलपुर में नए हवाई अड्डा के निर्माण के लिए विचार किया जाएगा। अब इसके लिए रिपोर्ट भेज दी गई है। बताते चलें कि भागलपुर हवाई अड्डा के रन-वे की लंबाई कम है। इसके लिए यहां से हवाई सेवा शुरू करने के लिए लगातार मांग की जा रही थी।



**जमीन के लिए 5 सदस्यीय टीम गठित की गई थीः** जानकारी के मुताबिक, जब निदेशालय की ओर से डीएम को पत्र भेजा गया था, तो इसके बाद ही जमीन की तलाश के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई थी। राजस्व के अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में गठित कमेटी में सदर एसडीओ, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता के अलावा जगदीशपुर व गोराडीह के सीओ को रखा गया। टीम की ओर से गोराडीह में जमीन की खोज की है। इसके साथ ही अपर समाहर्ता जमीन से संबंधित पूरी जानकारी जुटा ली थी। लेकिन रिपोर्ट लोकसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के कारण नहीं भेजी जा रही थी। अब इसके लिए पहल तेज की गई।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में ओपन एक्सेस पब्लिशिंग पर कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ने 8 जून 2024 को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में ओपन रिसर्च फंडर्स ग्रुप (ओआरएफजी) द्वारा प्रायोजित हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहयोग से अकादमिक समुदाय के लिए ओपन एक्सेस पब्लिशिंग पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में था, जिसमें देश भर विश्विद्यालयों से 185 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया था, जिसमें 55 ऑफलाइन मोड में और 78 ऑनलाइन मोड में थे। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एम.के. सिंह ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के डीन प्रोफेसर राकेश वर्मा ने की। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर आलोक प्रताप ने इस प्रकार की कार्यशाला के लिए सभी अकादमिक बिरादरी की सराहना की। मोनिका सिंह मुख्य अतिथि थीं, जिन्होंने गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए विषेषज्ञों का स्वागत किया। कार्यशाला का परिचय कार्यशाला के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. अमित कुमार सिंह ने दिया, जिन्होंने विशेषज्ञ व्यक्तियों का परिचय दिया और इस कार्यशाला के संचालन के लिए गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय को चुना। यह कार्यशाला बिहार में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में ही सीड अवार्ड प्रोग्राम के तहत आयोजित की गई। कार्यशाला में कुल चार तकनीकी सत्र थे, जो प्रश्नोत्तरी और प्रतियोगिताओं के साथ समाप्त हुए। ओपन एक्सेस प्रकाशन पर कार्यशाला का उद्देश्य विद्वानों और शोधकर्ताओं को उपकरणों से सशक्त बनाना और डिजिटल युग में विद्वानों के संचार की दुनिया को मान्यता प्रदान करना है। इस कार्यशाला का उद्देश्य ओपन एक्सेस और ओपन साइंस को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक विद्वान समुदाय का निर्माण करना है, जो ओपन एक्सेस प्रकाशन के सिद्धांतों और प्रथाओं के बारे में सदस्यों को शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। कार्यशाला के विशेषज्ञ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली से डॉ मोहित गर्ग और राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची से डॉ रंजीत कुमार सिंह थे, जिन्होंने ओपन एक्सेस, प्रकाशन अखंडता, ओपन जर्नल सिस्टम, डीओएजे पर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में हाइब्रिड मोड में विश्वविद्यालय के सभी डीन, निदेशक, प्रमुख, संकाय सदस्य और शिक्षक शामिल हुए।

## शिक्षा विभाग का प्रभार लेते ही एक्शन में एसीएस एस. सिद्धार्थ

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के सभी सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। विद्यार्थियों को बिना आधार के साइकिल और पोशाक समेत अन्य योजनाओं के पैसे नहीं मिलेंगे। हालांकि, जिन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड नहीं है, उनके आधार कार्ड इसी माह में ही बनवाये जाएंगे। इस संबंध में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ की ओर से सभी जिलों को निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण अनिवार्य किया है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाल शिक्षकों को इंक्रीमेंट नहीं मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों का आंतरिक मूल्यांकन भी होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आगाह किया गया है कि शिक्षकों को वेतन या सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलने की शिकायत शिक्षा विभाग में नहीं पहुंचनी चाहिए। यह भी हिदायत दी गई है कि छात्रों के टीसी पर काउंटर सिग्नेचर के लिए पैसे लेने की शिकायत बिल्कुल नहीं आनी चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी क्षेत्र में घूमेंगे।

## लोकसभा चुनाव खत्म होते ही एक्शन में सीबीआई

निज संवाददाता

**पटना।** लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव और उनके परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सीबीआई ने इस मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव और 77 अन्य आरोपियों के खिलाफ फाइनल चार्चशीट दाखिल कर दिया है। चार्चशीट में शामिल आरोपियों में 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं, लालू यादव के अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव भी इस मामले में आरोपी हैं। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि उसे सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी का इंतजार है। सीबीआई की विशेष अदालत दाखिल चार्जशीट पर 6 जुलाई को विचार करेगी। बता दें कि नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2023 पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, तेजस्वी यादव व राबड़ी देवी और अन्य को नई चार्जशीट के संबंध में जमानत दे दी थी। सीबीआई के मुताबिक, लैंड फॉर जॉब मामले में दाखिल दूसरी चार्जशीट में तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) के तत्कालीन जीएम, डब्ल्यूसीआर के दो सीपीओ, निजी व्यक्ति, एक निजी कंपनी सहित 17 आरोपियों के खिलाफ दाखिल की गई। सीबीआई ने मई 2022 को तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों मीसा और हेमा और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लालू यादव पर आरोप है कि रेलवे मंत्री रहते हुए उन्होंने 2004-2009 के दौरान रेलवे के विभिन्न जोन में ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्ति के बदले अपने परिवार के सदस्यों और अन्य के नाम पर जमीन का हस्तांतरण कराकर आर्थिक लाभ लिया था। यह भी आरोप है कि क्षेत्रीय रेलवे में ऐसी नियुक्तियों के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी।

# पंचायती राज विभाग ने खोला नौकरियों का पिटारा, इन 15,610 पदों पर जल्द होगी नियुक्ति

निज संवाददाता



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 10 लाख नौकरी देने की घोषणा को पूरा करने में पंचायती राज विभाग तेजी से जुट गया है। विभाग में विभिन्न स्तर के रिक्त 15610 पदों पर अगले तीन-चार माह में नियुक्ति करने की तैयारी कर ली है। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि विभाग को जल्द नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से 4351 पदों पर स्थायी नियुक्ति की जा रही है, जबकि 11259 पदों पर संविदा पर नियुक्ति की जाएगी। मंत्री शुक्रवार को विभागीय कार्यों की जानकारी पत्रकारों के साथ साझा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिन स्थायी पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है उसमें पंचायती राज अधिकारी के 112 पद, अंकेक्षक के 28 पद, पंचायत सचिव के 3525 पद, निम्न वर्गीय लिपिक (क्षेत्रीय स्थापना) के 504 पद, निम्न वर्गीय लिपिक (मुख्यालय स्थापना) के एक पद, कार्यालय परिचारी के पांच पद, जिला परिषद कनीय अभियंता के 104 पद और जिला परिषद में निम्न वर्गीय लिपिक के 72 पद शामिल हैं। इसके साथ ही 11259 संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति की जाएगी उसमें लेखापाल सह आइटी सहायक के 7070 पद, तकनीकी सहायक के 556 पद, कार्यपालक सहायक सह डाटा इंट्री आपरेटर के तीन पद, ग्राम कचहरी सचिव के 1400 पद और ग्राम कचहरी न्याय मित्र के 2230 पद सम्मिलित हैं। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों और अंकेक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी से, जबकि पंचायत सचिव, निम्नवर्गीय लिपिक कार्यपालक परिचारी और जिला परिषद में निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति बिहार कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर मिहिर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3090 करोड़ स्वीकृत किया गया है। अगले तीन-चार माह में हर वार्ड में 10-10 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के निदेशक हिमांशु राय के अलावा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## केके पाठक के छुट्टी पर जाते ही शिक्षकों के लिए आई गुड न्यूज़

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के सरकारी विद्यालयों के लिए लागू की गयी नई समय सारणी में शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को 20 मिनट का अल्पाहार अवकाश मिलेगा। इससे संबंधित आदेश शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक सन्नी सिन्हा की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया है। विभागीय आदेश में कहा गया है कि शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सरकारी विद्यालयों में 10 जून से 30 जून तक शैक्षणिक कार्यों के संचालन के लिए गुरुवार को समय-सारणी निर्धारित की गयी है। उसमें विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के लिए अल्पाहार अवकाश के लिए समय तय किया गया है। इसके मद्देनजर सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य हेतु निर्धारित अवधि में परिवर्तन किये बगैर आवश्यकतानुसार किसी एक घंटी के पश्चात स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए, यदि आवश्यक हो, तो विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के लिए 20 मिनट के अल्पाहार अवकाश के लिए अपने स्तर से निर्णय लें। उल्लेखनीय है कि 10 जून से 30 जून तक सभी सरकारी स्कूल सबेरे 6.30 से 12.10 बजे दिन तक चलेंगे।

# दूसरी शादी का विरोध करने पर हैवान बना पिता गला दबाकर 15 साल की बेटी की ले ली जान

निज संवाददाता



**फुलवारीशरीफ (पटना)।** बिहार के पटना में फुलवारी शरीफ क्षेत्र में परसा बाजार थाना के दरियापुर गांव में एक पिता ने अपनी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। गला पर निशान देख अन्य स्वजन ने पिता को कब्जे में कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस बेटी की हत्या करने वाले पिता को गिरफ्तार कर थाना ले आई। बाद में पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। मामले में मां ने पति के खिलाफ बेटी की हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है की बेटी अपने पिता की दूसरी शादी का विरोध कर रही थी, जिसके चलते उसकी हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक परसा बाजार थाना क्षेत्र के दरियापुर चंदा चक में रहने वाले बंटी शर्मा ने दूसरी शादी कर ली थी, उसे पहली शादी से 15 वर्षीय बेटी है। इस शादी का पत्नी और बेटी लगातार विरोध कर रही थी। पहली पत्नी पिंकी देवी और 15 वर्षीय बेटी तनु कुमारी अपने पिता के कारनामों से तंग आ चुकी थी। बंटी शर्मा पहली पत्नी पिंकी देवी और बेटी तनु को कई बार मारपीट कर मुंह बंद करने की धमकी दे चुका था। इसके बावजूद मां बेटी दोनों विरोध कर रही थी। गांव वालों ने भी पुलिस को बताया कि बेटी के विरोध के चलते पिता काफी गुस्से में था। परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि गुरुवार की आधी रात करीब दो बजे घर में सो रही 15 वर्षीय बेटी तनु कुमारी की गला दबाकर पिता बंटी शर्मा ने हत्या कर दी। इससे पहले मां-बेटी के साथ पिता कई बार मारपीट भी कर चुका था। गांव वालों ने इस घटना की सूचना 112 डायल टीम को दी। पुलिस ने हत्यारे पिता को गिरफ्तार कर लिया।

## सरकारी स्कूलों में अभी और बढ़ेगी सख्ती

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों की निगरानी और निरीक्षण में अफसरों को अहम जिम्मेवारी दी गई है। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों का निरीक्षण के लिए मुख्यालय से सभी 38 जिलों के लिए एक-एक अफसर की तैनाती की है। प्रत्येक अफसर को तीन माह के लिए जिला आवंटन किया गया है। इन अफसरों को हर सप्ताह कम-से-कम पांच विद्यालयों का निरीक्षण करना होगा और उसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करके भेजनी होगी। निरीक्षण में विद्यालयों की संपूर्ण गतिविधि पर फोकस शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों के निरीक्षण में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता और अन्य सभी गतिविधियों पर फोकस करने को कहा है। शिक्षकों की विद्यालयों में मौजूदगी और बच्चों की पढ़ाई का अनुश्रवण आवश्यक किया गया है। इसकी रिपोर्ट शिक्षा विभाग के अनुश्रवण कोषांग को उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। बिना सूचना दिए गैरहाजिर पाये जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी होगी। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक, विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव को दरभंगा, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक बी. कार्तिकेय धनजी को पूर्वी चंपारण, विशेष सचिव सतीश चन्द्र झा को बांका, उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी को मुंगेर जिले की जिम्मेवारी दी गई है। इसके अलावा, प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र को बक्सर, शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक सज्जन आर. को सुपौल, अपर सचिव संजय कुमार नवादा, बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक प्रकाशन निगम के प्रबंध निदेशक सन्नी सिन्हा को बेगूसराय, निदेशक (प्रशासन) व अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी को सारण जिले की जिम्मेवारी दी गई है। वहीं, जन शिक्षा निदेशक अनिल कुमार को समस्तीपुर, डॉ. विमल ठाकुर को मधुबनी, उच्च शिक्षा के उपनिदेशक दिवेश कुमार चौधरी को पटना जिले की जिम्मेवारी दी गई है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना (नोटिस)

नाम–(1) आलम अंसारी, पिता–अली मोहम्मद अंसारी, सा0–मिरचईया, टोला–बिछकटवा, थाना–धुरकी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप धुरकी थाना कांड सं0–157/2019, दिनांक–06.10.2019, धारा–302/34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्री अरबिन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगरउंटारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। उक्त इश्तिहार जिसका विधिवत तामिला दिनांक–12.04.2024 को स्थानीय लोगों के समक्ष कराया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय श्री अरबिन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगरउंटारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 325587Police(24-25)#D

# पकड़े गये कुल 14 हजार 580 यात्री जुर्माने के रूप में वसूले गए 96 लाख 56 हजार रूपए

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए कल दिनांक 07.06.2024 को देर रात्रि तक पांचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जाँच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी.टी.ई. एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जांच की गयी। इसके साथ ही सभी पैसेंजर ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जांच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जाँच अभियान पूरे दिन चलाया गया। इस जाँच अभियान में कुल 14 हजार 580 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में 96 लाख 56 हजार रुपए वसूले गए। दानापुर मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 4010 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 27 लाख 63 हजार रूपए वसूल किए गए। इसी तरह पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1580 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 09 लाख 12 हजार रूपए, धनबाद मंडल में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए 1760 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्मानास्वरूप 10 लाख 02 हजार रूपए वसूल किए गए। जबकि सोनपुर मंडल में इस दौरान 4800 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे 31 लाख 62 हजार रूपए एवं समस्तीपुर मंडल में 2440 लोग बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए जिनसे जांच टीम द्वारा जुर्माना के रूप में 18 लाख 18 हजार रूपये वसूल की गई। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

## हाईकोर्ट आदेश के बावजूद विश्वविद्यालय के शिक्षकों को नहीं मिली सैलरी

निज संवाददाता

**पटना।** उच्च न्यायालय के आदेश पर भी राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों व कर्मियों को वेतन भुगतान नहीं हुआ है। शिक्षा विभाग से विश्वविद्यालयों को राशि जारी नहीं हुई है। इससे शिक्षकों से लेकर पेंशनधारकों में त्राहिमाम मचा है। शिक्षा विभाग के वर्तमान रुख को देखते हुए 15 जून से पहले वेतन भुगतान संभव नहीं है, क्योंकि अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने 10 से 12 जून तक कुलपतियों की बैठक बुलाई है। बता दें कि पांच मई को पटना उच्च न्यायालय ने वेतन भुगतान करने का आदेश शिक्षा विभाग को दिया था। बीते 17 मई को पटना उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालयों के मामले में सुनवाई के दौरान शिक्षा विभाग के अफसरों को चेतावनी दी थी कि शिक्षा विभाग विश्वविद्यालयों को बजट राशि दे, अन्यथा आला अधिकारियों के वेतन पर रोक लगेगी। अब उच्च न्यायालय में 25 जून को रोक सुनवाई होनी है। अब देखना है कि शिक्षा विभाग द्वारा न्यायालय में सुनवाई से पहले विश्वविद्यालयों को बजट राशि जारी की जाती है या नहीं। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 10 से 12 जून तक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के कार्यालय कक्ष में कुलपतियों की बैठक बुलायी गयी है। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा और समीक्षा होगी। इसके बाद विश्वविद्यालयों को बजट राशि जारी किए जाने पर विचार होगा।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-01/2024-25**

1. **कार्य की विस्तृत विवरणी** :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड हरिहरगंज अन्तर्गत ग्राम बलरा से आगे बटाने नदी पर सरसोत रोड में लुकुआ के पास पुल निर्माण | 4,83,67,728.00 | 9,70,000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **13.06.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **13.06.2024** से दिनांक **01.07.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –**03.07.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 325529Rural Development(24-25)#D

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन''प्रकल्प''लातेहार।
E-mail –sbmdpmulatehar@gmail.com

### आवश्यक सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), लातेहार अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु विभन्न स्वयं सहायता समूहों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के खाते में जिला मुख्यालय से राशि हस्तांतरण किया गया था। वर्त्तमान में भी निम्न विवरणी के अनुसार बार–बार सूचना देने के उपरांत भी शेष राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित है, और शेष राशि भी लौटाया नहीं जा रहा है। जिसका विवरणी निम्नवत है :–

| क्र.सं. | संस्था का नाम एवं पता | कुल बकाया राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष– निलमनी उरांव, कोषाध्यक्ष–संगीता देवी, सरना दल SHG ग्राम–ओल्हेपाठ, पचायत–चेताग, थाना+प्रखण्ड –बालुमाथ | 792000.00 | |
| 2 | अध्यक्ष–जितनी देवी, कोषाध्यक्ष–फुलमनी देवी, चमेली SHG ग्राम–मरमर, पंचायत–माल्हन, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 372000.00 | |
| 3 | अध्यक्ष–किसा देवी, कोषाध्यक्ष–पुजा देवी, लक्ष्मी SHG ग्राम–एटे, पंचायत–बारी, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 240000.00 | |
| 4 | अध्यक्ष–गुलाबी देवी,, सुर्यमुखी SHG ग्राम–मरमर, पंचायत–माल्हन, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 240000.00 | |
| 5 | अध्यक्ष–बसंती देवी, कोषाध्यक्ष–सुनिता देवी, पार्वती SHG ग्राम–एटे, पंचायत–बारी, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 180000.00 | |
| 6 | अध्यक्ष–लक्ष्मी देवी, कोषाध्यक्ष–सुखमनी देवी, सरना SHG ग्राम–चेटर, पंचायत–चेटर, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 240000.00 | |
| 7 | अध्यक्ष–उषा देवी,, आंगनबाडी सेविका ग्राम–चेटर, पंचायत–चेटर, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 408000.00 | |
| 8 | अध्यक्ष–सिमा देवी, कोषाध्यक्ष–गीता देवी, नगर भगवती SHG ग्राम–आन, पंचायत–चेटर, थाना+प्रखण्ड–चंदवा | 156000.00 | |
| 9 | अध्यक्ष–निलम देवी, आगनबाड़ी सेवीका, ग्राम–बनालात, पंचायत–अमरवाडीह, थाना–बारीयातु, प्रखण्ड–बारीयातु | 1020000.00 | |
| 10 | अध्यक्ष–संगीता देवी, कोषाध्यक्ष–सिल्पी देवी, विकास आजिविका सखि मण्डल ग्राम–टुण्डाहूटू पंचायत–टोंटी, थाना+प्रखण्ड–बारीयातु | 240000.00 | |
| 11 | अध्यक्ष–सुनिता देवी, कोषाध्यक्ष–सरिता देवी, दिप आजिविकास सखी मण्डल ग्राम–टोंटी, पंचायत–टोंटी, थाना+प्रखण्ड–बारियातु | 168000.00 | |
| 12 | अध्यक्ष–जुली देवी, कोषाध्यक्ष–गीता देवी, शक्ति SHG ग्राम–टोंटी, पंचायत–टोंटी, थाना+प्रखण्ड–बारीयातु | 156000.00 | |

उपरोक्त एजेंसी के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष को सूचित किया जाता है तीन दिनों के अन्दर शौचालय निर्माण का उपयोगिता प्रमाण पत्र या हस्तांतरित राशि को जिला मुख्यालय के खाता में जमा करें अन्यथा आपके उपर सरकारी राशि के वसूली के लिए केस दर्ज की कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन ''प्रकल्प''
लातेहार।

PR 325583 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



# बिहार में धू-धूकर जली चलती हुई कार

## बाल-बाल बचे होमगार्ड के प्रदेश अध्यक्ष समेत 4

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में सड़क पर चलती लग्जरी कार में भीषण आग लग गई। घटना काजी मोहम्मदापुर थाना इलाके के चक्कर मैदान रोड में पथ निर्माण विभाग के कार्यालय के समीप शुक्रवार रात हुई। इसमें होमगार्ड संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ठाकुर समेत चार लोग बाल बाल बच गए। गाड़ी छोड़कर उतने से पहले कार के दो गेट जाम हो चुके थे। थोड़ी सी देरी होती दो चार लोग कार के साथ जिंदा जलकर राख हो जाते। अरुण ठाकुर ने बताया कि कार में अचानक शॉट सर्किट से आग लग गई। बोनट की ओर से धूंआ निकलता देख गाड़ी चला रहे अरुण ठाकुर ने गेट खोलने की कोशिश की। लेकिन तबतक दो गेट जाम हो चुके थे। दूसरी ओर का दोनों गेट खोल कर आगे और पीछे बैठे चार लोग गाड़ी से निकलकर बाहर भागे। देखते देखते कार सड़क पर धू-धूकर जलने लगी। अरुण ठाकुर ने तुरंत इसकी सूचना पर अग्निशाम विभाग को दी। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। हालांकि, तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। मौके पर पहुंचे काजी मोहम्मदपुर थाना के दारोगा अहरार खान ने बताया कि कार से सभी लोग सुरक्षित निकल गए थे। होमगार्ड के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने बताया कि बीबीगंज स्थित अपने आवास से दुकान के लिए जा रहे थे। गाड़ी में चार लोग सवार थे। गाड़ी वह खुद ड्राइव कर रहे थे। सर्किट हाउस के पास अचानक गाड़ी के इंजन में आग लगने का एहसास हुआ। गाड़ी में धुंआ उठते हीं उन्होंने कार रोक दी। गाड़ी में दोनों सीटों पर बैठे चारों लोगों ने अपने अपने पास वाले चारों गेट को खोला। पता चला कि दो गेट नहीं खुले। सभी लोग दो गेट से तुरंत बाहर निकल गए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही के कमांडेंट त्रिलोकी नाथ झा के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पा लिया। धुंआ उठने के तुरंत बाद कार धू धू कर जलने लगी। दमकल की एक छोटी और एक बड़ी गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन आग इतनी जबरदस्त थी की अग्नि शमन विभाग की टीम को फोम का उपयोग करना पड़ा। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। कार में लगी आग को दमकल की दो गाड़ियों ने करीब आधे घंटे तक कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। अरुण ठाकुर ने भगवान को धन्यवाद दिया। होमगार्ड कमांडेंट त्रिलोकी नाथ ने कहा कि घटना में कार के अलावे कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैथिली फिल्म 'विद्यापति देखने के लिए उमड़ी भीड़

**दरभंगा, एजेंसी।** मैथिली फिल्म 'विद्यापति शुक्रवार को शहर के एक सिनेमाघर में रिलीज की गयी। फिल्म देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, बेनीपुर विधायक प्रो. विनय चौधरी, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे, लनामिवि के पीजी संगीत विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पम नारायण, विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव बैजनाथ चौधरी बैजू आदि फिल्म देखने पहुंचे थे। सभी लोगों ने फिल्म को बेहतर बताते हुए निर्देशक श्याम भास्कर के काम की सराहना की। निर्माता सुनील कुमार झा ने बताया कि यह फिल्म न सिर्फ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करती है, बल्कि विद्यापति से जुड़ी हमारी समझ और जानकारी को भी परिष्कृत करती है। दर्शकों ने बताया कि विद्यापति की भूमिका में रहे अभिनेता तुषार झा सहित सभी कलाकारों ने बेहतर काम किया है। फिल्म में दर्शकों की रुचि का भी पूरा ध्यान रखा गया है।

### संत नरसी मेहता की लीला ने किया भावविभोर

**दरभंगा, एजेंसी।** रतनपुर स्थित श्री चैतन्य कुटी परिसर में आयोजित 30वें तीरोधान महोत्सव में सातवें दिन वृंदावन के प्रसिद्ध श्री निकुंज बिहारी रास मंडल की ओर से स्वामी कुंज बिहारी शर्मा के निर्देशन में भक्त नरसी मेहता के चरित्र की भक्ति भावपूर्ण लीला दिखाई गई। लीला में दिखाया गया कि नरसी मेहता गुजरात के जूनागढ़ के रहने वाले थे। उनमें बचपन से ही भगवान कृष्ण के प्रति आसक्ति थी। वह हर समय कृष्ण और गोपी लीला पर गीत गाते और आनंद में नाचते रहते थे। उनके इस स्वरूप और काम से नाराज भाभी ताना मारती रहती और दुर्व्यवहार करती रहती थी। नरसी मेहता ने अपने जीवन में कभी भी जीविकोपार्जन का विचार नहीं किया। उनका दृढ़ विश्वास था कि भगवान कृष्ण उनकी सभी जरूरतें पूरी करेंगे। वे खुशमिजाज स्वभाव के संत थे। उन्होंने समुद्र के किनारे गोपीनाथ में तपस्या की। भगवान शिव की कृपा से उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। श्रीकृष्ण के कहने पर वे अपने घर वापस आये और शादी कर ली। भजन-कीर्तन के साथ गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे। उन्हें एक बेटा और एक बेटी थी। नरसी पर जब-जब कोई विपत्ति आती थी तो वे भगवान श्रीकृष्ण से गुहार लगात और भगवान वहीं पहुंचकर बाधाएं दूर कर देते थे। लीला के दौरान श्यामल सेठ के नाम सात सौ रुपए की 'हुंडी लिखाई प्रकरण ने दर्शकों को देर तक अपनी ओर खींचे रखा। रासलीला देखने के लिए रतनपुर और आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे। दोपहर में जगतगुरु राधाबल्लभ दासजी महाराज ने अपने अनुयायियों एवं वैष्णवजनों को संबोधित किया।

### ईट-पत्थर चलने से चार लोग घायल :जहानाबाद में यज्ञ के दौरान मारपीट, सुरक्षा बल तैनात, हालात सामान्य



**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद के पाली थाना क्षेत्र में बड़की मुरारी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे पर रोड़ेबाजी शुरू कर दी। इसमें चार लोग घायल हो गए। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। अब उसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि गांव में यज्ञ किया जा रहा था। इसी को लेकर मेला का आयोजन किया गया था। इसमें झूला भी लगाया गया था। इसी पर बैठने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मामला शांत कराने के लिए समिति ने झूला को बंद करा दिया। तभी गांव के कुछ लोग झूला को चालू करने के लिए पहुंच गए और आयोजक से लड़ाई हो गई। घटना में संजय शर्मा, लालती देवी, गीत देवी, सरोज देवी आदि कई लोग घायल हो गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। वहीं एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि मुरारी गांव में यज्ञ के दौरान दो पक्षों में इट पत्थर चले हैं। इसमें चार लोग घायल हो गए है। घटना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नीट परीक्षा रिजल्ट पर बिहार में भी खलबली कांग्रेस पार्टी आंदोलन पर उतारू



**पटना, एजेंसी।** नीट परीक्षा के रिजल्ट को लेकर नेशनल टेस्ट एजेंसी के कार्य पद्धति पर सवालिया निशान लगाये जा रहे हैं। द क्वालीफायर के संस्थापक ने नेशनल टेस्ट एजेंसी से जहां कई सवाल पूछे हैं, वहीं नीट परीक्षा के रिजल्ट में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी दी है। यह मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। नीट परीक्षा 2024 में नेशनल टेस्ट एजेंसी के द्वारा भारी गलती करने के आरोप लगाये जा रहे है।

पूर्णिया जिले के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान द क्वालीफायर के संस्थापक आदित्य केजरीवाल ने शुक्रवार को नेशनल टेस्ट एजेंसी से कुछ सवाल पूछे हैं। केजरीवाल ने सवाल किया कि 67 बच्चों ने नीट परीक्षा 2024 में टॉप किया है। पिछले कुछ सालों में 720 में 720 अंक लाने वाले में कुछ छात्र ही रहे हैं लेकिन इस बार 67 कैसे आए ? 67 में से 44 ऐसे छात्र हैं जो ग्रेस मार्क्स के आधार पर हैं। सवाल ये है कि क्या ग्रेस मार्क्स के आधार पर नीट के टॉपर्स का चयन होगा। डॉक्टर आदित्य केजीरवाल ने कहा है कि हरियाणा के फरीदाबाद में एक ऐसा परीक्षा केंद्र है, जहां सीरियल नंबर 62 से सीरियल नंबर 69 तक 8 टॉपर हैं, जिसमे 6 ऐसे है जिनको 720 में 720 अंक मिले हैं और दो ऐसे हैं जिन्हे 719 और 718 अंक मिले हैं। ये अपने आप मे हैरान करने वाला है कि क्या ऐसा हो सकता है?

### सूचनाएं सार्वजनिक करने की मांग

जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आ रहे थे, जिससे परीक्षा कराने वाली सरकारी एजेंसी एनटीए के ऊपर बहुत सारे सवाल उठाये जा रहे हैं। इम्तिहान के ठीक 24 दिन पहले 9 और 10 अप्रैल को एप्लीकेशन विंडो को खोला गया। प्रदेश प्रवक्ता ने सवाल करते हुए पूछा है कि ऐसा क्यों किया गया, कितने बच्चों ने तब फॉर्म भरा, उनमें से कितने कौन से सेंटर के थे, उनमें से कितनों का सेलेक्शन हुआ? उनके रोल नंबर सार्वजनिक करने की मांग उठ रही है। पहले नीट पेपर लीक की खबर और अब रिजल्ट में गड़बड़ी से देश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सरकार इसका जवाब दे और इसकी जांच करवाए अन्यथा हम सभी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस साल नीट यूजी का जो रिजल्ट आया है उस पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस परीक्षा में 67 छात्रों कौ 720 में पूरे 720 अंक प्राप्त हुए हैं। इससे परीक्षा लेने वाली एजेंसीनेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्य शैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। पेपर लीक का आरोप लगाया जा रहा है। कांग्रेस ने इसे देश भर में मुद्दा बना दिया है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। एनटीए के रवैये पर एक बड़ा सवाल और खड़ा हो गया है कि हरियाणा के झज्जर में एक ही परीक्षा केंद्र से आठ-आठ टॉपर निकल आए हैं जो आसपास बैठे थे। कई छात्रों का भी कहना है कि उनके नंबर इतने कम नहीं आ सकते हैं।

### कांग्रेस ने धांधली का आरोप लगाते हुए दी आंदोलन की चेतावनी

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जयवर्धन सिंह ने नीट के रिजल्ट पर हुए धांधली का आरोप लगाते हुए कई सवाल सरकार से किया हैं और सरकार को इस परीक्षा की जांच करवाने मांग की है। जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि पहली बार 67 छात्रों ने 720 में से 720 अंक मतलब 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इनमें से 8 छात्र एक ही सेंटर के छात्र थे जो बड़े संदेह के दायरे में दिख रहे है। ऐसा पहली बार हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है, इससे पहले 4 छात्र ही यह कीर्तिमान बना पाये थे। 5 मई को नीट 2024 की परीक्षा हुई थी जिसका परिणाम 14 जून को आना था लेकिन यह परिणाम 10 दिन पहले 4 जून को ही निकाल दिये गये।



# लोकसभा चुनाव संपन्न करने वाले पुलिस अधिकारी हुए सम्मानित

**गया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को बेहतर ढंग से शांतिपूर्ण संपन्न करने वाले जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों और थाना अध्यक्षों को एसएसपी आशीष भारती ने देर शाम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर न केवल फील्ड में काम करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बल्कि बैक आफिस में काम करने वाले पुलिस अधिकारी जो चुनाव ड्यूटी में लगाए थे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। खास बात यह भी है कि चुनाव को संपन्न कराने में केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारियों की भी अहम भूमिका रही थी। ऐसे में सुरक्षा बल के अधिकारियों को भी इस मौके पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इस मौके पर जिले के नक्सल क्षेत्र में केंद्रीय सुरक्षा बल ही विशेष रूप से लगाए गए थे। उनकी भूमिका नक्सल वाले इलाके में अहम थी। केंद्रीय सुरक्षा बल की 70 कम्पनियां चुनावी ड्यूटी में लगाए गए थे। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि लोकसभा चुनाव बेहद शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिले के किसी भी कोने में किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई और न ही वोटिंग को लेकर कोई विवाद या झगड़ा हुआ यह जिला पुलिस के लिए बड़ी बात है। वहीं, सीआरपीएफ के कमांडेंट मयंक कुमार ने कहा कि बेहतर ढंग से चुनाव संपन्न होने के पीछे बेहतर कोऑर्डिनेशन है। उन्होंने कहा कि चाहे जिला पुलिस हो या फिर केंद्रीय सुरक्षा बल दोनों ने अपनी ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया है। यही वजह रही की चुनाव बेहतर ढंग से संपन्न हो सका। इस मौके पर चुनाव के दौरान लू लगने से हुई दो पुलिस कर्मियों की मौत की घटना को भी याद किया गया। साथ ही मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# 21 जून को होगा जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव



**पटना, एजेंसी।** पटना जिला परिषद अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित होते ही माहौल गरमाने लगा है। चुनाव 21 जून को होगा। इस बार भी कुमारी स्तुति और अंजु देवी आमने-सामने होंगी। दोनों उम्मीदवार ईबीसी वर्ग से हैं। जीत में ओबीसी सदस्यों का रोल अहम होगा। कारण, 44 सदस्यों वाली जिला परिषद में ओबीसी सदस्यों की संख्या एक तिहाई से अधिक है।

### अविश्वास प्रस्ताव में कुमारी स्तुति हार गई थीं

वहीं, एससी और सामान्य वर्ग के सदस्यों का भी हार-जीत में रोल होगा। दोनों उम्मीदवार जातीय समीकरण को साधने में जुटी हैं। 2021 के चुनाव में कुमारी स्तुति को 32 और अंजु देवी को 13 वोट मिले थे। अविश्वास प्रस्ताव में कुमारी स्तुति हार गई थीं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने डीएम को पत्र भेजकर सभी निर्वाचित सदस्यों को 13 जून तक चुनाव की सूचना देने को कहा है। चुनाव के तत्काल बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शपथ दिलाई जाएगी। इसकी वीडियोग्राफी होगी।

### अविश्वास प्रस्ताव पास होने से चुनाव की नौबत

अध्यक्ष कुमारी स्तुति के खिलाफ 10 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था। उस दिन विशेष बैठक में 22 सदस्य पहुंचे। कुमारी स्तुति के वाकआउट करने के बाद 21 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया था। 19 सदस्यों के बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके खिलाफ कुमारी स्तुति ने हाईकोर्ट में अपील की थी। 16 मई को तीन जजों वाली पूर्णपीठ ने अविश्वास प्रस्ताव को सही माना। इसके बाद स्तुति ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। वहां 29 जुलाई को सुनवाई होनी है। फिलहाल, उपाध्यक्ष आशा देवी अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रही हैं। अभी जिला परिषद में 44 सदस्य हैं। श्वेता विश्वास के महिला आयोग का सदस्य बनने के बाद से एक पद खाली है।

# एलएफजे केस में लालू परिवार पर नौकरी के बदले जमीन स्कैम में अंतिम चार्जशीट दायर



**पटना, एजेंसी।** एक तरफ केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है तो दूसरी ओर सीबीआई ने लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों की बेचैनी बढ़ाने वाला काम कर दिया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले में अपना अंतिम आरोप पत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस केस में लालू यादव के अलावे उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती, हेमा यादव समेत लालू के कई करीबी आरोपी हैं।

अधिकारी ने बताया कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिये जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। अधिकारियों ने कहा कि विशेष अदालत छह जुलाई को इसपर विचार करेगी।

एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपियों ने रेलवे अधिकारियों के साथ साजिश रची और अपने या अपने करीबी रिश्तेदारों के नाम जमीन लेने के एवज में नौकरियां दी गईं। यह भूमि तत्कालीन सर्किल दर और बाजार दर से बहुत कम कीमत पर हासिल की गई थी। यह मामला 2004 से 2009 के बीच का है जब लालू प्रसाद यादव केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि रेलमंत्री रहते लालू यादव ने कई करीबियों को रेलवे में गलत तरीके से नौकरी दी और बदले में उनके परिवारों से कीमती जमीनें अपने सगे संबंधियों के नाम पर लिखखवा ली। इस मामले में सीबीआई और ईडी जांच कर रही है। कई बार लालू यादव, तेजस्वी यादव, मीसा भारती समेत अभियुक्तों से जांच एजेंसियां पूछताछ कर चुकी हैं। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में यह केस चल रहा है।

# चीनी नागरिक ने जेल में की आत्महत्या की कोशिश, बिना वीजा नेपाल से घुसा था

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में बंद चीनी नागरिक ली जियाकी (63 वर्ष) ने खुद को गंभीर रूप से जख्मी कर लिया है। जेल के हॉस्पिटल वार्ड के शौचालय में वह घायल अवस्था में बेहोश मिला। जेल प्रशासन ने उसे बेहतर इलाज के लिए शुक्रवार की देर शाम एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है। जेल प्रशासन का मानना है कि ली जियाकी ने आत्महत्या का प्रयास किया है। एक दिन पहले गुरुवार को उसे ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस ने जेल भेजा था। वह बिना वीजा के नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर गया और बुधवार को संदिग्ध हालत में शहर में पकड़ा गया। हॉस्पिटल वार्ड में साथी बंदियों से जेल प्रशासन ने पूछताछ की है। बंदियों का कहना है कि चीनी नागरिक ने अपने चश्मे का शीशा तोड़कर उससे अपने प्राइवेट पार्ट को काटने का प्रयास किया। उसे गहरा जख्म आया और अत्यधिक खून रिसाव से वह शौचालय में ही बेहोश हो गया था। हल्ला होने






पर तुरंत सुरक्षा कर्मी पहुंचे और आनन फानन में अस्पताल भेज दिया गया ताकि समय से उसका इलाज शुरू हो सके। जेल सूत्रों ने बताया कि उसकी भाषा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी या जेल के दूसरे बंदी नहीं समझ पा रहे हैं। इसलिए वह और भी झल्लाया हुआ था। जेल में शाम में उसने दही-चूड़ा खाया था। सुबह में नाश्ता के बाद दिनभर वार्ड में सोया रहा। उसे दिन में बंदियों ने रोते हुए भी देखा। जेल के सिपाही ने दिन में दो बार इशारे से पूछा तो उसने बताया कि खाना खा लिया है। बता दें कि चीनी नागरिक को बगैर वीजा के भारत में घुसपैठ के आरोप में ब्रह्मपुरा थाना के लक्ष्मी चौक के पास से बुधवार की देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

उसके पास चीन का पासपोर्ट मिला, लेकिन भारत में आने का वीजा नहीं था। वह नेपाल में एक जून को चीन से पहुंचा था। इसके बाद नेपाल के वीरगंज से बस के जरिए मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड पहुंचा। मुजफ्फरपुर में ब्रह्मपुरा थाना के लक्ष्मी चौक से पुलिस ने बगैर वीजा के उसे गिरफ्तार किया गया था। भारत में अनाधिकृत घुसपैठ की धारा में एफआईआर दर्ज की है। गुरुवार दोपहर उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ली जियाकी चीन के हांग प्रजाति से आता है। वह मूल रूप से चीन के शेडोंग प्रांत के कैंगशान काउंटी शहर के दाजहोंग गांव का रहने वाला है। वह नेपाल के रास्ते भारत आया। पुलिस ने उसका चीनी पासपोर्ट जब्त किया है।

इस मामले में ब्रह्मपुरा थानेदार सुभाष मुखिया ने बताया कि ली जियाकी के पास से पत्थर से बनी तीन छोटी-छोटी मूर्तियां और पत्थर के तीन विचित्र टुकड़े मिले हैं। उसे हाथ लगाने पर ली जियाकी नाराजगी जाहिर करता था। पत्थर के अलावा उसके पास से एक मोबाइल मिला, जिसमें चीन का सिम लगा है। इसके अलावा चीनी करेंसी युआन के 100-100 के नौ नोट, बीस के दो, 10 के आठ, पांच के दो और एक युआन के अलावा पांच व एक युआन का एक सिक्का मिला। 1175 नेपाली रुपए और भारत के 8630 रुपए मिले हैं। चीन का एक मैप भी जब्त किया गया है। उसके पास चीन का पहचान पत्र भी था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# लोकतंत्र की जय

इस आम चुनाव के दौरान पक्ष और विपक्ष के गठबंधनों में जैसी गहमागहमी, जिस तरह के आरोप-प्रत्यारोप देखे गए, विपक्षी पार्टियों ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप लगाए और मशीनों में मतों की गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की गई, नतीजों ने उन सबको धुल-पोंछ दिया है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से स्पष्ट है कि जनता ने अपने विवेक से प्रतिनिधियों का चुनाव किया है। उन्होंने जाति, धर्म, संप्रदाय, मुफ्त की योजनाओं आदि के बहकावे में न आकर एक ऐसी सरकार के पक्ष में मतदान किया, जो उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने, देश की असल समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सत्तापक्ष के विरोध में कोई स्पष्ट लहर नहीं थी, मगर यह संकेत लगातार मिल रहा था कि जनता बदलाव चाहती है। विपक्षी दलों के गठबंधन ने जरूर महंगाई और बेरोजगारी जैसे कुछ बुनियादी मुद्दे उठाए थे, मगर सत्तापक्ष ने उन्हें किनारे करने की हर संभव कोशिश की। वह लगातार भावनात्मक मसले उठाता रहा। पर लोगों ने चुप रह कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इसका सबसे बड़ा प्रमाण उत्तर प्रदेश के नतीजे हैं। वहां अयोध्या में राममंदिर निर्माण को सत्तापक्ष अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करता रहा, मगर वहां के लोगों ने उसे नकार दिया। यहां तक कि अयोध्या के भाजपा प्रत्याशी को भी अपना समर्थन नहीं दिया। चुनावों में हर राजनीतिक दल अपना गणित बिठाने की कोशिश करता है, जाति और धर्म का समीकरण इसमें बहुत मायने रखता है, पर इस बार वह समीकरण भी बहुत कारगर साबित नहीं हुआ। बेशक भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, मगर जनादेश उसके खिलाफ ही कहा जा सकता है। वह अपने बल पर पूर्ण बहुमत की संख्या नहीं जुटा सकी। जबकि इस चुनाव में भाजपा ही सबसे साधन संपन्न पार्टी थी। उसने चुनाव पर जितना खर्च किया, उतना सारे दलों ने मिल कर भी शायद न किया हो। प्रचार-प्रसार में दूसरे दल उसके सामने फीके पड़ गए थे। संचार माध्यमों पर हर जगह उसकी मौजूदगी नजर आती थी। फिर भी अपने दम पर तीन सौ सत्तर और गठबंधन के स्तर पर चार सौ से पार सीटें जीतने का जो लक्ष्य लेकर वह चली थी, उसके आसपास पहुंचना भी उसके लिए मुश्किल हो गया। इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय दल मजबूत होकर उभरे हैं। इससे भी साबित होता है कि लोगों के लिए निजी समस्याएं और स्थानीय मसले ज्यादा अहम थे। चुनाव के बाद हर राजनीतिक दल अपनी सफलता या विफलता की समीक्षा करता और उससे आगे के चुनावों के लिए सबक लेता है।

## भारत निर्वाचन आयोग ने लिया बड़ा सबक

भारत निर्वाचन आयोग ने इस चुनाव से सबक लिया है कि चुनाव प्रक्रिया को गर्मी शुरू होने से एक महीना पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए। दरअसल, मतदान के आखिरी चरण में लू और गर्मी से बीमार होने के कारण तैंतीस मतदान कर्मियों की मौत हो गई। हैरानी है कि निर्वाचन आयोग को जो बात सामान्य बोध से समझ आ जानी चाहिए थी, वह मतदान कर्मियों की मौत के बाद समझ आई। इसे लेकर शुरू से आशंका जताई जा रही थी कि मई के महीने में तेज गर्मी और लू के कारण लोगों की तबीयत खराब हो सकती है, मतदान में गिरावट आ सकती है, मगर निर्वाचन आयोग ने न केवल इतनी तेज गर्मी में मतदान की तारीखें रखीं, बल्कि उन्हें सात चरण में फैला कर बेवजह लंबा कर दिया। हर वर्ष गर्मी की वजह से लोगों के मरने के आंकड़े बढ़ रहे हैं, निर्वाचन आयोग उनसे अनजान नहीं माना जा सकता। फिर, सवाल है कि चुनाव को इतना लंबा खींचने का तुक क्या है। निर्वाचन आयोग ने गर्मी से सबक तो ले लिया, पर उसके कामकाज को लेकर विपक्षी दलों ने जो सवाल उठाए, उनमें से भी कुछ को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस चुनाव में जिस तरह खुल कर आदर्श आचार संहिता को ताक पर रखते हुए भाषण दिए गए, उन पर निर्वाचन आयोग अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर सका। यह पहली बार था, जब निर्वाचन आयोग पर शंका जताते हुए राजनीतिक दलों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। निर्वाचन आयोग एक स्वायत्तशासी संस्था है और उससे उम्मीद की जाती है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराएगा। मगर इस बार खुद निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता को कठघरे में खड़ा किया गया। यहां तक कि मतदान के बाद मतों के आंकड़े जारी करने में भी आयोग ने काफी देर की और उसे लेकर कोई वाजिब तर्क न दे सका। इसे लेकर उसकी खूब आलोचना हुई। मतगणना तक पर संदेह जताया गया। यह इस संस्था की साख के लिए अच्छी बात नहीं कही जा सकती।

# पर्यावरण के बड़े खतरों से निपटने के लिये कोशिशें भी बड़ी हों

(ललित गर्ग)

> *पिछले दो-तीन दशकों में पर्यावरण के बढ़ रहे दुष्परिणामों के कारण इनके पिघलने की गति में जो तेजी आई है, वह चिंताजनक है। ऐसे में मुंबई समेत दुनिया के कई हिस्सों एवं महानगरों-नगरों के डूबने की आशंका तेजी से बढ़ चुकी है। इसका खुलासा अमरीकन नेशनल अकादमी ऑफ साइंस ने किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है।*

तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी। यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए यह खास दिवस मनाया जाता है और देश एवं दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की याद दिलाई जाती है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इस वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इस बार पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है, जबकि अनेक देश युद्ध की विभीषिका के कहर से जूझ रही है और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, असंतुलित पर्यावरण जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। पर्यावरण को समर्पित यह खास दिन हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से ही मनाया जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार इसकी घोषणा की थी। सऊदी अरब 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेज़बानी करेगा, जिसका थीम होगी 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य।' यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने, जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता।' मानवता भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। इस वर्ष का विषय का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं। हमें पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीकों में तुरंत बदलाव करते हुए संयम बरतने की जरूरत है। खेती में पानी के इस्तेमाल, पानी को इकट्ठा करने और उन्हें भूगर्भीय स्रोतों तक पहुंचाने के तौर-तरीकों और पानी के आम इस्तेमाल को बदलना होगा। नई सरकार को इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि पानी की उपलब्धता के सारे समीकरण बदल गए हैं। तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी। यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। देश-दुनिया में गर्मी के नए रेकार्ड बनेंगे। इन दिनों कई शहरों का तापमान रेकार्ड तोड़ चुका है। इससे दिहाड़ी मजदूर, किसान और मेहनतकश लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है तो सूखी जगहों पर बेतहाशा बारिश। इन घटनाओं की वजह को समझना होगा, उसे गंभीरता से लेना होगा। नई बनने वाली सरकार को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा। जलवायु परिवर्तन के अलावा कई समस्याएं मानव निर्मित भी है। माना कि बादल फटने, जंगलों में आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपेक्षाकृत नए माने जाने वाले हिमालय एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नए बांध और सड़क बनाए जाने से होने वाले नुकसान ज्यादा सामने आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन ऐसा मसला है जिसमें पर्यावरण से होने वाला खतरा किसी देश की सीमा या उसकी हैसियत नहीं देखता। सबको बराबर नुकसान होता है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना जरूरी है। कई बिंदुओं पर दुनिया पीछे जा रही हैं। दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से भी सारे समीकरण बदल गये हैं। पहले कोविड ने नुकसान पहुंचाया, उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा का मामला चल रहा है। युद्धों का पर्यावरण पर सबसे घातक असर पड़ता है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बनते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की आज बड़ी आवश्यकता है, इस दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस मनाना केवल आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक बने, यह अपेक्षित है। बदलते मौसम का ग्लेशियर पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सदियों से ग्लेशियर पिघलकर नदियों के रूप में लोगों को जीवन देते रहे हैं।

# मोदी ब्रांड की छवि पर जो आघात हुआ है, उससे देश ही नहीं दुनिया भी हैरान है

(नीरज कुमार दुबे)

भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। भारत की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे। चुनाव परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे की ही नहीं बल्कि 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे' जैसे नारों की भी हवा पूरी तरह निकल गयी है। चुनाव प्रचार की बात हो या भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ 'मोदी की गारंटी' के ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जबसे मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तबसे यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में 'मोदी की गारंटी' के अलावा 'विकास भी और विरासत भी' का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी। दूसरी ओर, भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि साल 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरुआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं। एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5395

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5395



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 18 जुलाई 1996 को इस भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने जन्म लिया (5)
5. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी लीमा है (2)
7. भास्कर, रवि, दिनपति, सूर्य (4)
9. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य, शुद्ध वायु (3)
11. इसे उर्दू में हिना कहते है, रंजिका (3)
12. लार, वार्निश, साल (2)
13. पदचिन्ह, चरण, कदंब (3)
15. अकुलीनता, अधमता, दर्जुनता (3)
17. पटना से करीब 90 किमी दूर जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
18. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
19. अनुभवी, प्रवीण, सतर्क (4)
22. घेराबंदी, सीमातिकरण करना (3)
23. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक भारतीय टीवी अभिनेत्री व भाजपा महिला नेत्री (5)
2. उपासना गृह, देवालय, इबादतगाह (3)
3. तृणजाति का एक पौधा जिनके बीज से चावल निकलते है (2)
4. परेशान होना, छकना, तंग आना (7)
6. पसंदगी, इच्छा, दिलचस्पी (2)
8. करूणा, दया, तरस (3)
10. पृथ्वी पर विचरने वाले प्राणी (4)
14. हवा, सचल वायु, अलमस्त हव, नसीम (3)
16. मुगल सम्राट अकबर के एक दरबारी रत्न जिनका मूल नाम रामतनु पाण्येय था (4)
17. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट से स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
20. शिकायत, उपालंभ, गिला (3)
21. जो रिश्तें में माता की बहन पति हों (2)

### वर्ग पहेली 5394 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | न | लैं | ड | | श | ह | द |
| रो | | गि | ल | म | | वा | र |
| जा | व | क | | र | क | म | |
| बा | ल | | | ह | ला | ह | ल |
| द | या | लु | | म | | ल | ट |
| | का | | च | | ज | | क |
| स | र | का | र | | मै | दा | न |
| ख्त | | | स | र | का | ना | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन संतोष और शान्ति का है। आज कारोबार में आपके प्रयास सफल होंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी। सरकारी विभाग में आपकी पहुंच का आपको फायदा मिलेगा। नए अनुबंधों के मिलने से आपके पद, प्रतिष्ठ में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट आपकी लाइफ में आ सकता है। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी।

### वृष
आज करियर के मामले में कोई शुभ समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में सभी का सहयोग आपको प्राप्त होगा आपको सफलता प्राप्त होगी। आपको आज धन के मामले में लाभ होगा और कारोबार में मुनाफा अच्छा होगा और कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं। रात का समय प्रियजनों के साथ आनंद में बीतेगा।

### कर्क
आज कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। आज रिश्तेदार से कोई लेनदेन न करें, वरना आपके संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आज कोई अशुभ योग आपकी मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है।

### सिंह
आज कारोबार में लाभ होगा और आपकी धन को निवेश करने की योजनाएं सफल होंगी। आज बिना वजह विवाद को तूल न दे। माँ भगवती की आराधना करें फायदा होगा। आज आपको धन का लाभ होगा और कारोबार में सफलता मिलेगी। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है।

### मिथुन
आज भाग्य साथ देगा। ध्यान रखें कि आपकी कोई मूल्यवान वस्तु खो सकती है। संतान की शिक्षा और किसी प्रतियोगिता में जीत होने से आपके भाग्य में वृद्धि होगी और सफलता से हर्ष होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्य में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### कन्या
आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सहयोग मिलेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। शाम के वक्त किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। प्रिय अतिथियों के स्वागत के योग बन रहे हैं।

### तुला
आज लाभ के संकेत मिल रहे हैं और आपको उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के योग हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात्रि तक आपको शुभ समाचार प्राप्त होंगे और आपको प्रिय व्यक्तियों का दर्शन और सुसमाचार मिलेगा।

### वृश्चिक
आज आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता और सम्मान से आपको लाभ होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। आज कोई जरूरी कार्य के लिए आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी बीमारी की वजह से आपको परेशान होना पड़ सकता है। आपको आज धन का नुकसान होने की आशंका है।

### मकर
आज लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद में आपकी जीत हो सकती है और खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च करने से आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज दिन शुभ है और आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आपका दिन आज भागदौड़ में बीतेगा और दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आज आपको धन का लाभ होगा और कारोबार में सफलता मिलेगी। आज आपको दूसरों की मदद करने के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### धनु
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। परिवार के सभी लोग आपस में बात करके सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। धन हाथ में आ जाने का सुख आपको मिलेगा और विरोधियों का अंत होगा। आपको काम से पास और दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### मीन
आज विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको निकटता और गठजोड़ का लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष के लोगों से आपको पर्याप्त मात्रा में धन मिल सकता है औी इससे आपके कोष में वृद्धि होगी। सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने से आपका मन खुश होगा और भाग्य साथ देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल के थैलेसीमिया डे केयर में नियमित दी जा रही फैक्टर-8 दवा

**रांची , एजेंसी।** सदर अस्पताल के थैलेसिमिया डे केयर में मरीजों को फैक्टर-8 की दवा दी जा रही है। पिछले महीने इसकी शुरुआत की गई थी। दो माह में 500 से ज्यादा बच्चे को दवा दी जा चुकी है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि दिल्ली के प्रसिद्ध हेमेटोलॉजिस्ट मेजर डॉ. रवि कुमार ने स्वयं पहला इंजेक्शन रोगी को देकर इसकी शुरुआत की थी। हीमोफीलिया सोसाइटी के सचिव संतोष जायसवाल ने कहा कि हीमोफीलिया के उपचार में नई क्रांतिकारी उपलब्धि की शुरुआत सदर अस्पताल के डे केयर सेंटर में हुई है। इसका फायदा बीमारी से ग्रस्त मरीजों को निश्चित रूप से मिलेगा।

### एनआईबीएम में बैंकिंग व एसएससी के लिए 10 व 14 जून से नया बैच होगा शुरू

**रांची , एजेंसी।** बैंकिंग व एसएससी के अलावा रेलवे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्कुलर रोड के साईं टावर स्थित एनआईबीएम में नए बैच की शुरुआत की जा रही है। स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 10 व 14 जून से शुरू हो रहे इस बैच में नए पैटर्न पर आधारित अपडेटेड स्टडी मैटेरियल एवं पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा फ्री लाइब्रेरी व रीडिंग रूम और वीडियो सपोर्ट के साथ तैयारी कराने की व्यवस्था की गई है।एनआईबीएम से पूर्व में तैयारी कर सफल हुए विद्यार्थियों को भी संस्थान में बुलाया जाता है, ताकि उनसे मिलकर विद्यार्थी खुद को मोटिवेट कर सकें। सफल होने वाले विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से सम्मानित भी किया जाता है। हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में शुरू हो रहे बैच में शामिल होने के लिए विद्यार्थी सर्कुलर रोड स्थित कार्यालय या वेबसाइट या मोबाइल नंबर 9334726278 और 7542022226 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बाइक चोरी के आरोपी किशोर को भेजा गया बाल सुधार गृह

**धनबाद, एजेंसी।** बाइक चोरी के आरोपी दो किशोरों को शुक्रवार को बाल सुधार गृह भेज दिया गया। दरअसल गुरुवार को दामोदरपुर शांति विहार कॉलोनी के समीप बाइक चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने दो किशोर को पड़क कर उनकी पिटाई कर दी थी। बाद में दोनों को पुलिस को सौंप दिया था। इनके पास से चोरी की बाइक भी बरामद की गई थी। बाइक मालिक शांति विहार कॉलोनी के ही रहनेवाले हैं। बाइक मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। इसके बाद दोनों को अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### फ्रेंड्स एकादश रूरल ब्लू को हरा अगले दौर में पहुंचा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मैन आफ द मैच अभिषेक कुमार के तीन विकेटों की बदौलत फ्रेंड्स एकादश ने जमशेदपुर बी डिवीजन नॉकआउट क्रिकेट के एक मुकाबले में रूरल ब्लू को पांच विकेट से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में फ्रेंड्स एकादश ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। रूरल ब्लू की टीम 10 ओवर में सात विकेट पर सिर्फ 76 रन ही बना सकी। रितिक गौर ने 37 रन बनाए, लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। अभिषेक कुमार ने रूरल ब्लू के बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती देते हुए तीन विकेट झटके। दूसरी पारी में फ्रेंड्स एकादश को 77 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए 10 ओवर मिले।

### जलसहिया के साथ बैठक, ग्रीन पंचायत, क्लीन पंचायत को चर्चा

**देवघर, एजेंसी।** पालोजोरी के कचुवासोली पंचायत सचिवालय में मुखिया कुमार राजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में पंचायत के विभिन्न गांवों में काम करने वाली जलसहिया दीदियों सहित वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के माध्यम से पंचायत में ग्रीन पंचायत क्लीन पंचायत की परिकल्पना व अवधारणा को मूर्त रूप देने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ अगले एक वर्ष का कार्य योजना पंचायत के सम्मानित ग्राम जलसहिया दीदी के सहयोग से तैयार की। बैठक में टाटा सिनी के प्रतिनिधि सहित जलसहिया ट्रेनर सफेदा खातून, सुनीता हेंब्रम, सरिता देवी, रीना देवी, लोतिका देवी, सुमोदी मरांडी, मीना देवी, मालती हांसदा, अमेरिका देवी, ललिता देवी, लखिया देवी, लखी देवी, रंभा देवी, मंजू देवी, शबनम खातून सहित अन्य जलसहिया मौजूद थी।

# धनबाद-चंद्रपुरा वैकल्पिक रेलवे लाइन का जल्द शुरू होगा काम



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद-चंद्रपुरा वैकल्पिक रेललाइन का काम जल्द ही शुरू होगा। इसको लेकर मंत्रालय व विभागीय कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वर्ष 2027 की डेडलाइन तय की गई है। तीन वर्षों के मध्य में ही यह वैकल्पिक रेल लाइन तैयार कर जनता के लिए शुरू कर दी जाएगी। उक्त बातें डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहीं। वह शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में धनबाद मंडल की उपलब्धियां और वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदर्शन की जानकारी दी।

**28 किलोमीटर की नई लाइन से मिलेगा स्थायी डायवर्सन :** नई लाइन के बनने के बाद मौजूदा अग्नि प्रभावित धनबाद चंद्रपुरा रेललाइन का ट्रैफिक नई लाइन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। रेलवे 28 किलोमीटर के इस नई लाइन को स्थायी डायवर्सन मान रहा है। निर्धारित समय पर अगर यह प्रोजेक्ट पूरा होता है तो कतरासगढ़ स्टेशन सहित डीसी लाइन के अन्य स्टेशन और हॉल्ट का अस्तित्व भी रेलवे के नक्शे से मिट जाएगा। नई डीसी लाइन को बनाने में 474.37 करोड़ की लागत आएगी। इस लाइन पर 68 छोटे ब्रिज और एक बड़ा ब्रिज बनाया जाएगा। नई लाइन को बनाने के लिए रेलवे 25.33 एकड़ जमीन अधिग्रहित करेगा।

**बालू डालकर ट्रैक के नीचे आग पर काबू पाने का प्रयास :** धनबाद-चंद्रपुरा लाइन भूमिगत आग के कारण लगभग एक वर्षों तक बंद रही। बाद में मंत्रालय से मिली हरी झंडी के बाद इसे दोबारा चालू किया गया। डीआरएम ने बताया कि रेलवे लाइन के ठीक नीचे लगी आग पर काबू पाने के लिए रेलवे ने एक तरकीब निकाली है। दरअसल एक तकनीक के माध्यम से तीन मीटर चौड़े और 100 फीट नीचे होल कर इसमें पानी और बालू का मिक्सर डाला जा रहा है ताकि ट्रैक के ठीक नीचे की भूमि को ठंडा रखा जा सके।

**लोडिंग में फिर से नंबर वन :** डीआरएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 188.73 मिलियन टन की रिकॉर्ड लोडिंग के साथ बिलासपुर को पछाड़कर एक बार फिर से धनबाद डिवीजन नंबर वन बना। दूसरे नंबर पर बिलासपुर 171.99 मिलियन टन, खुर्दा रोड 159.95 मिलियन टन के साथ तीसरे और चक्रधरपुर 149.17 मिलियन टन के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसमें 10.18 प्रतिशत को ग्रोथ हासिल हुआ है। डीआरएम में इसके साथ-साथ रेल ग्राइंडिंग मशीन और ब्लास्ट क्लीनिंग मशीन की दी गई जानकारी दी।

**ओएचई और केबल को नुकसान नहीं पहुंचने की अपील :** डीआरएम ने अपील की कि रेलवे किनारे लगे नए ओएचई (ओवरहेड इक्यूपमेंट) और केबलिंग को कई जगह नुकसान पहुंचाई गई है। देखा गया है कि बच्चे खेल-खेल में अक्सर ओएची को पत्थर मारकर तोड़ देते हैं। इससे केवल तुरंत तो नहीं टूटता, लेकिन एक रोड की तरह भारी यह बिजली का केबल कुछ समय बाद टूट जाता है, उस समय अगर रेलवे किनारे से गुजर रहे लोगों पर यह केबल गिरा तो जानलेवा साबित हो सकता है।

कई जगह ऐसी घटनाएं देखी भी गई हैं। इसलिए इसको लेकर जागरूक होने की जरूरत है। प्रेस वार्ता में डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, एडीआरएम (ओपी) विनित कुमार, एडीआरएम (इंफ्रा) अमित कुमार, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर डीओएम अजय तिवारी सीनियर डीएम (को- ऑडिनेशन) प्रदीप कुमार मौजुद थे।

## कास्टेयर टाउन : वसंती गली के लोगों का घरों से निकलना मुश्किल



**देवघर, एजेंसी।** इन दिनों कास्टेयर टाउन के मेन रोड व गली में शहरी जलापूर्ति योजना के तहत पाइप-लाइन बिछाने का काम एक एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में पंद्रह दिनों पहले वंसती गली में भी पाइप-लाइन बिछाने के लिए गली के बीच में वाईब्रेटर मशीन लगाकर सिमेंटेड रोड तोड़ी गयी। परिणामस्वरूप पूरी रोड उखड़ गई।

एजेंसी कर्मियों ने जैसे-तैसे काम पूरा तो कर लिया, पर रोड की स्थिति ऐसी कर डाली की चारों ओर अभी भी पाइप जैसे-तैसे रखी है। गलीवासियों का आरोप है कि गड्ढों को ढंग से भरा भी नहीं गया है। पूरी गली में खोदे गये रेबिश फैले हैं। लोग मजबूरन अपने घरों में क़ैद होकर रह गए हैं। अब तक कई बच्चे और बुजुर्गों के साथ महिलाएं आने-जाने के क्रम में चोटिल भी हो गयी हैं। काम पर जाने वाले लोग घर से मोटरसाइकिल तक नहीं निकाल पा रहे हैं। टोटो से अपनी दुकान या ऑफिस जाना-आना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वालों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन नगर आयुक्त को भी दिया था, पर अभी तक समाधान नहीं निकाला जा सका।

वहीं मोहल्लेवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित एजेंसी के अधिकारियों से भी बातचीत की गई, पर उनका एक ही जवब मिल रहा है कि दो-तीन दिनों में हो जाएगा। वहीं काम नहीं होने से एजेंसी के काम करने के तरीके से मोहल्लेवालों में भारी रोष व्याप्त होग या है। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिनों में एजेंसी काम पूरा नहीं करती है तो मेन रोड जाम कर प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया जाएगा।

## अपने ही अंतरद्वंद्वों के कारण गिर जाएगी मोदी सरकार, जनता का विश्वास खो चुकी है : झामुमो

**रांची , एजेंसी।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही केंद्र सरकार के भविष्य को पर कटाक्ष किया है। कहा है कि जल्द ही यह सरकार अंतरद्वंद्वों के कारण गिर जाएगी। एनडीए संसदीय दल की बैठक में पूरे चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए और भाजपा का नाम नहीं लेनेवाले मोदी की गारंटी का जुमला गायब हो गया। वह एनडीए का नाम लेने को आज मजबूर हुए। झामुमो केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भट्टाचार्य ने बार-बार दोहराया कि देश ने मोदी के नेतृत्व को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि पं. नेहरू की तरह तीसरी बार मोदी के पीएम बनने की बात भाजपा कह रही है, लेकिन वे भूल रहे हैं कि तीसरी बार पं. नेहरू को जनता ने फ्रैक्कर मैंडेट नहीं दिया था। आज मोदी ने जनता का विश्वास खो दिया है।

उन्होंने कहा कि अब संसद के पहले अधिवेशन में सरना धर्म कोड पर फैसला होना चाहिए। झारखंड में ओबीसी आरक्षण में बढ़ोतरी से संबंधित मामले में भी निर्णय होना चाहिए, जिसे झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित कर केंद्र सरकार को भेजे हुए है। अग्निवीर समाप्त होना चाहिए। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अलावा रेलवे, बैंक व अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में रिक्त 50 लाख भर्तियों के लिए बगैर शुल्क विज्ञापन निकलना चाहिए। उन्होंने नीतीश कुमार भी तंज कसा और कहा कि उन्हें भी स्पष्ट करना चाहिए कि अब जातीय जनगणना पर क्या होगा।

# दल बदल मामले में फंसे जेपी पटेल ने स्पीकर ट्रिब्यूनल से जवाब देने के लिए फिर मांगा समय



**रांची, एजेंसी।** दल बदल केस में फंसे जयप्रकाश भाई पटेल ने स्पीकर ट्रिब्यूनल से जवाब देने के लिए और छह सप्ताह का समय मांगा है। पटेल मांडू से भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे। विधानसभा से इस्तीफा दिए बगैर वे कांग्रेस में शामिल होकर हजारीबाग से लोकसभा का चुनाव लड़े। चुनाव से पहले ही उनके खिलाफ भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने स्पीकर के न्यायाधिकरण में शिकायत दर्ज कराई।

जिसके आधार पर पटेल व बाउरी दोनों को नोटिस जारी हुआ और उन्हें स्वयं या वकील के जरिए 2 मई तक जवाब देने को कहा गया, तब दोनों ने लोकसभा चुनाव का हवाला देकर चार सप्ताह का समय मांगा। स्पीकर ने उन्हें छह जून तक जवाब देने के लिए समय दिया, पर वे जवाब नहीं दिए। पटेल द्वारा अब दोबारा समय मांगे जाने पर कहा जा रहा है कि वे लोकसभा का चुनाव हार गए हैं, इसलिए चाह रहे हैं कि जवाब देने के बहाने कुछ समय लेकर विधायक बने रहें। क्योंकि, विधानसभा चुनाव में कुछ माह बचे हैं। उधर, अमर बाउरी ने भी स्पीकर न्यायाधिकरण को नोटिस का जवाब देने के लिए दोबारा समय मांगा है। लेकिन, दोनों में से किसी के आग्रह पर अभी तक स्पीकर ने कोई निर्णय नहीं लिया है।चार विधायकों के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद विधानसभा का अंकगणित बदल गया है। विधायक मनीष जायसवाल, नलिन सोरेन, जोबा माझी और ढुलू महतो के सांसद बनने से विधानसभा की चार सीटें रिक्त हो गई हैं। इस तरह 81 सदस्यीय विधानसभा में अब 77 विधायक ही रहेंगे। अब रिक्त हुई सीटों के लिए चुनाव भी नहीं होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ स्पीकर ट्रिब्यूनल में चल रहे चारों मामलों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया है। जबकि, प्रदीप यादव, डॉ. इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी, राजेश कच्छप और कमलेश सिंह के विरुद्ध अभी दल बदल का मामला चल ही रहा है।

दल बदल मामले में स्पीकर पहले स्वतः संज्ञान लेते थे, पर सालभर पहले इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया। अब स्पीकर इस मामले में तब ही संज्ञान ले सकते हैं, जब उनके पास कोई शिकायत दर्ज कराएगा। इस कारण झामुमो से बगावत कर लोकसभा चुनाव लड़े विधायक चमरा लिंडा व लोबिन हेम्ब्रम के खिलाफ स्पीकर स्वतः संज्ञान लेने की स्थिति में नहीं हैं। दूसरी ओर, सीता सोरेन ने विधानसभा से त्याग पत्र देकर दुमका से भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ा। उनका त्याग पत्र अभी तक मंजूर नहीं हुआ है। स्पीकर ने सीता सोरेन से ई-मेल के जरिए भेजे गए त्याग पत्र की मूल प्रति मांगी है।

## स्वामी अग्निवेश की पिटाई मामले में सभी 11 आरोपी बरी, पाकुड़ की अदालत ने सुनाया फैसला



पाकुड़, एजेंसी। बंधुआ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व राज्य सभा के पूर्व सदस्य स्वामी अग्निवेश की पिटाई मामले में नामजद सभी 11 अभियुक्तों को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

अदालत का यह फैसला गुरुवार को आया। यह घटना 17 जुलाई 2018 की है। इस मामले में नगर थाना में कांड संख्या 142/18 दर्ज हुआ था। गुरुवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने फैसला सुनाते हुए इस केश के मुख्य आरोपित अनंत तिवारी सहित 10 अन्य लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दी।

मामले में अनंत के अलावे तत्कालीन जिला अध्यक्ष भाजपा बलराम दुबे, युवा मोर्चा के तत्कालीन जिला अध्यक्ष प्रसन्ना मिश्रा, बजरंग दल के संदीप कुमार मंडल, भाजपा कार्यकर्ता अशोक प्रसाद, शिवकुमार साह ,बादल मंडल, राहुल तिवारी, तुहिन कांति शुक्ला, गोपी दुबे, शिवम भगत को घटना का आरोपित बनाया गया था। इस मामले में पैरवी कर रहे अधिवक्ता विश्वजीत मिश्रा ने जजमेंट मिलने पर प्रसन्नता जताई है। साथ ही कहा कि सत्य कभी पराजय नहीं होता।

बंधुआ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व राज्य सभा के पूर्व सदस्य स्वामी अग्निवेश 17 जुलाई 2018 मंगलवार को दिन के करीब एक बजे पाकुड़ के मुस्कान पैलेस होटल के सामने भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से पिटाई कर दी थी । कार्यकर्ता पाकिस्तान व ईसाई मिशनरी के दलाल स्वामी गो बैक के नारे लगा रहे थे। स्वामी अग्निवेश लिट्टीपाड़ा में पहाड़िया हिल एसेंबली के दामिन दिवस समारोह में भाग लेने आए थे।

दोपहर करीब एक बजे स्वामी अग्निवेश समर्थकों के साथ दामिन दिवस समारोह में शामिल होने के लिए जब होटल से बाहर निकले तो पहले से काला झंडा दिखाने को तैयार करीब दो दर्जन भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अचानक उत्तेजित हो गए।

उनकी ओर काले झंडे लहराते हुए बढ़े। इस बीच उनकी जमकर पिटाई कर दी गई। स्वामी अग्निवेश जमीन पर गिर पड़े थे। बाद में कुछ समर्थकों ने किसी प्रकार अग्निवेश को वहां निकाला। उन्हें होटल के अंदर ले गए, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डा. समरूल ने उनका इलाज किया था।

## बाबूलाल बोले- सत्ता के मद में चूर हेमंत सोरेन ने सैकड़ों युवाओं और आम लोगों को जेल में डाला था

**रांची , एजेंसी।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सत्ता के मद में चूर हेमंत सोरेन ने सैकड़ों युवाओं और आम लोगों को जेल में डाला था। मुख्यमंत्री रहते उन्होंने बड़ी संख्या में उन लोगों को जेल भेजा, जिन्होंने प्रशासन के गलत रवैये और झामुमो की तानाशाही का विरोध किया। जिन्होंने नौकरी के वादे पर सरकार को घेरा था।

प्रश्न पत्र लीक होने पर सरकार से जवाब मांगे थे। कोई गलती नहीं होने के बाद भी सैकड़ों युवकों और आम लोगों को यातनाएं दी गईं। हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया वॉल पर गुरुवर को आए उनके बयान (जो अब डिलीट कर दिया गया है) पर मरांडी ने यह प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने हेमंत को लक्ष्य कर सवाल किया है कि जब संथाल में सैकड़ों आदिवासी बेटियों को लव जिहाद में फंसाया गया। हत्या कर उनके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। गाड़ियों से कुचल कर मार डाला गया, तब मुख्यमंत्री होने के बावजूद हेमंत सोरेन को आदिवासियों की याद नहीं आई। मरांडी ने कहा है कि यदि हेमंत को जेल में यातनाएं दी जा रही हैं, तो कोर्ट से अनुरोध कर अपने बैरक का सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करवाएं।

प्रदेश राजद की उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा- बाबूलाल मरांडी जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने लोगों को आपस में लड़वाने का काम किया वह किसी से छुपा नहीं है। उस हिंसा के लिए मरांडी ही जिम्मेदार हैं। इसका दंश अब भी जनता झेल रही है। उन्होंने झारखंड में रहनेवालों के बीच जो विद्वेष पैदा किया। उसकी टीस आज भी सुनाई देती है। खास कर उन लोगों को जो बिहार मूल के हैं। मरांडी भ्रष्टाचार की बात करते हैं, लेकिन यह जवाब नहीं देते कि जो भ्रष्टाचारी भाजपा में जाते हैं वे कैसे ठीक हो जाते हैं। कहा कि हेमंत सोरेन की इस लड़ाई में पूरी झारखंड की जनता साथ है।

## बकाया वेतन की मांग को लेकर शराब दुकानदारों का प्रदर्शन



**धनबाद, एजेंसी।** चार माह का बकाया वेतन की मांग को लेकर शराब दुकानों में कार्यरत सेल्समैन और सुपरवाइजरों ने शुक्रवार को श्रम अधीक्षक के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने बताया कि पूर्व में एटूजेड कंपनी की ओर से शराब दुकानों में मैनपावर मुहैया कराया गया था। फिलहाल जिलेभर में संचालित 139 दुकानों में कुल 435 कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचरियों को चार माह का वेतन दिए बिना कंपनी फरार हो गई।

बताया कि पूर्व में भी श्रम कार्यालय में मामले की शिकायत की गई थी। श्रम अधीक्षक के कार्यालय की ओर से कंपनी को चार माह का बताया वेतन तत्काल देने को कहा गया था। सात जून तक पैसा देकर इसकी रिपोर्ट श्रम कार्यालय में देने को कहा गया था, लेकिन कंपनी की ओर से न तो बकाया वेतन दिया गया न ही कार्यालय में आकर अपना पक्ष रखा गया। श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी एटूजेड को एक और डेडलाइन दी गई है। 19 जून तक बताया वेतन कर्मचारियों के अकाउंट में डालने और कार्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है। इस आदेश की अवहेलना की गई तो कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रेलकर्मियों के बच्चों के लिए अच्छी खबर ! रेलवे उच्च शिक्षा के लिए देगी 25000 रुपये की स्कॉलरशिप, बैठक में लिया फैसला




**चक्रधरपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब 25000 रुपए का स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी ओबीसी रेलवे कर्मचारी संघ दक्षिण पर रेलवे के महासचिव एवं सेंट्रल स्टाफ बेनिफिट फंड कमिटी के सदस्य केएम प्रसाद ने दी है। केएम प्रसाद ने बताया कि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी महुवा वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को दक्षिणपूर्व रेलवे सेंट्रल स्टाफ बेनिफिट फंड कमेटी की बैठक गार्डन रीच मुख्यालय में संपन्न हुई।

उक्त बैठक में सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडलों में कार्यरत ग्रुप डी कर्मचारियों के बच्चों को उच्च तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा के अलावा अब सामान्य शिक्षा बीए, बी कॉम की पढ़ाई के लिए भी 25000 रुपए का स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। उपरोक्त हेतु समस्त औपचारिकताओं को पूरा करने का आश्वासन सेंट्रल स्टाफ बेनिफिट फंड कमेटी दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्ष प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी महुआ वर्मा ने दिया। इसके अलावा में टाटानगर में ओपन जिम का निर्माण करने, चक्रधरपुर रेलवे मंडल को सांस्कृतिक कार्यक्रम ड्रामा का आयोजन करने, म्यूजिकल कार्यक्रम खड़गपुर, नृत्य कार्यक्रम मुख्यालय गार्डन रीच को करने के लिए अधिकृत किया गया। हॉलीडे कैंप करने के लिए गार्डन रीच मुख्यालय, फैमिली कैंप के लिए खड़गपुर वर्कशॉप, चिल्ड्रन कैंप के लिए खड़गपुर, दिव्यांगजनों के लिए वार्षिक कैंप करने के लिए आद्रा को अधिकृत किया गया।रांची मंडल में होम्योपैथी डॉक्टर की उपस्थिति को फुल टाइम करने का निर्णय लिया गया। खड़गपुर मंडल में कार्यरत रेलवे स्टाफ कैंटीन को समृद्ध बनाने के लिए पांच लाख रुपए का फंड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में ओबीसी रेलवे कर्मचारी संघ दक्षिण पूर्व रेलवे के प्रतिनिधि के रूप में महासचिव कृष्ण मोहन प्रसाद, दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन के प्रतिनिधि के रूप में चक्रधरपुर रेलवे मंडल के ऑर्डिनेटर मनोज कुमार सिंह, ऑल इंडिया एसटी एससी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन दक्षिणपूर्व रेलवे के प्रतिनिधि के रूप में आद्रा मंडल से बी भी राव ने भाग लिया।

# अब ब्रेन ट्यूमर का इलाज बहुत एडवांस, 20 साल तक बढ़ाई जा सकती है जिंदगी

**रांची , एजेंसी।** 'ब्रेन ट्यूमर' एक खतरनाक रोग है। समय रहते इसका उचित इलाज नहीं कराया गया तो यह जानलेवा साबित होता है। रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार ने बताया कि देशभर में प्रति लाख आबादी में 6 को ब्रेन ट्यूमर होता है। देश की तुलना में झारखंड में भी ब्रेन ट्यूमर के मामले सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि पूरी बॉडी में ब्रेन ट्यूमर सबसे ज्यादा घातक इसलिए है, क्योंकि ब्रेन में करीब 150 तरीके के वेरिएशन के साथ ब्रेन ट्यूमर पाए जाते हैं। इनमें 60 प्रतिशत कैंसर युक्त होते हैं, जबकि 40 प्रतिशत कैंसर मुक्त होते हैं।

ये जो 40 प्रतिशत वाले ट्यूमर हैं, वे ब्रेन में फैलकर ऑपरेशन के बाद भी दोबारा खतरा पैदा कर सकते हैं। कुछ मामलों में 5 साल में, कुछ मामलों 8 व 10 सालों में दोबारा ट्यूमर पनपने की संभावना होती है। वहीं, 60 प्रतिशत श्रेणी वाला जो कैंसर युक्त ट्यूमर है, इनमें भी 100 में 40 रोगी को खतरनाक किस्म का कैंसर होता है। ऑपरेशन के बाद भी इनकी आयु 13 सप्ताह से अधिकतम 3 साल तक ही होती है। निदेशक डॉ. राजकुमार ने कहा कि पिछले 10 सालों में ब्रेन ट्यूमर के इलाज में भी इतने एडवांसमेंट आएं हैं कि अगर समय पर बीमारी की पहचान कर इलाज करा लें तो 20 साल तक जिंदगी बढ़ाई जा सकती है।

ब्रेन ट्यूमर की पहचान करने के लिए रोगी का इमेजिंग टेस्ट किया जाता है। इस टेस्ट के तहत रोगी के ब्रेन का सीटी स्कैन, एमआरआई और पेट स्कैन किया जाता है। इसके बाद सर्जरी की जाती है। अभी सर्जरी की बहुत एडवांस तकनीक आ गई है।

रिम्स निदेशक के अनुसार, ब्रेन कैंसर के मामले में मरीज की जान बचा पाना सबसे ज्यादा चुनौती भरा है। क्योंकि इलाज के बाद भी 3 से 5 साल के भीतर 10 में 4 की मौत हो जाती है। वहीं, समय से इलाज नहीं होने के कारण रोगी की मौत दो महीने से लेकर 8 महीने के बीच में ही होने लगती है। इसलिए जैसे ही ब्रेन ट्यूमर के लक्षण दिखें, इलाज कराने में देरी न करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव-पूर्व अनुमान लगाने में हुई अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने को तैयार प्रशांत किशोर

**पटना, एजेंसी।** चुनावी रणनीतिकार और विश्लेषक प्रशांत किशोर ने स्वीकार किया है कि 2024 के चुनावों की भविष्यवाणी करने में उनसे बड़ी गलती हुई है। उन्होंने कहा कि वह चुनाव-पूर्व अनुमान लगाने में हुई अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अब भविष्य में वह इस तरह की गलती नहीं करेंगे और चुनावों में सीटों का अनुमान लगाने की भविष्यवाणी नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद दिए अपने एक इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने कहा, हां, मैं और मेरे जैसे पोलस्टर्स गलत साबित हुए। हम इसके लिए माफी मांगने को तैयार हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आगामी चुनावों के लिए वह इसी तरह का भविष्यवाणी करते रहेंगे तो उन्होंने कहा, नहीं, मैं अब चुनावों में सीटों की संख्या के बारे में कोई भविष्यवाणी नहीं करूंगा।बता दें कि पांचवें चरण की वोटिंग के बाद प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि मौजूदा चुनावों में पीएम मोदी की अगुवाई वाली भाजपा 2019 जैसा प्रदर्शन करेगी और करीब 300 सीटों पर जीत दर्ज करेगी लेकिन उनकी भविष्यवाणी सच साबित नहीं हुई। भाजपा को सिर्फ 240 सीटें मिलीं, जबकि पूरे एनडीए को 293 सीटों पर संतोष करना पड़ा। चुनाव नतीजों के दिन से पहले एक ट्वीट में किशोर ने घबराए हुए आलोचकों पर कटाक्ष करते हुए उन्हें हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी थी और 4 जून को वोटों की गिनती के दिन उन सबको खूब सारा पानी रखने को कहा था।

### बिहार में मोदी-शाह सेना के सामने पस्त रहा राहुल-खरगे का प्रचार

**पटना, एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के सात चरण के दौरान चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की टॉप लीडरशिप ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के मुकाबले 6 गुना ज्यादा सभा और रैलियां की। गठबंधन के दूसरे दलों के कैंडिडेट के प्रचार में कांग्रेस का रिकॉर्ड और भी खराब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा बीजेपी के बड़े नेताओं ने बिहार में 56 सभाएं की जिसमें 22 सभा तो सहयोगी दल जेडीयू, हम, लोजपा और रालोमो के लिए आयोजित हुए। जबकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने 9 सभाओं में मात्र 2 सभा सहयोगी आरजेडी और सीपीआई-माले के लिए की। इंडिया अलायंस में गठबंधन धर्म-कर्म निभाने का जिम्मा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के कंधे पर रहा। राहुल गांधी ने भागलपुर में एक रैली 20 अप्रैल को कांग्रेस के लिए की और फिर दूसरी बार 27 मई को तीन रैलियां करने आए। राहुल ने दूसरे बिहार दौरे में पटना साहिब में कांग्रेस, पाटलिपुत्र में आरजेडी और आरा में सीपीआई-माले के लिए वोट मांगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तीन बार आए और सिर्फ कांग्रेस की सीट किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और सासाराम में पांच रैलियां की। कांग्रेस के लिए देश भर में घूम रहीं प्रियंका गांधी बिहार नहीं आईं। तेजस्वी और मुकेश सहनी ही मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के सारे उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते रहे।

### तैयार रहें, एक साल के भीतर फिर हो सकता है चुनाव: भूपेश बघेल

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हार के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एक बड़ा बयान सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए एक साल के भीतर दोबारा चुनाव होने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने के लिए कहा है। इसके साथ ही भूपेश बघेल ने अपने बयान के पीछे कई तरह के तर्क भी दिए हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद का वीडियो अपलोड करते हुए पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में भूपेश बघेल ने लिखा है कि कार्यकर्ता साथी तैयार रहें! फड़नवीस इस्तीफा दे रहे हैं, योगी जी की कुर्सी डोल रही है। भजनलाल शर्मा भी डगमग-डगमग कर रहे हैं। सरकार बनी नहीं है लेकिन जदयू प्रवक्ता अग्निवीर योजना रद्द करने और जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। भूपेश बघेल ने आगे लिखा कि यह सब वही मुद्दे हैं जो राहुल गांधी जी लेकर चले हैं। इसके साथ ही भूपेश बघेल ने दावा किया है कि बीजेपी में भी अंदरुनी रूप से उठापटक चल रही है।

# दिल्ली-फरीदाबाद के बीच सफर करने वालों को होगी परेशानी, 2 माह बंद रहेगा सरिता विहार फ्लाईओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में सरिता विहार फ्लाईओवर पर होने वाला मरम्मत कार्य आगामी 15 जून से शुरू होगा। 60 दिनों तक चलने वाले इस मरम्मत कार्य को चार फेज में किया जाएगा। हर फेज में फ्लाईओवर के केवल आधे हिस्से को 15-15 दिनों के लिए बंद किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ पीडब्ल्यूडी को इसके लिए एनओसी जारी कर दी है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, मथुरा रोड से रोजाना लाखों गाड़ियां दिल्ली-फरीदाबाद के बीच सफर करती है। व्यस्त समय पर यहां वाहनों का दबाव काफी ज्यादा रहता है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का काम 15 जून से शुरू किया जाएगा। पहले यह कार्य एक मई से शुरू होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे टाल दिया गया था। अब ट्रैफिक पुलिस ने आगामी 15 जून से इस कार्य के लिए



मंजूरी दे दी है। ट्रैफिक पुलिस ने यह साफ किया कि मरम्मत कार्य चार चरणों में किया जाएगा। इसके चलते एक समय पर पूरा फ्लाईओवर बंद नहीं होगा। केवल एक दिशा में फ्लाईओवर की आधी लेन बंद होगी, जबकि आधी लेन पर गाड़ियां चलती रहेंगी।

सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में आश्रम से फरीदाबाद जाने की दिशा में मरम्मत कार्य होगा, दूसरे चरण में इसी दिशा के बचे हुए आधे फ्लाईओवर की मरम्मत होगी। तीसरे और चौथे चरण में फरीदाबाद से आश्रम आने की दिशा में मरम्मत कार्य किया जाएगा।

इन इलाकों में यातायात प्रभावित होने की आशंका अधिकारियों का मानना है कि सरिता विहार, बदरपुर, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, कालिंदी कुंज, ओखला, फरीदाबाद आदि जगह आने-जाने वालों को परेशानी हो सकती है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को सलाह दी है कि वह कुछ दिन इस ओर जाने से बचें। आश्रम चौक से बदरपुर एवं फरीदाबाद जाने वाले सरिता विहार स्लिप रोड से रोड संख्या 13ए का इस्तेमाल कर आगे से यू टर्न लेकर मथुरा रोड के रास्ते जा सकेंगे, आश्रम से नोएडा जाने वाले वाहन चालक रिंग रोड से डीएनडी फ्लाईओवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

बदरपुर से आश्रम जाने के लिए सरिता विहार फ्लाईओवर स्लिप रोड से ओखला एस्टेट मार्ग, क्राउन प्लाजा होते हुए जा सकेंगे, बदरपुर से महरौली-बदरपुर रोड का इस्तेमाल कर आश्रम जा सकेंगे।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान, 10 जून को जेवर टोल फ्री कराने का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसान अतिरिक्त मुआवजे, आबादी भूखंड और लीजबैक आदि की मांग पूरी करने की गुहार लगा रहे हैं। ऐच्छर किसान संघर्ष समिति ने भी इस धरने को समर्थन दिया है।



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाकियू अराजनैतिक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और निजी गाड़ियों में सवार होकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने प्राधिकरण गेट के सामने महापंचायत कर किसानों की समस्याओं का निस्तारण न होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने का ऐलान किया। किसान महापंचायत में पुश्तैनी और गैर पुश्तैनी का भेद खत्म करने, आबादी भूखंड, जमीन अधिग्रहण से प्रभावित सभी किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा, लीजबैक और रोजगार सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी महेंद्र मुखिया ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारी क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। वर्षों से इन मांगों को उठाया जा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तब समस्याओं का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## एनसीआर में यहां प्रॉपर्टी खरीदने के लिए जेब करना होगी और ढीली, 5 फीसदी आवंटन दर बढ़ाने की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में संपत्तियों की आवंटन दरें पांच प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। दोनों प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव आएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 15 और नोएडा की 16 जून को होनी प्रस्तावित है। इसके अलावा बैठक में कई और योजनाओं को मंजूरी मिलने की उम्मीद हैं। नोएडा प्राधिकरण के सभी विभागों ने बोर्ड बैठक को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड बैठक के एजेंडे तैयार करने को लेकर शनिवार को भी प्राधिकरण का दफ्तर खुलेगा। आम लोगों से जुड़ा मामला आवंटन दरों को लेकर होगा।

नोएडा प्राधिकरण संपत्तियों की आवंटन दरें बढ़ाने की तैयारी में है। आवासीय संपत्तियों की आवंटन दरें पांच-सात प्रतिशत तक महंगी की जा सकती हैं। पिछले साल 10 प्रतिशत तक आवासीय संपत्ति की दरें बढ़ाई गईं थीं। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो 5-7 प्रतिशत आवासीय और 10 प्रतिशत तक औद्योगिक और संस्थागत संपत्ति महंगी जा सकती है। व्यावसायिक संपत्ति की दरें भी बढ़ाई जाएंगी।

नोएडा प्राधिकरण का वर्ष 2024-2025 का बजट भी पास होगा। यह 7000 करोड़ के आसपास हो सकता है। इसमें से करीब 1100 करोड़ रुपये सिविल के कामकाज पर खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण बीते दो महीने में करीब 200 करोड़ रुपये अलग-अलग काम पर खर्च कर चुका है। पिछले वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया था।

## दिल्ली में रहस्यमयी हालात में दो युवकों की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को रहस्यमयी परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके के निवासी फिरोज (23) और दानिश (25) के रूप में हुई है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, शुक्रवार दोपहर उन्हें जेपीसी अस्पताल से सूचना मिली कि दो लोगों को अस्पताल लाया गया था और उन्हें मृत घोषित कर दिया गया, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनमें से किसी पर भी बाहरी चोट के निशान नहीं थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि फिरोज और दानिश दोनों कबीर नगर, वेलकम इलाके में कुछ महिलाओं के साथ रात में रुके थे और शुक्रवार सुबह तक उनकी पार्टी जारी रही। दोपहर लगभग 12 बजे उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी और जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

## एनआरआइ टाउनशिप के घर खरीदारों का 14 साल का इंतजार खत्म; 950 घरों की रजिस्ट्री का रास्ता खुला

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-26ए स्थित एसडीएस एनआरआई टाउनशिप के 950 खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के आधार पर इनकी रजिस्ट्री और नक्शा पास करने के लिए तैयार हो गया है। अपने प्लॉट पर घर बनाने के लिए खरीदार करीब 14 वर्षों से भटक रहे थे।

जानकारी के अनुसार एसडीएस एनआरआई टाउनशिप वर्ष 2010 में बननी शुरू हुई थी। इसका कुल क्षेत्रफल करीब 125 एकड़ है। टाउनशिप में प्लॉट, फ्लैट, मार्केट, सामुदायिक केंद्र, पार्क आदि बनाए जाने थे। टाउनशिप में करीब 1454 बिल्डर के आवंटी हैं, जिन्होंने बिल्डर से प्लॉट खरीदा था। इनमें से 504 की रजिस्ट्री हो चुकी है, लेकिन बिल्डर पर प्राधिकरण का बकाया होने से नक्शे पास नहीं करा सके। वर्तमान में स्थिति यह है कि



टाउनशिप में करीब 10 घर बने हुए हैं। इसके अलावा न तो फ्लैटों का निर्माण शुरू हुआ और न ही खरीदारों के लिए यहां किसी भी प्रकार की विशेष सुविधाएं हैं। खरीदार करीब 14 वर्षों से प्लॉट पर मालिकाना हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, बिल्डर प्राधिकरण का बकाया नहीं चुका रहा है। बिल्डर ने अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ भी नहीं लिया। ऐसे में खरीदारों की समस्याओं को देखते हुए प्राधिकरण ने इनकी रजिस्ट्री का रास्ता खोलने की योजना बनाई है। एनओसी के आधार पर लीजरेंट जमा कर रजिस्ट्री और नक्शा पास करने के लिए प्राधिकरण तैयार हो गया है। अगले हफ्ते तक इन्हें बिजली कनेक्शन भी मिल जाएंगे।

खरीदारों को बिजली के कनेक्शन भी नहीं मिले हैं। यहां करीब 10 घर बने हैं। लोग जनरेटर से बिजली आपूर्ति कर रहे हैं। इसको लेकर वह काफी लंबे समय से संघर्ष भी कर रहे थे। उनकी दिक्कतों को देखते हुए प्राधिकरण ने 10 जून तक इन्हें बिजली के कनेक्शन देने की तैयारी कर ली है। इसको लेकर यूपीपीसीएल के साथ प्राधिकरण की बातचीत हो चुकी है। एसडीएस एनआरआई टाउनशिप के महासचिव तरुण शर्मा का कहना है कि प्राधिकरण रजिस्ट्री करने के लिए जरूर तैयार हो गया, लेकिन बिल्डर सशर्त एनओसी दे रहा है।

## गुजारे को पैसा मांग रही पत्नी की जब गंदी तस्वीरें दिखाने लगा शख्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के गुजारा भत्ता देने के फैसले के खिलाफ दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में एक आदमी ने अपनी पत्नी की अभद्र तस्वीरें पेश कर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी व्यभिचार में संलिप्त है, इसलिए वह गुजारा भत्ता नहीं देना चाहता है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि हम डीपफेक के युग में जी रहे हैं। ऐसे में इन तस्वीरों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। दरअसल, भरण-पोषण के मामले में पत्नी का व्यभिचार दिखाने के लिए पति ने कोर्ट में कुछ तस्वीरें पेश की थीं। कोर्ट ने इन तस्वीरों पर भरोसा करने से इनकार कर दिया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि इन तस्वीरों को फैमिली कोर्ट के समक्ष सबूतों के साथ प्रमाणित करना होगा।

वर्डिक्टम की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली हाई कोर्ट ने डीपफेक से उत्पन्न खतरे को स्वीकार करते हुए पति द्वारा अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका में पेश की गईं पत्नी की गंदी तस्वीरों पर भरोसा करने से इनकार कर दिया। पति यह साबित करना चाहता था कि उसकी पत्नी व्यभिचार में लिप्त है, इसलिए वह गुजारा भत्ता नहीं देना चाहता है। कोर्ट ने कहा कि इन तस्वीरों को फैमिली कोर्ट के समक्ष सबूतों के साथ प्रमाणित करना होगा।

## नोएडा में करंट लगने से 3 की मौत, किसकी लापरवाही? ऐक्शन में पुलिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेटर नोएडा में दो दिन में दो अलग-अलग घटनाओं में करंट लगने से एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस आधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को बच्चे की मौत मामले में अज्ञात बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाया है। एक अधिकारी ने बताया कि रबूपुरा निवासी शफीक ने पुलिस को बताया कि उसके सात वर्षीय बेटे की कस्बे की एक सड़क पर लगे खंभे के चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई।

इस मामले पर बात करते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनकी शिकायत के आधार पर बिजली विभाग के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी घटना में, शुक्रवार को ग्रेटर नोएटा के अट्टापीर गांव में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोनू (28) और हरकिरन (80) की उनके गांव के ही निवासी रमेश के ट्यूबवेल पर करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में कानूनी कार्यवाही चल रही है। दो दिन के अंदर बिजली का झटका लगने से तीन लोगों की मौत के बाद पुलिस में इस मामले की शिकायत की गई थी। इस मामले को लेकर बिजली विभाग के अज्ञात कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई

## हिमाचल के पानी पर हरियाणा का पहरा, आतिशी के आरोप पर बीजेपी का पलटवार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि हिमाचल से आने वाले पानी पर भी हरियाणा का पहरा है। अगर हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ती है तो हिमाचल से आने वाले पानी से भी जलापूर्ति के लिए पूरा नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि हरियाणा सरकार दिल्लीवालों के खिलाफ साजिश कर रही है। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पानी की व्यवस्था करने के लिए रोज सुनवाई कर रहा है। आगामी सोमवार को फिर सुनवाई हो रही है, दूसरी तरफ हरियाणा सरकार पानी रोककर जल संकट बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में हम सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार द्वारा पानी रोकने का मुद्दा रखेंगे।

दिल्ली सरकार ने पानी की मांग पूरी करने के लिए लोगों से सीमित मात्रा में प्रयोग करने और बचाने की अपील की है। इसके साथ ही मांग के बराबर आपूर्ति करने के लिए दिल्ली में लगाए गए ट्यूबवेल को चलाने का समय लगभग दोगुना कर दिया है। पहले 4 से 6 घंटे ही ट्यूबवेल का प्रयोग होता था, अब उसे 8 से 10 घंटे तक चलाया जा रहा है। दिल्ली में कुल पानी की मांग में सिर्फ 13.5 फीसदी अन्य स्रोतों से पूरा किया जाता है, बाकी



यमुना नदी पर निर्भर है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली अपनी पानी की मांग को पूरा करने के लिए के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। यमुना नदी में वही पानी आता है, जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। यमुना में आने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला में बने जल संयंत्रों को मिलता है। जब पीछे से यमुना में पानी रोक दिया जाएगा तो जलशोधन संयंत्रों से आपूर्ति कम हो जाएगी। दिल्ली में पानी की मांग पूरा करने के लिए जलशोधन संयंत्रों से कुल 946 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया है कि जल मंत्री आतिशी पानी के संकट पर जनता को गुमराह कर रही हैं। यह समझ से परे है कि वो अपनी नाकामी के लिए हरियाणा सरकार पर आरोप लगा रही हैं।

# किडनैप करके जहरीली शराब पिलाई, एनेस्थीसिया के इंजेक्शन देकर मार डाला

### 20 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए पार्टनर का खून

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
बीस करोड़ की संपत्ति के लालच में पार्टनर ने इंदिरापुरम निवासी प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर दी। साथियों के साथ मिलकर कड़कड़डूमा कोर्ट के बाहर से अगवा करने के बाद प्रॉपर्टी डीलर को जहरीली शराब पिलाई और फिर एनेस्थीसिया के छह इंजेक्शन लगाकर मार डाला। बाद में शव को गंगनहर में फेंक दिया। दिल्ली में हुए अपहरण और हत्याकांड का शुक्रवार को खुलासा करते हुए शालीमार गार्डन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इंदिरापुरम के नीतिखंड निवासी राकेश वार्ष्णेय थाना भजनपुरा दिल्ली के यमुना विहार



निवासी राजू उपाध्याय के साथ छह साल से प्रापर्टी डीलिंग का कार्य कर रहे थे। राकेश की मुरादाबाद में 20-22 करोड़ रुपये की संपत्ति थी। राकेश ने राजू से इस संपत्ति को बिकवाने को कहा तो उसने बातों में फंसाकर संपत्ति की पावर ऑफ अटॉर्नी नवंबर 2023 में अपने नाम करा ली। इसके बाद राजू संपत्ति कब्जाने की जुगत में लग गया। 28 फरवरी को राकेश दिल्ली में कड़कड़डूमा कोर्ट गए थे। वहां से राजू उन्हें उनकी ही कार में अगवा कर दिलशाद गार्डन स्थित सुंदरनगरी में अपने ऑफिस पर ले गया। ऑफिस में राजू ने तीन साथियों के साथ शराब पिलाई। राकेश लघुशंका के लिए गए तो शराब में नीला थोथा मिला दिया। नशा होने पर आरोपियों ने राकेश को एनेस्थीसिया के छह इंजेक्शन लगाए। ओवरडोज से राकेश की मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने गंगनहर में शव फेंक दिया। डीसीपी ने कहा कि राजू और दिल्ली के अजीत नगर निवासी कृष्ण अग्रवाल, उस्मानपुर ब्रह्मपुरी निवासी अनुज गर्ग और बुलंदशहर के गांव जैनपुर निवासी हरीश कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर राकेश की शर्ट, जूते, आदि सामान बरामद कर लिया है।

दो दिन बाद लावारिस मिली कार जांच में कार राकेश की निकलने पर शालीमार गार्डन पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। परिजन तब तक दिल्ली में गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने गुमशुदगी बंद कर दी। राकेश की पत्नी ममता का कहना है कि वह तीन महीने तक शालीमार गार्डन थाने के चक्कर काटती रहीं, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। 30 मई को वह डीसीपी ट्रांस हिंडन से मिलीं और राजू उपाध्याय पर शक जाहिर किया। डीसीपी के आदेश पर केस दर्ज हुआ।

राकेश के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की सूचना पर उनके परिजन भी थाने पहुंच गए थे। आरोपियों को देखकर वह आपा खो बैठे और उन पर चप्पलों से हमला कर दिया। मुख्य आरोपी राजू को देखते ही राकेश की पत्नी बिफर पड़ी और उस पर हमला करने के लिए दौड़ीं, लेकिन महिला पुलिसकर्मियों ने रोक लिया। गिरफ्तार हरीश दिल्ली के एक नर्सिंग होम में काम करता है, जबकि कृष्ण अग्रवाल एंबुलेंस चालक है। राजू ने फ्लैट का लालच देकर अनुज गर्ग, एंबुलेंस दिलाने का लालच देकर कृष्ण और रुपयों का लालच देकर हरीश को योजना में शामिल किया। राजू ने कृष्ण और हरीश को दस हजार रुपये देकर एनेस्थीसिया के इंजेक्शन मंगाए।

## दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला खंड अगस्त में खुलने की उम्मीद; 65.20 किमी नेटवर्क में बनेंगे 42 नए स्टेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। मेट्रो फेज-4 का पहला तीन किलोमीटर का एक खंड अगस्त में यात्रा के लिए खुलने जा रहा है। मेट्रो फेज चार के जनकपुरी पश्चिम से आर.के. आश्रम कॉरिडोर के बीच इस तीन किलोमीटर के खंड पर कुल दो स्टेशन होंगे। इस लाइन पर सिविल वर्क पूरा हो चुका है। जल्द ही जरूरी अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने के साथ मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर को सुरक्षा जांच के लिए आवेदन किया जाएगा। दिल्ली मेट्रो के प्रवक्ता अनुज दयाल के मुताबिक, मेट्रो फेज चार के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर कुल 28.9 किलोमीटर लंबा है। इसके एक खंड जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन को सबसे पहले खोलने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसका काम अंतिम चरण में है। मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर द्वारा सुरक्षा जांच के बाद अनुमति मिलते ही इसे परिचालन के लिए खोल दिया जाएगा। मेट्रो के मुताबिक, मेट्रो फेज चार के सभी कॉरीडोर पर काम पूरा कर दिया जाएगा। बताते चलें कि मेट्रो फेज चार के जिस खंड को खोलने की तैयारी है वह पूरी करीब तीन किलोमीटर का सेक्शन भूमिगत है। जनकपुरी पश्चिम एलिवेटेड होगा, जबकि कृष्णा पार्क एक्सटेंशन भूमिगत होगा। मेट्रो फेज चार का यह कॉरिडोर मौजूदा मजेंटा लाइन (बॉटेनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम) का विस्तार लाइन है। इस लाइन पर कुल 22 मेट्रो स्टेशन होंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper





टी-20 वर्ल्डकप 2024

# अफगानिस्तान ने पहली बार न्यूजीलैंड को हराया

**गयाना, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी। इनिंग्स की पहली गेंद और स्टंप्स जमीन पर। अफगान पेसर फजल हक फारूकी ने न्यूजीलैंड बल्लेबाज का फिन एलन का विकेट लेकर टी- 20 वर्ल्ड कप 2024 के एक और बड़े उलटफेर की शुरुआत कर दी थी। ये मैच वेस्टइंडीज के गयाना में प्रोविडेंस स्टेडियम में शनिवार को खेला गया।

फारूकी ने पहले ओवर के बाद कीवी बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। पावरप्ले में ही 3 विकेट लेकर न्यूजीलैंड के लिए जीत मुश्किल कर दी।

मैच की पहली गेंद पर फारूकी ने फिन एलन को बोल्ड कर दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। अफगानिस्तान के ओपनर्स रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने 100 रन की साझेदारी कर स्कोर 159 तक पहुंचाया।अब बारी गेंदबाजों की थी।

फजल हक फारूकी ने पावर प्ले और फिर राशिद खान ने मिडिल ओवर्स में 4-4 विकेट लेकर जीत पक्की कर दी। न्यूजीलैंड 75 रन पर ऑलआउट हो गई।

## टर्निंग पॉइंट

**1. गुरबाज-जादरान की पार्टनरशिप-** रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान के बीच हुई 103 रन की पार्टनरशिप ने अफगानिस्तान को मजबूती दे दी। बाद में आने वाले खिलाड़ियों को डेथ ओवर्स में खुलकर खेलने की आजादी मिली। पार्टनरशिप मजबूत थी इसीलिए अजमतुल्लाह ओमरजई तीसरे नंबर पर आने का मौका मिला। उन्होंने 13 बॉल में 22 रन की पारी खेली। 169 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

**2. केन विलियम्सन का विकेट-** न्यूजीलैंड संकट में थी, लेकिन उनका मिडिल ऑर्डर 160 का टारगेट चेज करने की काबिलियत रखता था। खासतौर से कप्तान केन विलियम्सन जो स्पिन को बाकी बल्लेबाजों से बेहतर खेलते हैं। राशिद ने पावर प्ले खत्म होने के बाद पहली गेंद पर ही विलियम्सन को पवेलियन भेज दिया।

## न्यूजीलैंड की हार की वजहें

**1. खराब फील्डिंग-** न्यूजीलैंड की खराब फील्डिंग टीम की हार की सबसे बड़ी वजहों में से एक रही है। टीम ने इब्राहिम जादरान को 3 जीवनदान दिए, जिसमें 2 कैच ड्रॉप और एक रनआउट का चांस शामिल रहा। टीम की खराब फील्डिंग के कारण शुरुआती ओवर्स में विकेट नहीं मिले और अफगानिस्तान ने बड़ा टोटल बनाया।

**2. गुरबाज को किस्मत का साथ-** अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को किस्मत का साथ मिला। चौथे ओवर में सेंटनर की बॉल पर गुरबाज चूक गए, बॉल स्टंप पर लग गई। इसके बावजूद गुरबाज आउट करार नहीं दिए गए, क्योंकि बेल्स नहीं गिरी थीं। 11वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स उनका कैच लेते हुए बाउंड्री के बाहर चले गए।

**फाइटर ऑफ द मैच**

मैट हेनरी फाइटर ऑफ द मैच रहे। हेनरी ने विकेट के चांस बनाए, लेकिन खराब फील्डिंग के कारण सफलता नहीं मिली। 14 ओवर बाद मैट हेनरी ने ही इब्राहिम जादरान और अजमतुल्लाह ओमरजई दोनों को पवेलियन भेज दिया था। लेकिन तब तक ये दोनों बल्लेबाज न्यूजीलैंड को नुकसान पहुंचा चुके थे।

## जीत के हीरो



**1.रहमानुल्लाह गुरबाज**

रहमानुल्लाह गुरबाज ने 56 बॉल में 80 रन की पारी खेली। टीम को शानदार शुरुआत देने के साथ ही इब्राहिम जादरान के साथ 103 रन की साझेदारी की।

**2. फजल हक फारूकी-पावरप्ले**

फजल हक फारूकी ने पारी की पहली ही बॉल पर फिन एलन का विकेट दिला दिया। अपने स्पेल में उन्होंने हर ओवर में एक-एक विकेट लिया। फारूकी ने 4 विकेट लिए। फिन एलन, डेवोन कॉन्वे, डेरिल मिचेल और मैट हेनरी। इनमें से 3 विकेट पावरप्ले में लिए थे।

**3. राशिद खान-मिडिल ओवर मैजिक**

फारूकी के बाद मिडिल ओवर्स में राशिद खान ने स्पिन का जादू दिखाया। राशिद ने पावरप्ले के तुरंत बाद विकेट न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन का विकेट लिया। 9वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल और मार्क चैपमेन के विकेट लेकर राशिद ने न्यूजीलैंड का मिडिल ऑर्डर ध्वस्त कर दिया। 13वें ओवर में उनका चौथा शिकार बने लॉकी फर्ग्यूसन।



## राशिद बतौर कप्तान टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे सफल गेंदबाज

टी-20 वर्ल्ड कप का 14वां मुकाबला रोमांच से भरा था। अफगानिस्तान ने पहली बार न्यूजीलैंड को चारो खानें चित किया और टी-20 वर्ल्ड कप की अपनी तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टी-20 वर्ल्ड कप में बतौर गेंदबाज राशिद खान एक मुकाबले में सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए इस मैच में 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, इससे पहले 2007 में न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी ने भारतीय टीम के खिलाफ 20 रन देकर 4 विकेट लिए थे। पाकिस्तान के जीशान मकसूद ने भी 2021 वर्ल्ड कप में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ हुए मैच में ऐसा किया था।

## टी-20 वर्ल्डकप में बांग्लादेश ने श्रीलंका को पहली बार हराया



**डलास, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 15वें मैच में बांग्लादेश ने 2014 की चैंपियन श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया। टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की श्रीलंका के खिलाफ यह पहली जीत है। इससे पहले दो मुकाबले खेले गए थे, दोनों श्रीलंका ने जीते थे। डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 124 रन बनाए और बांग्लादेश को 125 रन का टारगेट दिया। जवाब में बांग्लादेश ने 19 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। बांग्लादेश के स्पिनर रिशाद हुसैन ने तीन विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यह श्रीलंका की इस वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी हार है। इससे पहले, श्रीलंका को साउथ अफ्रीका ने हराया था। वहीं बांग्लादेश का पहला मैच था। टीम ग्रुप D में तीसरे नंबर पर है।

# कार्लोस अल्काराज ने सेमीफाइनल में जानिक सिनर को दी मात, पहली बार खिताबी मुकाबले में किया प्रवेश

फ्रेंच ओपन

**पेरिस, एजेंसी।** विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने सिनर को 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से मात दी। रविवार के खेले जाने वाले पुरुष सिंगल्स वर्ग के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड में से किसी एक की चुनौती होगी। स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को सेमीफाइनल में जानिक सिनर को हराकर पहली बार वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया।

अल्काराज इसके साथ ही तीन सतह पर ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। अल्काराज ने 2022 में हार्ड कोर्ट पर यूएस ओपन, 2023 में घासियाले कोर्ट पर विंबलडन जीता था और अब रोलां गैरो में लाल बजरी पर चैंपियनशिप के लिए खेलेंगे। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने सिनर को 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से मात दी।

रविवार के खेले जाने वाले पुरुष सिंगल्स वर्ग के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड में से किसी एक की चुनौती होगी।

### पिछड़ने के बाद की शानदार वापसी

अल्काराज ने सेमीफाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। उन्होंनें मैच के दौरान जकड़न और दर्द से निपटने के लिए ब्रेक लेकर अपने ट्रेनर की मदद ली।

सिनर ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी स्थिति में थे, लेकिन अल्काराज ने इसके बाद शानदार वापसी की। उनके ड्रॉप शॉट और कर्लिंग लॉब्स का सिनर के पास कोई जवाब नहीं था। जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर ने 2024 में ग्रैंडस्लैम खेल में 13-0 के रिकॉर्ड के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। वह इस हार के बावजूद अगले सप्ताह जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पर पहुंच जाएंगे।



डीएसए ए डिवीजन लीग

# यंग ब्वायज और यूनाइटेड की जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्लेयर ऑफ द मैच दिशान शबीर के दो बेहतरीन गोलों की मदद से यंग ब्वायज एफसी ने जुबा सांघा को 4-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। दो गोल सूरज सिंह और डाउंजल ने बांटे। पराजित टीम का इकलौता गोल आशीष शॉ के नाम रहा। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में दिल्ली यूनाइटेड ने शिमला यंग एफसी को 2-0 से पराजित किया। सौरभ दलाल और हिमांशु यादव ने यूनाइटेड के लिए गोल जमाए। यंग ब्वायज ने कागजों पर मजबूत टीम के विरुद्ध अभियान की शुरुआत तेज गति के साथ की और जुबा सांघा की कमजोर रक्षा पंक्ति को आसानी से झकझोरते हुए पहले हाफ में चार गोल की बढ़त बना ली। इससे पहले कि जुबा सांघा के रक्षक कुछ समझ पाते विजेता टीम ने मजबूत बढ़त बना ली। हालांकि दूसरे हाफ में पराजित टीम एक गोल उतार पाई लेकिन तब तक उसकी हार पर मुहर लग चुकी थी। सुदेवा अकादमी के खिलाड़ियों से सजी यंग ब्वायज को दूसरे हाफ में ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। इस दौरान पराजित टीम ने कुछ मौके भी गंवाए। एक समय तक शिमला यंग दिल्ली का चैंपियन क्लब था लेकिन अब वह पहले वाली बात नजर नहीं आती। मैच दर मैच खराब फार्म में चल रहे शिमला यंग की अग्रिम पंक्ति ने कुछ आसान मौके भी गंवाए ।

# भारतीय टीम को महामुकाबले से पहले मिली चेतावनी

### कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ ओपन किया तो...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने भारत को उनकी बल्लेबाजी लाइनअप को लेकर चेतावनी जारी की।

अकमल के मुताबिक पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा को ओपनिंग नहीं करनी चाहिए और हमेशा की तरह किंग कोहली को नंबर 3 पर ही खेलना चाहिए। अकमल के मुताबिक भारत की बल्लेबाजी क्रम अभी सही नहीं है और उन्हें लगता है कि कोहली नंबर 3 के लिए परफेक्ट हैं और वो खेल को खत्म कर सकते हैं जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है।



अकमल ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मुझे नहीं लगता है कि भारत की बल्लेबाजी क्रम अभी सही है। विराट कोहली नंबर 3 पर आकर दवाब झेल सकते हैं और मैच को खत्म कर सकते हैं और ये टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण है। रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल को बल्लेबाजी की शुरुआत करनी चाहिए और कोहली को तीसरे नंबर पर ही आना चाहिए। वहीं अगर भारत रोहित-कोहली को बतौर ओपनर उतारता है तो वो किसी भी वक्त फंस सकते हैं। तीसरे नंबर पर कोहली एक छोर को संभाले रह सकते हैं और खेल को खत्म कर सकते हैं। मुझे लगता है कि कोहली से ओपनिंग करवाकर भारत गलती कर रहा है।

## पाकिस्तान के मुकाबले भारत ज्यादा प्रभावी

अकमल ने आयरलैंड पर भारत की 8 विकेट से शानदार जीत की भी सराहना की और बताया कि पाकिस्तान के मुकाबले भारतीय टीम न्यूयॉर्क की परिस्थितियों में अधिक प्रभावी रहेगी। अकमल ने कहा कि भारत आश्वस्त होगा क्योंकि आयरलैंड के खिलाफ बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की और सिराज ने भी अच्छा किया। हार्दिक पांड्या ने भी विकेट लिए और उन्हें एक ही जगह पर तीन मैच खेलने हैं जो उनके लिए अच्छा है।

आपको बता दें कि भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच नासाउ में खेला था और उसके बाद आयरलैंड के खिलाफ भी यहीं पर अपना मैच खेला था। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ भी टीम इंडिया को यहीं पर खेलना है। भारत को इस पिच पर खेलने का अनुभव मिल चुका है ऐसे में पाकिस्तान पर उसे बढ़त मिल सकती है जबकि बाबर आजम की टीम ने अपना पहला मैच न्यूयॉर्क के डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में यूएसए के खिलाफ खेला था।

टेनिस



# सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन

## एटीपी 100 चैलेंजर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागल पेरिस ओलंपिक में सिंगल्स स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपनी रैंकिंग को बेहतर करने की कोशिश कर रहे है। ओलंपिक में पुरुषों का ड्रा 64 खिलाड़ियों का होगा। भारत के शीर्ष रैंकिंग के सिंगल्स खिलाड़ी सुमित नागल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एटीपी 100 चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। नागल ने विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल ने रूस के इवान गखोव को सीधे सेटों में शिकस्त दी। नागल ने रूसी खिलाड़ी को 82 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 7-6 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। नागल ने मैच के बाद कहा, मैं पिछले साल के आखिरी महीनों से अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रहा हूं। इससे पहले मैं कूल्हे की सर्जरी के कारण लगभग डेढ़ साल तक खेल से दूर था। साल 2022 के आखिर से मैं बिना परेशानी या दर्द के खेल रहा हूं। नागल पेरिस ओलंपिक में सिंगल्स स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपनी रैंकिंग को बेहतर करने की कोशिश कर रहे है। ओलंपिक में पुरुषों का ड्रा 64 खिलाड़ियों का होगा। नागल ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में कारेन खाचानोव के हाथों मिली से उबरते हुए 120,000 यूरो ( लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अब तब शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने गखोव के खिलाफ पहले सेट में दमदार प्रदर्शन किया। रूस के खिलाड़ी ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए नागल को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अहम मौकों पर धैर्य और अनुभव का अच्छा इस्तेमाल कर दबाव को हावी नहीं होने दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## एक नजर

### ई रिक्शा पलटने से युवक घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड में नरसन-देवहरा मार्ग पर शनिवार को दोपहर में ई-रिक्शा पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक चहुंटा गांव निवासी सलीम अंसारी ने बताया कि हसपुरा से बाजार कर ई-रिक्शा से वापस अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान महुली मोड़ के पास ड्राइवर के संतुलन बिगड़ने से ई-रिक्शा पलट गया, जिससे मेरा पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल को इलाज के लिए हसपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

### दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर, दो घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज-गोह पथ पर मखदुमपुर पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों में हुई आमने-सामने की टक्कर में बंदेया थाना क्षेत्र के सहेंद्र पासवान के पुत्र जीतू कुमार एवं मुसाफिर पासवान के पुत्र श्रवन कुमार घायल हो गए। दोनों घायलों को डायल 112 की पुलिस द्वारा इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायल श्रवण कुमार ने बताया कि अपने गांव से रफीगंज आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया और टक्कर मारकर घायल अवस्था में ही छोड़कर वह फरार हो गया।

### टेंपो पलटने से पांच घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर नीमा पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई। चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। डायल 112 पुलिस द्वारा कासमा थाना क्षेत्र के हुसैन कर्मा गांव निवासी घायल शिव शंकर चौहान एवं उनकी पुत्री अंजली कुमारी को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। घायल शिव शंकर चौहान ने बताया कि हम लोग रफीगंज से जा रहे थे।टेंपो में पांच लोग सवार थे। अचानक अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई जिससे हम सभी घायल हो गए। चालक एवं अन्य दो युवकों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### छापेमारी में दो ट्रैक्टरों को किया गया जब्त

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** बारुण थाना पुलिस के द्वारा बारुण थाना क्षेत्र में दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग सहित परिवहन के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। बारूण थाना क्षेत्र में ही सोन दियारा इलाके में दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। इस मामले में ट्रैक्टर चालक और मलिक पर प्राथमिक दर्ज की जा रही है। पुलिस के आने की भनक लगते ही चालक और तस्कर वहां से भाग निकले।

### फेसबुक लाइव पर सुनी जाएंगी शिकायतें

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद साइबर थाना के द्वारा मंगलवार को दोपहर 12 बजे फेसबुक लाइव कर शिकायतों की सुनवाई होगी। साइबर थाना की डीएसपी डॉ अनु कुमारी ने बताया कि 10 जून को दोपहर 12 बजे से वह फेसबुक पर लाइव रहेंगी। इसके लिए आवश्यक लिंक साझा किया गया है। फेसबुक लाइव के दौरान लोग अपनी शिकायतें साझा कर सकते हैं। सुनवाई के बाद उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लोगों से सुझाव भी लिए जाएंगे। इसके अलावा साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

### भूमि विवाद के निराकरण के लिए लगा जनता दरबार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए शनिवार को विभिन्न थानों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। एसपी के निर्देश के आलोक में विभिन्न थानों में पुलिस पदाधिकारी और सीओ के द्वारा संयुक्त रूप से जनता दरबार लगाकर मामलों को सुना गया और आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया। कुछ मामलों में जमीन की मापी करने और कुछ मामलों में न्यायालय जाने के लिए निर्देश दिया गया।

### थाना का निरीक्षण हुआ शुरू

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद की एसपी के निर्देश के आलोक में मदनपुर सर्किल इंस्पेक्टर के द्वारा सलैया थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की गई। अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सभी अनुसंधानकर्ता को उचित दिशा निर्देश दिए गए। लंबित डायरी को लिखने और कांडों के निष्पादन में रुचि लेने के लिए निर्देश दिया गया।

# गर्मी का प्रकोप : दो लोगों की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में एक बार फिर भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। यहां शनिवार को चिलचिलाती धूप और लू की चपेट में आने से सदर अस्पताल में कुछ ही देर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकहा गांव निवासी 50 वर्षीय सुरेश यादव और मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के उद्यम बिगहा गांव निवासी 45 वर्षीय सहेंद्र यादव शामिल हैं। दोनों मृतकों के परिजनों ने लू की चपेट में आने से मौत होने की आशंका जताई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान सुरेश यादव के परिजनों ने बताया कि वह गांव में मजदूरी करता था। दोपहर में खाना खाने के बाद वह किसी काम से खेत की तरफ गया था। जहां चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी के कारण वह बेहोश होकर गिर पड़ा। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई।

इसी दौरान खेत पर काम कर रहे कुछ लोगों ने सुरेश यादव के बेहोश होने की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन खेत पर पहुंचे और सुरेश यादव को इलाज के लिए तुरंत सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी नब्ज जांचने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। घटना की खबर सुनते ही जिला पार्षद अनिल यादव सदर अस्पताल पहुंचे और रो रहे परिजनों को समझाकर शांत कराया। वहीं, सहेंद्र यादव अपने घर पर ही समोसा बनाकर आसपास के ग्रामीण इलाकों में बेचने का काम करता था। शनिवार को वह समोसा बेचने गांव में गया था। जहां तेज धूप की वजह से वह बेहोश हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसकी नब्ज जांचने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

#### मुआवजा दिलाने की मांग

घटना की सूचना नगर थाने को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जिला पार्षद अनिल यादव ने बताया कि दोनों मृतकों के परिवार काफी गरीब हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की बैठक की गयी आयोजित
# अनाज आवंटन में गड़बड़ी से वितरण में होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की एक बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में कहा गया कि सभी 11 प्रखंडों में बहुत सारे डीलरों को अक्टूबर 2020 और नवंबर 2020 में गलत ढंग से ई पॉश मशीन पर अनाज का आवंटन चढ़ा दिया गया है। इस संबंध में कई विक्रेताओं ने प्रखंड आपूर्ति कार्यालय और अनुमंडल आपूर्ति कार्यालय में आवेदन दिया है। कई विक्रेताओं के आवंटन में सुधार के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी को पत्र भेजा जा चुका है। इसके बावजूद विभाग के द्वारा अभी तक सुधार नहीं किया गया है। इस साल जून महीने के लिए डीलरों को आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में अधिकांश लाभुक खाद्यान्न से वंचित हो जाएंगे। इसके कारण हंगामे की स्थिति बनेगी। कहा कि ऐसी स्थिति में उक्त विक्रेताओं के आवंटन में सुधार करते हुए जून महीने का आवंटन तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि खाद्यान्न वितरण का चक्र प्रभावित नहीं हो। जिले के विक्रेताओं एवं लाभुकों के हित को ध्यान में रखते हुए जिन विक्रेताओं का गलत आवंटन ई पॉश मशीन पर दिख रहा है, उसकी जांच करते हुए सुधार करने के साथ ही जून महीने का आवंटन उपलब्ध कराया जाए। कहा गया कि ई पॉश मशीन पर गलत तरीके से खाद्यान्न आवंटन जारी होने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। काफी समय पूर्व आवेदन भी दिया जा चुका है लेकिन कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में एक पत्र जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजा जा रहा है ताकि आवंटन में सुधार हो सके। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कमरू जमा, सत्येंद्र शर्मा, कामाख्या नारायण सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रवीण कुमार उर्फ भोला, सुरेंद्र कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण
# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का समय से मिलेगा लाभ : डीएम

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** टाउन इंटर स्कूल के समीप संचालित जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का निरीक्षण शनिवार को डीएम श्रीकांत शास्त्री ने किया। निरीक्षण के क्रम में केंद्र पर दी जाने वाली सेवाओं, कर्मियों की उपस्थिति और संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम योजना के लाभुकों से भी वार्ता की गई। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किए जाने वाले आवेदनों और उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। निर्धारित समय के भीतर आवेदनों का निपटारा करने के लिए कहा गया। कंप्यूटर ऑपरेटर से भी यह पूछताछ की गई। जो आवेदक पहुंचे थे, उनसे भी जानकारी ली गई तथा कर्मियों को कई निर्देश दिए गए। आवेदकों ने जानकारी दी कि यहां पर संचालित योजना का लाभ लेने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। आधार केंद्र के निरीक्षण के क्रम में सूचना पट्ट पर अंकित विवरणी के संदर्भ में भी दिशा निर्देश दिए गए। जो दर अनुमोदित की गई है, उसकी जांच करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित दर ही आवेदकों से लेंगे और किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की भी बात कही गई। डीएम ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में साफ-सफाई तथा यहां आने वाले आवेदकों के बैठने की पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा भीषण गर्मी में आने वाले आवेदकों की सुविधा का ध्यान रखने के लिए भी कहा गया। स्टूडेंट स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए जो आवेदन जमा होते हैं, उसमें निर्धारित मापदंडों के अनुरूप जांच कर लाभ दिलाने की दिशा में कार्रवाई करने के लिए कहा गया। केंद्र के कर्मियों के साथ दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में भी नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। कुशल युवा कार्यक्रम से युवाओं को जोड़ने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम बेहतर तरीके से आयोजित करने के लिए कहा गया। बताया गया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपए तक का लोन छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिया जाता है। इसमें कई नए कोर्सों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा कुछ नए शिक्षण संस्थान भी जुड़े हैं। नए कोर्सों के शामिल होने से छात्र-छात्राओं को लाभ होगा।

# डकैती के मामले में कोर्ट ने दिया चार को दोषी करार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे)-3 सुनील कुमार सिंह की अदालत ने औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-87/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अनुसंधान के दौरान नाम आए आरोपियों शनि कुमार, राहुल कुमार, मो. शाहरुख एवं मो. शाहनवाज के खिलाफ आरोप सत्य पाए जाने पर चारों अभियुक्तों को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया। एपीपी कामता प्रसाद सिंह ने बताया कि प्राथमिकी बतौर सूचक जम्होर थाना के शांतिपुर निवासी सोनू कुमार ने अज्ञात पर दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा था कि मैं अपने मौसेरे भाई प्रदीप कुमार, चाचा विकास कुमार के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग का कार्य करते हैं। एक फोन आया कि शादी विवाह वास्ते रिकार्डिंग करवाना है। 25 हजार में रिकार्डिंग कार्य तय किया गया। फोन पे से दो हजार बयाना हुआ। 02 मार्च 23 को 8 बजे रात में देव मोड़ पर फोन कर हमें बुलाया गया। हम तीनों बाइक से गए तो देव से महुआधाम जानेवाले रोड में ले जाकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक पैनासोनिक वीडियो कैमरा, दो निकोन फोटो कैमरा और दो विवो मोबाइल छीन लिया। जब चाचा विकास कुमार ने विरोध किया तो चाचा को दाएं पैर पर गोली मार दी। सूचक ने राहगीरों से पुलिस को फोन करने को कहा तो एक राहगीर ने फोन कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस को मौके पर आई और घायल को अस्पताल पहुंचाया तथा अज्ञात पर प्राथमिकी 03 मार्च 2023 को दर्ज कर तेजी से अनुसंधान कर दोषियों का पता लगाया।

# साढ़े सात लाख रूपए की लागत से बना शौचालय बेकार

निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड क्षेत्र में केताकी नहर के समीप साढ़े सात लाख रुपए की लागत से बना सार्वजनिक शौचालय बेकार पड़ा हुआ है। शौचालय तो खड़ा रहा लेकिन इसका समरसेबल मोटर और पानी टंकी सहित अन्य सामान चोरी हो गए। अब इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में इस सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। 15वीं वित्त योजना से साढ़े सात लाख रुपए की लागत से जिला परिषद गायत्री देवी के द्वारा इसका निर्माण कराया गया था। निर्माण के बाद कुछ समय तक इसका इस्तेमाल भी हुआ लेकिन बाद में यह बेकार साबित हो गया। असामाजिक तत्वों ने इसकी पानी टंकी चुरा ली वहीं जो समरसेबल मोटर लगा था, वह भी चोरी हो गया। शौचालय के कुछ अन्य सामान भी गायब हैं। पानी टंकी से जो कनेक्शन किया गया था, उसकी पाइप चुरा ली गई वहीं शौचालय से पाइप निकालकर पीछे टंकी में डाली गई थी, वह भी गायब है। कुछ लोगों का कहना है कि निर्माण के समय भी कुछ कार्य अधूरा छोड़ गया था। हालांकि चोरी से संबंधित कोई प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज नहीं हो सकी। स्थानीय अरुणजय चौरसिया, राजाराम मेहता, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, मुखिया धीरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि शौचालय पूरी तरह से बंद है। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी ने बताया कि 15वीं वित्त योजना से दो साल पहले इसका निर्माण कराया गया था। इसके संचालन के लिए ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित होने के बाद शौचालय से संबंधित चाबी धर्मेंद्र कुमार मेहता को सौंप गई थी। कुछ समय पूर्व ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शौचालय का मोटर, पानी टंकी आदि गायब है। उन्होंने बताया कि अब इसका इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है।

# उप प्रमुख की कुर्सी पर संकट, पंचायत समिति सदस्यों ने लाया अविश्वास प्रस्ताव



निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड की उप प्रमुख कौशल्या देवी की कुर्सी पर संकट आ गया है। वजह पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना है। सदस्यों ने बीडीओ कुंदन कुमार को दिए अविश्वास प्रस्ताव में उप प्रमुख पर आरोप लगाया है कि वें प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में रूचि नही लेती है। पंचायत समिति सदस्यों को सम्मान नही देती है। कार्यालय में नही बैठती है। जन समस्याओं के समाधान में रूचि नही लेती है। योजनाओं के चयन में सदस्यों की सलाह पर अमल नही करती है और उनके पुत्र द्वारा मनमानी की जाती है। वही उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के साथ ही पंचायत समिति सदस्यों में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। पक्ष-विपक्ष सदस्यों को अपने-अपने पक्ष में गोलबंद करने में लगा है। अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले पंचायत समिति सदस्यों में उमा सिंह, नित्यानंद कुमार, कौशल्या देवी, मुन्नी कुमारी, चंदन कुमार, ऋतिक रौशन कुमार, मानमति देवी, कांति देवी, प्रमिला देवी एवं किरण देवी शामिल है।

# शुरू हुआ महारूद्र यज्ञ, गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी जलयात्रा

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के आशा बिगहा गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महारूद्र यज्ञ के लिए गाजे-बाजे, हाथी, घोड़े के साथ जलयात्रा निकाली गयी। जलयात्रा मंदिर एवं यज्ञमंडप स्थल से शुरू होकर आशा बिगहा, बगड़ा बंचर सहित कई गांव का भ्रमण करते हुए कजपा कुटिया मदार एवं टेकरी नदी दोमुहान संगम नदी पहुंची। वाराणसी के यज्ञाचार्य जयराम पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराई गई। जलयात्रा में भोले शंकर-पार्वती के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। यज्ञाचार्य ने कहा कि सनातन वैदिक धर्म की जननी होने के कारण नित्य वैदिक मंत्रों से ऋषि होम करते थे। व्याघ्र भी वेदांत का सिद्धांत कहते थे परन्तु आज यज्ञादि कर्मो से विमुख होकर वास्तविक स्वरूप को भूलते जा रहे हैं। उसी स्वरूप को पूर्ववत ज्ञान कराने हेतु एवं जगत के कल्याणार्थ इस यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ समिति के संयोजक शैलेंद्र सिंह, विकेश कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम के संत श्रीराम किंकर दास के तत्वावधान में यह आयोजन हो रहा है। 11 दिवसीय आयोजित यज्ञ में भक्तों के मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन हेतु वृंदावन एवं अयोध्या की रास लीला सहित अनेक विद्वानों के प्रवचन का कार्यक्रम भी रखा गया है। साथ ही बच्चों के मनोरंजन हेतु झूला आदि भी मंगवाया गया है। इस अवसर पर पप्पू सिंह, मुकुल कुमार सिंह, सुमित कुमार छोटन, शिक्षक अरविंद सिंह, सरिता देवी, चिंता देवी, निर्मला देवी, मीरा देवी, पुष्पा देवी, मदन गोपाल सिंह, धनंजय सिंह, कर्पूरी सिंह, सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# 14 साल से फरार नक्सली औरंगाबाद पुलिस के हत्थें चढ़ा, आधा दर्जन मामलों में थी सरगर्मी से तलाश

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के गोह थाना की पुलिस ने 14 साल से फरार चल रहे एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस को करीब आधा दर्जन मामलों में उसकी सरगर्मी से तलाश थी। गिरफ्तार नक्सली रविरंजन पासवान ऊर्फ उदय उर्फ अवधेश पासवान गोह थाना के हसनपुर गांव का निवासी है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि 14 साल से फरार और कई कांडों में संलिप्त वांछित नक्सली रविरंजन पासवान ऊर्फ उदय उर्फ अवधेश पासवान अपने गांव हसनपुर आया हुआ है। इस सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर उनके नेतृत्व में पुलिस की एक स्पेशल टी गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नक्सली को उसके घर से धर दबोंचा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नकसली पर औरंगाबाद के विभिन्न थानों में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज है। इन मामलो में पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी और आखिरकार पुलिस को उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ यूएपीए, 17 सीएलए, शस्त्र अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत गोह थाना में कांड संख्या-20/10, 84/10, 04/11, उपहारा थाना में कांड संख्या-45/10 एवं रफीगंज थाना में कांड संख्या-316/20 दर्ज है। हार्डकोर नक्सली को छापेमारी कर गिफ्तार करने वाली पुलिस की स्पेशल टीम में गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान, सिपाही बमबम कुमार यादव, प्रभात कुमार, मंजुर आलम, विमलेश कुमार सिंह, रामाशीष पासवान, राकेश कुमार, चालक सिपाही विकास कुमार, चौकीदार जितेंद्र कुमार एवं महबूब अंसारी शामिल रहे।

### कॉलेज संस्थापक की मनाई गई 26 वीं पुण्यतिथि
# स्वाभिमान के धनी व्यक्ति थे मुनेश्वरनाथ बाबू : डॉ. शाही

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह के ठाकुर बीडी सिन्हा जनता महाविद्यालय, अकौना में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर कॉलेज संस्थापक शह पूर्व मंत्री ठाकुर मुनेश्वरनाथ सिंह की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शशि प्रताप शाही ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के साथ साथ आगंतुकों ने स्व. सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक के सुपुत्र संजय सिंह चौहान ने की। सर्वप्रथम प्रतिमा के अनावरण के बाद कॉलेज के सचिव नरेंद्र कुमार ने अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. शाही ने कहा कि ग्रामीण इलाके में कॉलेज की स्थापना करना कोई साधारण बात नहीं है। ठाकुर मुनेश्वरनाथ बाबू जैसे महामानव ने इस असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। उन्होंने यह भी कहा कि स्व. मुनेश्वर बाबू व्यक्तित्व के साथ स्वाभिमान के धनी व्यक्ति थे। वे शिक्षा के विकास के साथ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका पूरा जीवन सादगी भरा था। उन्होंने छात्राओं के भविष्य को सुरक्षित रखने एवं उनकी पढ़ाई के लिए महाविद्यालय की नींव 1979 में रखी थी। वहीं पूर्व मंत्री अवधेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. ठाकुर सिंह कॉलेज का स्थापना कर सभी लोगो के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नही जा सकता। वे हमेशा दूसरों की भलाई में लगे रहे। वही कार्यक्रम में आए गोह के पूर्व विधायक मनोज शर्मा, रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक सिंह, संजीव श्याम, पूर्व विप अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह ने संबोधित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अरबिंद सिंह ने अभिनंदन पत्र से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में रजनीश कुमार उर्फ झुन्ना, संदीप सिंह, कोको नारायण शर्मा, उज्ज्वल सिंह, डॉ. अमित कुमार सिंह अधिवक्ता, दीपक कुमार, प्रो. विजय सिंह, प्रो. संजय सिंह, प्रो. पप्पू, विजय कुमार अकेला, पिंटू कुमार, कुंजन सिंह, प्रो. मोहन शर्मा, सुनील शर्मा, पूर्व प्रमुख मुन्ना सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# खरीफ महाभियान 2024 की हुई कर्मशाला सह प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय में खरीफ महा अभियान-2024 की शुरूआत की गई। इस दौरान प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रौकी रावत, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष कुमार, सहायक निदेशक रसायन राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक अनूप चौबे ने सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में खरीफ महाअभियान-2024 के आयोजन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही तीव्र बीज विस्तार, बीज ग्राम योजना एवं बीज से संबंधित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई हैं। इसके साथ ही खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य एवं बीज अनुदान के बारे में जानकारी दी गई। तकनीकी सत्र के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ फसलों के उत्पादन से संबंधित जानकारी दी गई तथा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला की शुरुआत कर किसानों को बेहतर लाभ मिलने की बात बताई गई। कार्यक्रम में मोटा अनाज मड़ुआ, ज्वार, बाजरा मक्का, चिना, कोदो, सावा, कोना, धान बीज, मिट्टी जांच कृषि यांत्रिकीकरण, जाविक खाद, पौधा संरक्षण, पर वैज्ञानिनों ने किसानों को बारी बारी से जानकारी दी। इस मौके पर आत्मा के अध्यक्ष विनय कुमार, उप प्रमुख शिव कुमार विश्वकर्मा, गोह मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधन राजीव कुमार विद्यार्थी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी आशुतोष कुमार सक्सेना, कृषि समन्वयक राजेश गुप्ता, विनोद कुमार, अमरेंद्र कुमार गुप्ता, विक्रांत कुमार, विपिन कुमार पाठक, सहायक तकनीकी प्रबंधक कुंदन कुमार, विवेक कुमार, किसान नंदकिशोर मेहता, राजेंद्र वर्मा, उदय यादव, ललन पासवान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# बकरीद के पर्व को ले कासमा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के कासमा थाना में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने की। उन्होंने कहा कि समाज के लोग सहयोग करेंगे, तभी शांति व्यवस्था कायम हो सकती है। बकरीद पर्व को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में शांति एवं प्रशासनिक व्यवस्था के लिए जगह-जगह पर वाहन चेकिंग अभियान व्यापक पैमाने पर चलाया जा रहा है। कहा कि अपने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरा प्रयास आप लोग करें। कहीं भी किसी प्रकार का थोड़ा भी मामला समझ में आता है तो तुरंत हमें सूचित करें। यह पर्व मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए महान पर्व है। त्यौहार को त्योहार की तरह मनाना चाहिए। थोड़ी भी गड़बड़ी होती है तो एक वर्ष में आने वाला त्यौहार खराब हो जाता है। पर्व को लेकर प्रशासन काफी सक्रिय है। इस मौके पर चेंव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. जैनुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर हजारों का सामान उड़ा ले गए चोर

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के कंचनपुर टोला रचना पर निवासी सत्येंद्र सिंह के घर शुक्रवार की रात चोरी की घटना घटी। परिजन छत पर सोए रह गए और चोर घर से हजारों का सामान उड़ा ले गए। शनिवार की सुबह जब वे नीचे आए तो देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा है। खोजबीन के बाद बधार से टूटा हुआ बक्सा बरामद हुआ है। इस मामले में गृह स्वामी की पत्नी मुन्नी देवी ने थाने में आवेदन देते हुए कहा है कि बक्सा में रखे आभूषण व नगद रुपए चोर ले गए।

# मोटा अनाज उपजाने के लिए आगे आए किसान, होगी सहायता

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय में कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल अभियान 2024 का आयोजन किया गया। गोह के बीएओ अजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रॉकी रावत, आत्मा अध्यक्ष विनय कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि शिव विश्वकर्मा, कृषि वैज्ञानिक अनूप चौबे सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जला कर इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मोटा अनाज उपजाने के लिए किसानों को सलाह दी गई। इसमें मटुआ, ज्वार, बजारा, मक्का, चिना, कोदो, सवा, कोना प्रमुख फसल के बारे में जानकारी दी गई। पदाधिकारियों ने बताया कि मोटा अनाज उपजाने के लिए सरकार किसानों को प्रेरित कर रही है। कम पानी एवं कम लागत से मोटे अनाज को उपजा सकते हैं। साथ ही इसके फायदे एवं मुनाफे के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न किस्म के धान के बारे में जानकारी दी गई। समय पर धान का बिचड़ा खेतों में डालने, उसकी रोपाई, जैविक खाद, पौधा संरक्षण पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे, डॉ.आशुतोष कुमार ने जानकारी दी। इस मौके पर सहायक निदेशक, रसायन राजीव कुमार, गोह के मुखिया प्रतिनिधि राजू वर्मा, विक्रांत कुमार, बिपिन कुमार पाठक, तकनीकी प्रबंधक कुंदन कुमार, उदय यादव, ललन पासवान, अमरेंद्र कुमार, दिवाकर कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एक साल के भीतर ही उखड़ने लगी सड़क, आक्रोश

निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड के बालूगंज बस स्टैंड से एक किलो मीटर की दूरी में कौड़ियारी गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क का निर्माण हुआ, लेकिन एक वर्ष के भीतर ही कई जगहों पर सड़क उखड़ने लगी है। इस सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों ने लगाया है। कहा कि सड़क में हुई पीसीसी ढलाई से गिट्टी उखड़ने के साथ ही एक दो स्थानों में सड़क फट भी गई है। ग्रामीण प्रिंस कुमार, नीरज कुशवाहा आदि का आरोप है कि संवेदक द्वारा गुणवंता को नजर अंदाज कर सड़क का निर्माण कार्य किया गया, जिसकी वजह से सड़क उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता से करते हुए सड़क में फटे हुए स्थान को संवेदक से पुनः बनवाने की मांग की है।